आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 19°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

**नोटिस देकर निस्तारण:** सीएम की 'जीरो टॉलरेंस' पर भारी नगर...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 28 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 77 www.janexpresslive.com/epaper



तमिलनाडु में द्रविड़ मॉडल की गूंज... 12

# यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा

## चंडीगढ़ में विजिबिलिटी जीरो, एमपी के 31 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे, जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग का तापमान -5.8 रहा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हिमालय में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा छाया है। इसके चलते 10 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश के 31 शहरों पारा 5 डिग्री से 8 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी के 68 जिलों शीतलहर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कोहरा इतना घना होगा कि विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज और सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। कोहरे के कारण ट्रेनें लेट चल रही हैं। कई एयरलाइन्स ने फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। बिहार में 30 दिसंबर तक कक्षा 8 तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। हिमालयी राज्यों की बात करें तो उत्तराखंड के 6 जिलों में भी यलो अलर्ट जारी किया गया है। 30-31 दिसंबर को उत्तरकाशी और चमोली में बर्फबारी के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में 30 दिसंबर के बाद बर्फबारी हो सकती है। न्यू ईयर से पहले वहां वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के चलते चेतावनी जारी की गई है। वहीं ऊना में 31 जनवरी तक स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से कर दिया गया है।



### चंडीगढ़ एयरपोर्ट से एक फ्लाइट कैंसिल, कई लेट

कोहरे का असर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर आने और जाने वाली फ्लाइट में पड़ा है। 5:55 पर पुणे से आने वाली फ्लाइट लेट हुई। इसके अलावा 7:15 पर जयपुर से आने वाली फ्लाइट को जयपुर की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। 7:30 पर बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट को जयपुर की तरफ डायवर्ट किया गया है। 7:45 पर अबू धाबी से आने वाली फ्लाइट देरी हुई है। इसी तरह चंडीगढ़ से सुबह 5:45 पर दिल्ली जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हुई है, जबकि 5:55 पर लखनऊ जाने वाली 7:25 पर रवाना हुई है। 9:00 बजे तक जाने वाली सभी फ्लाइट देरी से रवाना हो रही है। वहीं, इंडिगो एयरलाइंस ने शनिवार को ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर बताया कि अमृतसर, चंडीगढ़ और रांची हवाईअड्डों पर विजिबिलिटी में लगातार कमी से कई उड़ानें देरी से चल रही हैं। यात्रियों से धैर्य रखने की अपील की गई है।

### 28 दिसंबर: ठंडी हवाएं बढ़ाएंगी सर्दी, रातें ज्यादा सर्द

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में कोहरे के साथ उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं चल सकती हैं। कोल्ड-डे जैसी स्थिति रहेगी। कोल्ड डे एक मौसम संबंधी स्थिति है जब किसी स्थान का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम हो, और दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री से 6.4 डिग्री तक कम हो जाता है, जिससे बहुत ज्यादा ठंड महसूस होती है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तेज हो सकती है, जबकि निचले इलाकों में बारिश के आसार हैं।




### कहां हादसे हुए

**बुलंदशहर:** बुलंदशहर के खुर्जा बाईपास पर घने कोहरे के चलते 10 से 20 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसा कैलाश हॉस्पिटल के सामने हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ में आग लग गई। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**प्रयागराज:** कौंधियारा में स्टेट हाईवे 30 पर कोहरे के चलते तीन वाहन टकरा गए। इससे हाईवे पर जाम लग गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक और कंटेनर सड़क के बीचो-बीच फंस गए।

**प्रतापगढ़:** रोडवेज बस रायगढ़ चैन का पुरवा गांव के पास नहर में पलट गई। बस प्रयागराज से आ रही थी। हादसे में चालक समेत छह यात्री घायल हो गए।

**श्रावस्ती:** इकौना बौद्ध परिपथ नेशनल हाईवे पर दो प्राइवेट बसों में टक्कर हो गई। हादसे में बस चालक घायल हो गया, जबकि 10 लोग जख्मी हुए। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**मऊ:** मोहम्मदाबाद गोहना में दो ट्रक आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। दो जेसीबी मशीनों की मदद से ट्रकों को सड़क से हटाया गया।



### कोहरे का रेड अलर्ट, हाईवे पर 20 गाड़ियां टकराईं

यूपी में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का कहर जारी है। सर्द हवाएं चल रही हैं। गोरखपुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा समेत 30 जिलों में कोहरा छाया है। कई जगह विजिबिलिटी शून्य रह गई। बुलंदशहर में कोहरे की वजह से एक के बाद एक 20 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ऐसे ही प्रयागराज, प्रतापगढ़ और श्रावस्ती में भीषण सड़क हादसों में 10 लोग घायल हो गए। इस बीच मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भयंकर ठंड की चेतावनी जारी की है। अयोध्या-सीतापुर समेत 23 जिलों में सीजन में पहली बार रेड अलर्ट है। लखनऊ-कानपुर समेत 31 जिलों में ऑरेंज और प्रयागराज समेत 14 जिलों में यलो अलर्ट है। धूप निकलने के चांस कम हैं। लोगों को बेवजह यात्रा करने से बचे, बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखने की सलाह दी गई है। शुक्रवार की बात करें तो प्रदेश में शिमला 7.5 डिग्री, नैनीताल 8 डिग्री और जम्मू 7.1 डिग्री से भी ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। इटावा का तापमान 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। इटावा के बाद सोनभद्र और बाराबंकी 7 डिग्री के साथ दूसरे नंबर पर रहा। 7.1 डिग्री के साथ आगरा तीसरा और 7.2 डिग्री के साथ फतेहपुर चौथा सबसे ठंडा जिला रहा। प्रयागराज, देवरिया समेत तमाम रेलवे स्टेशनों पर 100 से ज्यादा ट्रेनें दो से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और अयोध्या समेत कई एयरपोर्ट्स से 26 फ्लाइट्स कैंसिल रहीं, जबकि 20 से ज्यादा उड़ानें देरी से रवाना हुईं।

### ठंड की वजह से पांच लोगों की मौत

वहीं, फर्रुखाबाद में 52 साल के किसान हरनाथ सिंह की मौत हो गई। वे कादरी गेट थाना क्षेत्र के नगला कलार गांव के रहने वाले थे। फसल की सिंचाई के दौरान ठंड लगने से बेहोश हो गए। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रदेश में बीते एक हफ्ते में ठंड की वजह से पांच लोगों की मौत हो चुकी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-उत्तर प्रदेश में अगले चार दिनों तक ठंड और कोहरे का असर ज्यादा रहने वाला है। आज से यूपी में भीषण ठंड पड़ेगी।




# योगी बोले पुलिस की इमेज में हुआ है बड़ा बदलाव

## अपराधियों के मन में बैठा भय, आम लोगों को मिली राहत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की कानून-व्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी। आठ साल के भीतर यूपी पुलिस ने कानून-व्यवस्था में सुधार ने पुलिसिंग की छवि बदली है। यूपी का 'रूल ऑफ लॉ' का मजबूत उदाहरण बन चुका है। इससे अपराधियों में भय के साथ ही जनता में विश्वास बढ़ा है। सीएम ने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि यूपी पुलिस के कार्यों की सराहना न सिर्फ देश में हो रही है बल्कि विदेशों में भी हो रही है, लेकिन सराहना के साथ काम का असर धरातल पर दिखे तभी इसे अपनी उपलब्धि समझना चाहिए। पुलिस मुख्यालय में शनिवार को आयोजित दो दिवसीय 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 में अध्यक्षता कर रहे सीएम ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब लोगों के मन में असुरक्षा का भाव था। वह अपराधियों के दहशत में रहते थे। पुलिस प्रशिक्षण भी कमजोर था लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से कानून-व्यवस्था का राज स्थापित हुआ।

### सात जिलों में कमिश्नरेट लागू किया, हर जिले में बने साइबर थाने

सीएम ने कहा कि कानून-व्यवस्था बेहतर करने के लिए प्रदेश के सात जिलों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली को लागू किया गया। वहीं जहां प्रदेश में पहले सिर्फ दो साइबर थाने हुआ करते थे आज प्रत्येक जिले में साइबर थाना है। हर थाने में एक साइबर हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। अगर फोरेंसिक लैब की बात करें तो वर्तमान में 12 अत्याधुनिक लैब तैयार हो चुकी हैं। छह नई लैब का काम जारी है। यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस ने अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में पहचान बनाई है।

पुलिसिंग व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार किए गए हैं। साढ़े आठ साल में 2.19 लाख भर्तियां की गईं। वर्तमान में 60,244 पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग चल रही है। सीएम ने बीट पुलिसिंग पर जोर दिया। इस मौके पर सीएम ने 'यक्ष' ऐप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजीपी राजीव कृष्णा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### रायगढ़ में भीड़ ने महिला थाना प्रभारी को पीटा, वाहनों में लगाई आग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायगढ़**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र के ग्रामीणों और पुलिस के बीच भारी तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान गांव के ग्रामीणों ने पथराव करते हुए न केवल महिला थाना प्रभारी की पिटाई कर दी बल्कि कुछ वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद से पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। तमनार क्षेत्र के 14 गांव के ग्रामीण पिछले दिनों जिंदल कंपनी के गारे पेलमा कोल ब्लाक के लिये हुई जनसुनवाई को फर्जी बताकर लिबरा गांव में स्थित सीएचपी चौक में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिससे जिंदल कंपनी में भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई थी। शनिवार की दोपहर भारी संख्या में पुलिस बल सीएचपी चैक पहुंची और आंदोलन कर रहे कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान गाडियों का परिचालन शुरू होते ही तमनार क्षेत्र के ग्राम खुषरूलेंगा गांव में भारी वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार एक ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया।

## दिल्ली के भूजल में जहर: पानी पीने से कैंसर का खतरा, बच्चों को हो सकता है 'ब्लू बेबी' सिंड्रोम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी के भूजल में नाइट्रेट, फ्लोराइड, खारापन (सलिनिटी), क्लोराइड, आयरन, आर्सेनिक और यूरेनियम जैसे हानिकारक तत्व तय सीमा से ज्यादा हैं। यह खुलासा केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी ताजा रिपोर्ट में हुआ है। इसने दिल्ली में भूजल की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### किडनी, दांत व हड्डियां को कर रहा कमजोर

'एनुअल ग्राउंड वॉटर क्वालिटी रिपोर्ट 2024' के अनुसार, यह दूषित पानी पीने वालों के लिए स्वास्थ्य के लिए खतरा है और इससे उच्च रक्तचाप, किडनी की बीमारियां, दांत व हड्डियों की कमजोरी और बच्चों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, खेती पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है क्योंकि मिट्टी में अधिक सोडियम और अन्य तत्व फसल की पैदावार को प्रभावित कर रहे हैं। रिपोर्ट में सीजीडब्ल्यूबी ने




सुझाव दिया है कि वर्षा जल संचयन, सुरक्षित वैकल्पिक पानी स्रोत और खाद प्रबंधन जैसी सावधानियां तुरंत अपनाई जाएं। मामला एक मीड़िया रिपोर्ट पर आधारित है। एनजीटी ने खुद से इस पर कार्रवाई शुरू की और सीजीडब्ल्यूबी से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में 2023 के पूर्व-मानसून (मई) में लिए गए सैंपलों का विश्लेषण किया गया है। दिल्ली में 103 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें कई जिलों में समस्या पाई गई।

### नाइट्रेट और क्लोराइड तय सीमा से ज्यादा

रिपोर्ट के अनुसार, 20.39 फीसदी सैंपलों में नाइट्रेट तय सीमा से ज्यादा पाया गया है। प्रभावित जिले नई दिल्ली, उत्तर, उत्तर-पश्चिम, दक्षिण, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम हैं। मानसून से पहले चार जगहों पर यह समस्या थी, जो बाद में बढ़कर छह जगहों पर पहुंच गई। नाइट्रेट मुख्य रूप से खाद और प्रदूषण के कारण पानी में आता है।

### यूपी के ये इलाके विशेष प्रभावित

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में शामिल है और 23.30 फीसदी सैंपलों में नमक की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई है। विशेष रूप से उत्तर, उत्तर-पश्चिम, शाहदरा, दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम जिले प्रभावित हैं। मानसून से पहले और बाद की तुलना में स्थिति और बिगड़ी है, क्योंकि 24 सैंपलों में से 11 जगहों पर पहले समस्या थी, जो बढ़कर 13 स्थानों पर पहुंच गई। ज्यादा नमक वाला पानी पीने से उच्च रक्तचाप और किडनी की समस्या हो सकती है, वहीं खेती पर भी इसका बुरा असर पड़ता है और फसलें खराब हो सकती हैं।




# पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 167 करोड़ रुपये किए मंजूर, विकास को लगेंगे पंख

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सड़कों के सुधार एवं पुनर्निर्माण, स्कूल भवनों, हरिद्वार गंगा कारीडोर परियोजना, मार्गों, घाटों और पुलों व हेलीपोर्ट निर्माण, मंदिरों के सौंदर्यीकरण सहित कई विकास योजनाओं के लिए कुल 167 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की। मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं के लिए धनराशि मंजूर की, उनमें कोटद्वार के दुगड्डा में मेरठ-पौड़ी मार्ग से लालपुर-कलालघाटी-नयावाद पुराना कोटद्वार हरिद्वार मार्ग का सुधार (1.28 करोड़), चंपावत जिले में खेतीखान-मिलान मार्ग का डामरीकरण (3.20 करोड़), नैनीताल के बेतालघाट और कोटाबाग में नानिया विनायक से बिडारी पोखराधार तक मार्ग का पुनर्निर्माण (4 करोड़), मसूरी रोपवे के



लोअर टर्मिनल तक मुख्य सड़क का डेढ़ लेन में उच्चीकरण (13.39 लाख), लोहाघाट के कामाज्यूला-भनार रैघाड़ी मार्ग का पुनर्निर्माण एवं सुधार (7 करोड़) और गंगोलीहाट में पोखरी-चण्डिकाघाट मार्ग निर्माण (5.38 करोड़), हरिद्वार गंगा कारीडोर परियोजना के अंतर्गत हर की पैड़ी पुनरुद्धार योजना में मालवीय द्वीप, सुभाष घाट, कांगड़ा घाट और रोडी बेलवाला घाट का निर्माण एवं पुल निर्माण (70 करोड़), हर की पैड़ी के उत्तरी क्षेत्र के विकास के लिए (69.34 करोड़) की मंजूरी दी गई। शिक्षा एवं सामुदायिक भवनों के लिए अगस्त्यमुनि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आडिटोरियम निर्माण ( 5.19 करोड़) और हल्द्वानी में राज्य विधिक परिषद भवन निर्माण के लिए (एक करोड़) की स्वीकृति प्रदान की गई। धार्मिक और पर्यटन विकास के तहत पिथौरागढ़ में मां नंदादेवी मंदिर के सौंदर्यीकरण (40.56 लाख), अश्व मार्ग निर्माण (40.14 लाख) और लोहाघाट मार्ग से महाविद्यालय तक इंटरलाकिंग टाइल्स (33.78 लाख) का अनुमोदन किया गया। पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन में हैलीपोर्ट निर्माण प्रथम चरण के लिए 10.66 लाख और खटीमा में गौशाला के लिए 4.23 करोड़ स्वीकृत किए गए। इन सभी योजनाओं के स्वीकृति संबंधी शासनादेश जारी कर दिए गए हैं।

### विकास को गति मिलेगी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए 167 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसमें सड़कों के सुधार, स्कूल भवनों के निर्माण, हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना, घाटों व पुलों के विकास, हेलीपोर्ट निर्माण और मंदिरों के सौंदर्यीकरण जैसी योजनाएं शामिल हैं। यह धनराशि राज्य के कई जिलों में बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी, जिससे विकास को गति मिलेगी।

# डीएम ने सुनी हस्तशिल्पियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में उत्पादों का निर्माण करने वाले हस्तशिल्पियों के साथ कलेक्टरेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने हस्तशिल्पियों का परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों एवं समस्याओं की जानकरी ली। हस्तशिल्पियों ने बताया कि वर्तमान में उनके उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है।

इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न समारोहों एवं शासकीय कार्यक्रमों में एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत निर्मित वस्तुओं को ही उपहार स्वरूप प्रदान किया जा रहा है, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। हस्तशिल्पियों ने खिलौना निर्माण के लिए लकड़ी की उपलब्धता में आ रही समस्या से अवगत कराया। इस पर डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी को पत्र प्रेषित कर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। कहा कि ओडीओपी योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निर्देश दिए कि साडा से समन्वय स्थापित करते हुए रामघाट में निर्माणाधीन सरकारी दुकानों में ओडीओपी उत्पादों के लिए स्थान आवंटित कराएं। साथ ही ओडीओपी उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए साडा के माध्यम से जनपद के सभी होटलों में एक जनपद एक उत्पाद से संबंधित एक विशेष विंडो अनिवार्य रूप से स्थापित कराने के निर्देश दिए तथा मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर भी ओडीओपी से संबंधित एक दुकान स्थापित करने के निर्देश दिए गए। हस्तशिल्पियों द्वारा बैंकों में ऋण स्वीकृति में आ रही समस्याओं की जानकारी दी। जिस पर डीएम ने संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। हस्तशिल्पियों को निर्देशित किया कि ओडीओपी के अंतर्गत निर्मित खिलौनों एवं अन्य उत्पादों में आकर्षक डिजाइनिंग एवं उच्च गुणवत्ता की पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि बच्चों को आकर्षित करने वाले खिलौनों के साथ-साथ गृह सजावट (डेकोरेशन) से संबंधित वस्तुओं का भी निर्माण किया जाए। डीएम ने सभी हस्तशिल्पियों को जैम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराने को कहा ताकि ऑनलाइन माध्यम से उत्पादों की बिक्री एवं मांग में और अधिक वृद्धि हो सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल, उपायुक्त उद्योग एस.के. केशरवानी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में मिले सीआईसी के पुराने यार, तो यादगार बन गई शाम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



हाईस्कूल और इण्टर की पढ़ाई के दौरान दोस्ती की डोर में बंधे युवा लंबे अरसे बाद जब मिले, तो पुरानी चर्चाओं के बीच इस कदर भावनाओं में बहे कि घंटों गुजर जाने के बाद भी समय का पता नहीं चला। संकल्प लिया गया कि अगली बार यह सामूहिक मिलन वृहद रूप से धर्मनगरी चित्रकूट में होगा।

मौका था चित्रकूट इण्टर कॉलेज के पुरा छात्रों और हाईस्कूल-इण्टर के 1990-94 बैच के दोस्तों की गाजियाबाद में हुई मुलातात का। जिसमें पूर्व छात्रों ने कॉलिज के गौरवशाली इतिहास और उस समय के शिक्षकों के समर्पण को भावुकता के साथ याद किया। किसी ने गीत सुनाया, तो किसी ने पुरानी घटना और किसी ने छात्र जीवन की शरारतों को याद दिलाकर 25 वर्ष पुरानी यादों को ताजा कर दिया। पुराने दोस्त ख्यालों में खोए रहे। इसके चलते यह सम्मेलन पुराने साथियों के मिलन और साझा यादों को ताजा करने का एक सुंदर अवसर बना। पूर्व छात्रों ने कॉलेज के उन दिनों को याद करते हुए शिक्षकों की मेहनत, अनुशासन और मार्गदर्शन की सराहना की, जिसने उनके जीवन को सफलता की राह पर आगे बढ़ाया। पूर्व छात्रों ने कॉलिज की विरासत को संजोए रखने और भविष्य में ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया। यह सम्मेलन न केवल पुरानी यादों को जीवंत करने वाला रहा, बल्कि आपसी बंधन को और मजबूत करने वाला भी साबित हुआ। समारोह में कविता, गीत- संगीत की भी मनोहारी प्रस्तुति की गयी। इस कार्यक्रम की रूप रेखा बनाने वाले चित्रकूट के सकरौंहा गांव के निवासी और वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर के एआरटीओ डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने कहा कि अगली बार सभी साथी धर्मनगरी चित्रकूट में एकत्रित होंगे। यहां चित्रकूट इण्टर कॉलेज जाकर सामूहिक मिलन कार्यक्रम भी किया जाएगा। जिस पर सभी साथियों ने अपनी सहमति की मुहर लगा दी।

इस मौके पर अपर जिला सहकारी अधिकारी अखिलेश शुक्ला, डिविजनल इंजीनियर टेलीकॉम-एमटीएनएल, दिल्ली विवेक मिश्रा, योगेश सविता ल्यूसिड मोटर्स (टेक्निकल स्पेशलिस्ट) डेट्रॉइट अमेरिका, अभिषेक अग्रहरि डायरेक्टर वाइटल एज फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (शेयर मार्केट ब्रोकर) एएएस वेलनेस सोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली एन सी आर ( स्वास्थ उत्पादों के सोर्सिंग एजेंट उत्तरी अमेरिका और कनाडा क्षेत्र के लिए), ऋषभ कुमार अग्रवाल वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज आदि मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने जाना कृषि योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का हाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला मुख्यालय स्थित में कृषि भवन सभागार में शनिवार को चित्रकूट के नोडल अधिकारी एवं अपर कृषि निदेशक अनिल कुमार पाठक ने बैठक कर सभी कृषि योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। साथ ही विभाग से सम्बन्धित केन्द्रों व योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में नोडल अधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार में रबी में वितरित प्रमाणित बीजों का समायोजन दो दिन के अंदर करना सुनिश्चित करें, इसमें लापरवाही बरतने वाले कार्मिक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उर्वरक वितरण की प्रगति में कहा कि किसानों को संस्तुत मात्रा में उर्वरक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। उर्वरक निरीक्षकों को क्षेत्र में टैगिंग, ओवर रेटिंग या कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कहा कि कृषकों को विभाग की योजनाओं की जानकारी दें ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें।

बताया कि वर्तमान में जायद सीजन के लिए उडद तथा मूंग के निःशुल्क मिनीकिट की बुकिंग कृषि विभाग के पोर्टल से की जा रही है। किसान पोर्टल पर जाकर बुकिंग कर लें ताकि उनको बीज भंडार से बीज मिल सके। जिला कृषि अधिकारी चित्रकूट राज पति शुक्ल ने बताया कि वर्तमान में रबी फसलों के बीज वितरण के उपरांत कृषक अंश का मूल्य वर्चुअल खाते में जमा किया जा चुका है तथा कोई भी धनराशि अवशेष नहीं है। समायोजन की प्रक्रिया अभी की जा रही है जो दो दिन में पूरी कर ली जाएगी।

उप कृषि निदेशक राज कुमार ने प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, दलहन आत्म निर्भर योजना आदि का विवरण प्रस्तुत किया। जिस पर अपर निदेशक ने कहा कि सभी योजनाओं की वित्तीय प्रगति आगामी सप्ताह तक बढ़ाएं। कहा कि कृषि विभाग से सम्बन्धित सभी केन्द्रों में विभागीय अधिकारी समय से उपस्थित रहते हुए कृषकों की समस्याओं का निस्तारण करें।

# भाजपा ने शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया

जन एक्सप्रेस । बांदा

भारतीय जनता पार्टी ने शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाते हुए सिंधी गुरुद्वारे में आयोजित शबद पाठ व कीर्तन में भाग लेकर बलिदानी अमर शहीदों की गाथा को सुना। देश व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों जोरावर सिंह व फ़तेह सिंह की स्मृति में आयोजित वीर बाल दिवस पर भाजपा कार्यालय पीली कोठी से सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में एक पद यात्रा निकाली गई। जोकि पीली कोठी चौराहा स्थित सिख गुरुद्वारे में समाप्त हुई जहाँ मूर्तियों स्थापित मूर्तियों में फूलमाला व चादर चढ़ाकर आयोजित शबद पाठ व कीर्तन व आरती में भाग लिया तथा उनकी बलिदान गाथा को सुना। इस अवसर पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह ने अपने त्याग और बलिदान से स्वदेश व स्वधर्म के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए स जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान अपने व अपने परिवार के लिए नहीं था वल्कि वह देश व धर्म के लिए था स उनका इतिहास प्रेरणादायी है। यह बीर बाल दिवस सिखों के दशवें गुरु गोविन्द सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह व फ़तेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने का है जिन्होंने बहुत ही कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों द्वारा इस्लाम न कबूलने पर. उन्हें डरा धमकाकर जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया स जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि सिख गुरुओं की त्याग, बलिदान व शहादत की परम्परा रही है गुरु गोबिंद सिंह का पूरा परिवार राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हुआ जो हमारे राष्ट्र, समाज व युवा पीढ़ी को प्रेरणा देता है कार्यक्रम में जगराम सिंह, ममता मिश्रा, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, संतू गुप्ता, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, अमित सेठ भोलू, लखन राजपूत, नीरज त्रिपाठी, चंद्रभूषण सोनी, दिनेश शुक्ला, धीरेन्द्र सिंह धीरू आदि शामिल रहे।

# अधिशाषी अधिकारी ने रैन बसेरों सहित शहर में जल रहे अलावों का किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बांदा

नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी श्रीचंद चौधरी ने अचानक कल देर रात्रि शहर के रोडवेज मे बने रैन बसेरा व जवाहर नगर के पास हरदौली में बने शेल्टर होम और शहर में जल रहे अलाव की व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के बेघरों एवं निराश्रित लोगों के लिए निःशुल्क आश्रय गृह की व्यवस्था देखी। और मौके पर रजिस्टर देखते हुए वहां पर मौजूद व्यवस्थापकों व कर्मचारियों से पूछताछ करते हुए उनको निर्देशित करते हुए कहा किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए सभी को एक नजरिए से देखते हुए सभी निराश्रित लोगों को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी ने मौके से रह रहे वहां के स्थानीय लोगों से व्यवस्था के बारे में पूछताछ की जिस पर उन्होंने बताया कि यहां की सारी व्यवस्था बहुत अच्छी लगी।

अधिशासी अधिकारी श्रीचंद्र ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के बेघरों एवं निराश्रित लोगों के लिए निःशुल्क आश्रय गृह की व्यवस्था की गई है। यह आश्रय गृह जवाहर नगर के पास, हरदौली जनपद (उ.प्र.) में संचालित किया जा रहा है, जहां जरूरतमंदों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। इस आश्रय गृह में रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, अस्पतालों, पूजा स्थलों, सड़कों की पटरी, फुटपाथों, पार्कों, निर्माण स्थलों, पुलों, दुकानों के चबूतरों एवं ह्यूज पाइपों में रहने वाले निराश्रित लोगों को निःशुल्क ठहरने की सुविधा दी जा रही है।

## वीर बाल दिवस पर बी.बी.एस.बी.एम. इण्टर कॉलेज में किया गया बाल मेले का आयोजन

**चित्रकूट।** वीर बाल दिवस के अवसर पर बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में गुरु गोविन्द सिंह के वीर सपूतों साहिबजादे फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह के बलिदान दिवस की स्मृति में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकांत उपाध्याय, प्रबन्धक श्यामसुंदर मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि द्वारा संयुक्त रूप से मां वागेश्वरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही वीर बालकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। साथ ही विज्ञान-गणित प्रदर्शनी एवं बाल मेले का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि वीर बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों में साहस, आत्मविश्वास, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए बताया कि कम आयु में भी असाधारण साहस और बलिदान से इतिहास रचने वाले बालक आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मेला व्यवस्था प्रमुख रवि ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री राम मनोहर, प्रान्त संगठन मंत्री रजनीश, जिला प्रचारक लोकेन्द्र, नगर कार्यवाह विजय किशोर, नगर प्रचारक रमाकान्त, विभाग सह सम्पर्क प्रमुख डॉ जगन्नाथ, सर्व व्यवस्था प्रमुख शिवनायक, प्रशान्त कुमार द्विवेदी, प्रमोद पाण्डेय, प्रदीप, हर्ष, सुशील, शिवप्रकाश पाण्डेय, सुधाकर, रावेन्द्र, वासुदेव, धीरेन्द्र, ज्योति, आराधना, रागनी, मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# अधिशासी अभियंता ने किया ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत शनिवार को अधिशासी अभियंता आशीष कुमार भारती ने सकरौली, खैरी, ओरा और पिलखनी गांवों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गांवों में रोड रेस्टोरेशन, ओवरहेड टैंक निर्माण और नियमित जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जूनियर इंजीनियर जय नारायण तिवारी ने बताया कि चारों गांवों में कुल 5080 मीटर के सापेक्ष 3707 मीटर रोड रेस्टोरेशन का कार्य फर्म एलएनटी द्वारा पूरा कर लिया गया है। शेष कार्यों को पूरा करने के लिए टीम न लगाने पर अधिशासी अभियंता ने फर्म एलएंडटी के कंस्ट्रक्शन मैनेजर विपिन पांडेय को कड़ी फटकार लगाई और 15 दिनों के भीतर रोड रेस्टोरेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिए।

कार्य पूरा न होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसी प्रकार जल संयोजनों की जांच में पाया कि गृह जल संयोजनों में सीसी ग्राउटिंग का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है, जिससे कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कई गृह जल संयोजनों में जी-स्टैंड और टोटी न लगाए जाने पर एलएंडटी के कंस्ट्रक्शन मैनेजर विपिन पांडेय को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि 15 दिनों में हाउस कनेक्शन के कार्य पूरे करके रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने नियमित जलापूर्ति की जांच के दौरान पाया कि चारों गांवों में पाइपलाइन टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य अभी भी अधूरा है, जिसके कारण गांवों में नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। इस लापरवाही के लिए जूनियर इंजीनियर जय नारायण तिवारी, एलएंडटी के कंस्ट्रक्शन मैनेजर विपिन पांडेय और राजीव रंजन को कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिया पाइपलाइन टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य तत्काल पूरा करते हुए ओवरहेड टैंक के माध्यम से चारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

# कांग्रेसियों ने बड़े ही जोश खरोश के साथ मनाई पण्डित मदन मोहन मालवीय की जयंती

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



मौदहा तहसील मुख्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तालीम का दिया जलाने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाकर उनके कामों की तारीफ करते हुये उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सहित पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशानुसार कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहमद हसन के नेतृत्व में बड़ी तादाद में कांग्रेसियों ने शिक्षा की अलख जगाने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान पंडित मदन मोहन मालवीय ने शिक्षा के क्षेत्र में किये गये अभूतपूर्व योगदान को याद करते हुए नगर अध्यक्ष ने कहा कि मदन मोहन मालवीय ने मुल्क में गरीब बच्चों को शिक्षा की ओर जिस तरह से आगे किया वो काबिले तारीफ है। वहीं यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने शिक्षा के प्रति अपनी पूरी जिंदगी सौंपकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को अपने खून पसीने से सींचकर काशी को एक नई पहचान देने का काम किया है। इस मौके पर जावेद भाई, तकी अहमद,गंगु बौस, शाहिद, मेवालाल, केशव प्रसाद सहित बड़ी तादाद में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 13 वर्ष से फरार एक लाख का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियत्रण लगाये जाने तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में 13 साल से अधिक वर्षों से पुलिस अभिरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर राइफल लूटकर फरार होने वाले एक लाख के इनामिया अभियुक्त को जनपद की एसओजी व थाना मटौंध की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब हो दिनांक 26दिसम्बर थाना मटौंध पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम भूरागढ़ बाईपास थाना मटौंध क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग में मामूर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति तमंचा लिए सोना खदान के पास बैठकर शराब पी रहा है।सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी कर पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया।

अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम संदीप पुत्र शिव अवतार उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम खोह थाना कोतवाली कर्वी बताया।जो दिनांक 08.08.2012 को न्यायालय कर्वी से पेशी के उपरान्त मण्डल कारागार ले जाते समय पुलिस अभिरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर राइफल लूटकर फरार हो गया था।

जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 180/12 धारा 222/223/224/225/392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त पिछले 13 साल से अधिक वर्षों से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जिसे दिनांक 26दिसम्बर को थाना मटौंध पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा सोना खदान भूरागढ़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी-संदीप पुत्र शिवऔतार निवासी खोह थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट।

बरामद-01 अवैध तमंचा 315 बोर,02 जिन्दा कारतूस 315 बोर,02 खोखा कारतूस 315 बोर,1140 रु/ नगद।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-संदीप कुमार थानाध्यक्ष मटौंध, आनन्द सिंह प्रभारी एसओजी, चौकी प्रभारी भूरागढ़ दारा सिंह,हेड कांस्टेबल अश्वनी प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबल आशीष कुमार शर्मा, कांस्टेबल अमित त्रिपाठी, कांस्टेबल प्रतीक सिंह, कांस्टेबल खेमराज चक, कांस्टेबल आशु सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने शातिर चोर को अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा घर में चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है ।गौरतलब हो कि 26/27 दिसंबर को रात्रि को थाना तिन्दवारी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति संदिग्ध रुप से बेन्दाघाट से जौहरपुर की तरफ जा रहा है ।सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़कर नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस व 5320 रुपए बरामद हुए ।कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि बीते माह जून में ग्राम परसौड़ा में एक व्यक्ति के घर से आभूषण व नकदी चोरी किया था उसी में से ये बचे हुए 5320 रुपए है।

# रोस्टर के अनुसार ही विद्युत आपूर्ति हो : प्रभारी मंत्री

जन एक्सप्रेस । बांदा

शनिवार को प्रभारी मंत्री जनपद एवं औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन उत्तर प्रदेश सरकार नंद गोपाल नंदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक में नंद गोपाल नंदी ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए विद्युत के खराब ट्रांसफार्मर को समय से बदले जाने तथा राजकीय नलकूपों का विद्युतीकरण का कार्य अति शीघ्र कराया जाने एवं रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति तथा विद्युत बिल में सुधार किये जाने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं फसल बीमा योजना की समीक्षा में संतोषजनक प्रगति प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के अवशेष निर्माण को शीघ्र कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने 102 एवं 108 एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम में सुधार किए जाने तथा जल जीवन मिशन की सड़कों की मरम्मत कराए जाने तथा गांव में जलापूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए सउन्होंने निर्माण अधीन परियोजना को शीघ्र पूर्ण किए जाने तथा गौआश्रय स्थलों में क्षमता से अधिक गोवंश नहीं रखे जाएं गोवंश का चिकित्सीय उपचार एवं टीकाकरण समय से कराए जाने एवं ठंड से बचाव के उपाय कर जाने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए, उन्होंने निराश्रित पेंशन एवं अल्पसंख्यक कल्याण की पेंशन तथा पिछड़ा वर्ग के पेंशन के पात्र लाभार्थियों के हेतु कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए।

# खेलकूद से तन्दुरुस्त जिस्म के साथ ही आपसी तालमेल को बढ़ावा मिलता है

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



राठ क्षेत्र में कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की खेल प्रतिभा को पहचान कर उन्हें एक बड़ा मंच देने के मकसद से आयोजित खेल महोत्सव का भव्य आयोजन पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में हमीरपुर सहित आसपास के तीन जिलों से आए 600 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने पूरी खुशी और जोश के साथ हिस्सा लिया।

दिनभर चली खेल प्रतियोगिताओं में दौड़ के अलावा कबड्डी के मुकाबले खास रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि तहसीलदार दिलीप कुमार और नायब तहसीलदार सुभाष वर्मा ने की। इस मौके पर स्कूल के उप-प्रधानाचार्य डॉ. आर.बी. राजपूत सहित विद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी महेंद्र यादव भी महमान के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल न सिर्फ जिस्म को तन्दरुस्त रखते हैं, बल्कि डिसिप्लिन, आपसी तालमेल और कान्फीडैंस को बढ़ाते हैं। वही कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि खेलों को चार प्रमुख वर्गों–जूनियर, सीनियर के साथ ही बालक और बालिका वर्ग–में बांटा गया था। प्रतियोगिता के रिजल्ट में 400 मीटर रिले दौड़ में पीएसएन अमगांव, सीसीएस राठ, जवाहर नवोदय विद्यालय राठ, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज राठ की टीमों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहला नम्बर हासिल किया। कबड्डी के कड़े मुकाबलों में भारत कुमार इंटर कॉलेज (खेड़ा शिलाजीत), पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज (कैथी) की टीमों ने दमदार खेल दिखाते हुये, पहला नम्बर हासिल किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में भी अलग-अलग स्कूल के खिलाडियों ने कड़ी मेहनत के बीच बेहतर प्रदर्शन किया।

बताया गया कि 'उड़ान 3.0' का मकसद ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के बच्चों में छिपे टैलेंट को निखार कर उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना है। तीन जिलों से 600 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विजेताओं को को 'सत्कार वाटिका' में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा।

इस मौके पर शालिनी तिवारी, गोविंद अग्रवाल, मनीष आकांक्षा, प्रतीक्षा, पूजा, अतुल, राज, शैल्या, अंजू, दिव्यांशी, मनीष, आशुतोष, पंकज, प्रशांत, तुषार खासतौर से मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 28 दिसंबर, 2025






**देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ अभियान' का एलान...**

कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ने का एलान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की कि पार्टी 5 जनवरी से पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ अभियान'... पढ़ें पेज 12 पर...

# नोटिस देकर निस्तारण : सीएम की 'जीरो टॉलरेंस' पर भारी नगर निगम का कागजी खेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती की नीति को लखनऊ नगर निगम में खुलेआम चुनौती दी जा रही है। जोन-2 से जुड़ी आईजीआरएस शिकायत संख्या 40015725 125842 पर नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के बजाय सिर्फ 15 दिन का नोटिस जारी कर मामला निस्तारित करने की संस्तुति कर दी।




### कार्रवाई बाद में, फाइल बंद पहले

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब तक अतिक्रमण हटाया ही नहीं गया, तब तक शिकायत बंद कैसे कर दी गई? यह सवाल सिर्फ नगर निगम से नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र से है। आख्या में कई संवेदनशील बिंदुओं पर चुप्पी साध ली गई शिकायतकर्ता से कोई बातचीत हुई–कोई रिकॉर्ड नहीं स्थल पर वास्तविक भौतिक सत्यापन–उल्लेख तक नहीं शिकायतकर्ता की संतुष्टि–कॉलम खाली यह लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टमेटिक चुप्पी मानी जा रही है।

### विशेषज्ञों का सीधा आरोप

प्रशासनिक मामलों के जानकारों का कहना है नोटिस देना कार्रवाई नहीं, जिम्मेदारी से बचने का हथियार बन चुका है अधिकांश मामलों में नोटिस के बाद न तो अतिक्रमण हटता है, न दोबारा कोई निगरानी होती है।

### न जमीन खाली हुई, न बुलडोजर चला–कार्रवाई सिर्फ फाइलों में दिखाई गई

24 दिसंबर 2025 को जारी आख्या में जोनल अधिकारी संजय यादव ने दावा किया कि आवास विकास परिषद की रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमणकर्ता को नोटिस दे दिया गया है और अवधि पूरी होने पर पुलिस बल के साथ कार्रवाई होगी। इसी आश्वासन के सहारे शिकायत को निक्षेपित कर दिया गया।

### अब 15 दिन बाद तय होगी सच्चाई

अब सबकी निगाहें 15 दिन की समय–सीमा पर टिकी हैं। अगर इसके बाद भी अतिक्रमण जस का तस रहा, तो यह साफ हो जाएगा कि लखनऊ में अतिक्रमण हटाने की नीति जमीन पर नहीं, सिर्फ फाइलों और आख्या तक सीमित है। यह मामला अब सिर्फ एक शिकायत नहीं, सीएम की सख्ती बनाम स्थानीय प्रशासन की ढिलाई की खुली परीक्षा बन चुका है।

### सीएम कार्यालय तक पहुंचेगी रिपोर्ट?

अब सवाल सीधे शासन से जुड़ गया है क्या मुख्यमंत्री कार्यालय को यह बताया गया कि अतिक्रमण हटाया ही नहीं गया या फिर 'नोटिस जारी' को ही कार्रवाई मानकर रिपोर्ट आगे बढ़ा दी गई?

# राष्ट्रपति से टकराया किसान का सवाल

**'हम नहीं–हम सब' की हुंकार: एमएसपी कानून से मुफ्त बिजली तक 14 सूत्रीय जन–अधिकार पत्र**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देश का किसान, मज़दूर, महिला और दिव्यांग अब खामोशी नहीं, सीधा सवाल कर रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा (भारत) ने राष्ट्रपति को सौंपे ऐतिहासिक ज्ञापन में केंद्र सरकार की नीतियों को संविधान की कसौटी पर खड़ा करते हुए चेताया है कि यदि अब भी संवैधानिक हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो सामाजिक असंतोष विस्फोटक रूप ले सकता है।

### एमएसपी से कर्ज़ माफी तक सीधी टक्कर

किसान मोर्चा ने एमएसपी की कानूनी गारंटी, 180 लाख करोड़ की कथित किसान क्षति की भरपाई, संपूर्ण कर्ज़ माफी और कृषि को उद्योग का दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि मौजूदा नीतियां किसान को खेत से बाहर धकेलने का औज़ार बन चुकी हैं। ज्ञापन में संवैधानिक दर्जा प्राप्त किसान आयोग, हर राज्य में किसान भवन, खसरा आधारित फसल बीमा, ग्रामीण घरेलू बिजली को जीवनोपयोगी वस्तु घोषित कर निःशुल्क आपूर्ति, और भूमि अधिग्रहण पर 6 गुना मुआवजा प्रमुख मांगों में शामिल हैं।

### मनरेगा–निजीकरण पर सीधा हमला

मोर्चा ने मनरेगा में 200 दिन काम और ?700 प्रतिदिन मजदूरी, संविदा प्रथा की समाप्ति, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक, और निजी क्षेत्र में ?1500 प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी को कानूनन लागू करने की मांग रखी।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और टैक्स नीति पर सवाल

एक देश-एक बोर्ड आधारित शिक्षा, आयुष्मान भारत में ओपीडी व जांच शामिल करने, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों पर खर्च की सीमा हटाने, और अप्रत्यक्ष करों में 50% कटौती की मांग ने सरकार की प्राथमिकताओं पर तीखा सवाल खड़ा किया।

### गन्ना किसानों को 15 दिन का अल्टीमेटम

मोर्चा ने चेताया कि यदि 15 दिन में ब्याज सहित गन्ना भुगतान नहीं हुआ तो चीनी मिलों पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गन्ना मूल्य निर्धारण में चीनी, शीरा और एथेनॉल से आय जोड़ने को निर्णायक बताया गया।

### लोकतंत्र पर भी सवाल

ज्ञापन में सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग के साथ ईवीएम पर अविश्वास को सार्वजनिक मंच पर रखा गया।

### राष्ट्रपति से संवैधानिक हस्तक्षेप की अपील

संयुक्त किसान मोर्चा ने स्पष्ट किया कि ये मांगें कोई 'अनुग्रह' नहीं, बल्कि संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, समानता और गरिमा के अधिकार हैं।

# फुटपाथ पर खड़ी कर दी गई इमारत, जोन–दो में अवैध निर्माण का 'कलेक्शन मॉडल' बेनकाब

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर निगम जोन-दो में अवैध निर्माण अब नियमों की हत्या कर सत्ता-संरक्षित धंधा बन चुका है। मोहन रोड स्थित लेबर वार्ड कॉलोनी में कोठारी बंधु के आगे, सेंटर वेयरहाउस से सटी सरकारी फुटपाथ की जमीन पर बिना किसी दस्तावेज के बहुमंजिला इमारत खड़ी कर दी गई, लेकिन नगर निगम के जिम्मेदार अफसरों को यह अवैध निर्माण दिखाई नहीं दे रहा। जानकारी के अनुसार, पहले फुटपाथ की जमीन पर नीचे अवैध निर्माण कराया गया, जहां आज खुलेआम सट्टे का कारोबार चल रहा है। इसके बाद ऊपर का निर्माण तेज़ी से कराया गया, जिसमें लाखों रुपये झोंक दिए गए। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले की शिकायत राज संपत्ति अधिकारी और जोन-दो परिवर्तन दल के अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन कार्रवाई के बजाय कथित तौर पर मोटी वसूली कर फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब गरीब परिवारों को रहने के लिए छत तक नसीब नहीं, तब सरकारी फुटपाथ की जमीन पर अवैध इमारत खड़ी करना किसकी शह पर हो रहा है? निर्माणकर्ता खुद को गरीब बताकर सहानुभूति जुटा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि गरीबों की आड़ में भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। अमन ठंडाई की दुकान के ठीक सामने हो रहा यह निर्माण नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल है। न तो नक्शा स्वीकृत है, न ही जमीन से जुड़े कोई कागजात मौजूद हैं, फिर भी सरकारी संपत्ति पर नीचे से ऊपर तक निर्माण कर दिया गया। अब सवाल यह नहीं कि अवैध निर्माण हो रहा है, सवाल यह है कि क्या नगर निगम जोन-दो अवैध निर्माण का संरक्षण केंद्र बन चुका है?

# केजीएमयू धर्मांतरण मामला : आयोग की अध्यक्ष ने कुलपति से की मुलाकात, बोलीं, इसमें सिर्फ एक व्यक्ति का हाथ नहीं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केजीएमयू में महिला रेजिडेंट डॉक्टर से जुड़े धर्मांतरण के प्रयास का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विभिन्न संगठनों और नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के विरोध प्रदर्शन के बाद शनिवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस मामले में बड़ी साजिश लग रही है। कुलपति से हुई बैठक के दौरान आयोग अध्यक्ष ने अब तक की जांच प्रक्रिया की जानकारी ली और विशाखा कमेटी की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट का भी अवलोकन किया। इस दौरान बबीता सिंह चौहान ने कहा कि प्रारंभिक तथ्यों से मामला किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं लगता। इसके पीछे एक संगठित प्रयास की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि केजीएमयू जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थान में इस तरह की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे संस्थान की छवि को ठेस पहुंचती है। आयोग पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है, ताकि पीड़िता को समय पर न्याय मिल सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।




### पीड़िता से संपर्क साध रहा आयोग

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने बताया कि आयोग पीड़िता के हित में लगातार प्रयासरत है। वह पीड़िता से लगातार संपर्क साधने की कोशिश कर रही हैं। अगर वह आयोग से अपनी बात साझा करेंगी तो मदद की जा सकेगी। आयोग हर स्तर पर उसकी सहायता के लिए तैयार है।

# भाजपा के जाति विशेष विधायकों की बैठक पर अखिलेश यादव का हमला, बोले, हार तय जानकर विद्रोह पर उतरे



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश भाजपा में मचे आपसी घमासान का कारण ऊपरी तौर पर भले कोई विद्रोही बैठक हो, पर असल कारण यह है कि भाजपा के विधायकों के बीच यह बात पहले ही फैल चुकी है कि एसआईआर में 2.89 करोड़ वोटरों के नाम कट गए हैं। मुख्यमंत्री भी कह चुके हैं कि करीब 85-90 प्रतिशत उनके अपने ही वोटर कटे हैं। यानी, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के 61 हजार वोट कम हुए हैं। ऐसे में भाजपा सरकार क्या बनाएगी, दहाई का अंक भी पार नहीं कर पाएगी। इसलिए आपसी लड़ाई अब एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप व खुलेआम नोटिस के रूप में सामने आ रही है। भाजपाई विधायक अलग-अलग बैठकें करके ये दिखा रहे हैं कि भाजपा सरकार व संगठन उनकी नहीं सुन रहे हैं। उनके कोई काम नहीं हो रहे हैं।

### ओबीसी आरक्षण में की जा रही गड़बड़ी : अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में 4 नई नौकरियों के विज्ञापन में ओबीसी के 183 पद कम किए जाने का आरोप लगाया है। ये नौकरियां हैं– पशु चिकित्सक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी) और चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद)। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार 69 हजार शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट में सरकारी अधिवक्ता नहीं भेजती है और केस की तिथि जान बूझकर टलवाई जाती है। जब समाजवादी पार्टी पीडीए पंचायत करके गांव–गांव इन मुद्दों को उठाती है तो वहां पर पुलिस भेजकर पीडीए पंचायत को रोका जाता है। वहीं सीधे जाति के नाम पर विधायकों की बैठक होने दी जाती है।

### समाजवादियों ने महाराजा खंगार की मनाई जयंती

प्रदेश सपा मुख्यालय पर शनिवार को वीर शिरोमणि महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती सादगी से मनाई गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार महान योद्धा और कुशल प्रशासक थे। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के साथ कई युद्ध लड़े थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी नेता मौजूद थे।

# पांच साल में डबल हो जाएंगी प्रदेश से निकलने वाली ट्रेनों की संख्या

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे की लखनऊ, इज्जतनगर, बनारस और गोरखपुर से चलने वाली ट्रेनों की संख्या डबल की जाएगी। वहीं उत्तर रेलवे के चारबाग, वाराणसी, अयोध्या स्टेशनों को अपग्रेड कर यात्री सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे को निर्देश दिए हैं। अगले पांच वर्षों में पूर्वोत्तर रेलवे से चलने वाली ट्रेनों की संख्या दोगुनी की जाएगी। जोनल रेलवे ने अपने स्तर से तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्लेटफार्मों, लाइनों, पिटलाइनों को बढ़ाया जाएगा। साथ ही शहरी क्षेत्र में और उसके आसपास नए टर्मिनलों का निर्माण होगा। गोमतीनगर स्टेशन के अपग्रेडेशन का सेकेंड फेज करीब पूरा हो चुका है। इसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। ऐशबाग, बादशाहनगर व गोरखपुर स्टेशनों पर काम चल रहा है। इसके अलावा खलीलाबाद-श्रावस्ती-बहराइच नई रेललाइन वर्ष 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य है। दूसरी ओर गोरखपुर के रास्ते बाराबंकी से छपरा तक 425 किमी तीसरी रेल लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही चौथी लाइन बिछाने के लिए भी तैयारी चल रही है।

### चारबाग सहित दस स्टेशन होंगे अपग्रेड

दूसरी ओर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग, वाराणसी, अयोध्या सहित दस स्टेशनों को अपग्रेड करने के बारे में रेलवे बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं। इसमें दिल्ली, वाराणसी, चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर, जम्मू, हरिद्वार व बरेली स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर आने वाले पांच वर्षों में रेल गाड़ियों के संचालन की क्षमता दो गुनी की जाएगी। स्टेशनों के इंफ्रास्ट्रक्चरों को विस्तार दिया जाएगा। इन शहरों में यात्रियों की बढ़ती संख्याओं को देखते हुए ही यह निर्णय लिया गया है।

# गणतन्त्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर परेड में प्रतिभाग करेगी यूपी की 14 लखपति दीदियां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहो से ग्रामीण महिलायें जुड़कर सफलता की नयी ऊंचाइयां छू रही हैं। प्रदेश मे स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी लाखो दीदिया जहां नई उड़ान भर रही हैं, वहीँ गाँव देहात की अन्य महिलाओ के लिए प्रेरणास्रोत साबित हो रही हैं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्राम और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। स्वयं सहायता समूहों की ताकत से ग्रामीण भारत का भविष्य बदलेगा। लखपति दीदी अभियान से गांव-गांव समृद्धि पहुंचेगी और महिलाओ को सम्मान मिलेगा। महिला उद्यमिता और आजीविका संवर्धन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। गणतंत्र दिवस के अवसर नई दिल्ली मे आयोजित परेड के दौरान सम्मिलित होने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहो के विभिन्न कैडर्स की 14 लखपति दीदियां विशेष अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करेगीं जिसमे आत्मविश्वास, मेहनत और सरकारी योजनाओं के सही उपयोग से आत्मनिर्भर बनी बिजनौर जनपद की ऋतु हलदर, सुमन रानी जो महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल हैं, भी सम्मिलित रहेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इन सभी दीदियो का गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे जाना उत्तर प्रदेश के लिए, खासतौर से स्वंय सहायता समूहो के लिए गौरव की बात है और इसके लिए प्रधानमंत्री व भारत सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन दीदियो को दिल्ली ले जाने के लिये व्यवस्थायें पहले से कर ली जाए। ऋतु हलदर और सुमन रानी बिजनौर की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के तैयार उत्पादों के साथ जिले का पारंपरिक वुड क्राफ्ट दिल्ली ले जायेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' अभियान के तहत आमजन से स्वदेशी अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत बिजनौर में ऋतु हलदर और सुमन रानी आत्मनिर्भर हो और महिलाओं के लिए भी नसीहत बनी हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो दिन पहले यह दीदियां नई दिल्ली रवाना होंगी।

### तेरे और भी पास.....!

भगवन.....मानो या न मानो....!
यह मेरे अफसोस का विषय है....
कि....चाटूकारिता के इस दौर में...
ना मैं ही हो पाया किसी का खास
ना ही कोई बन पाया....!
मेरा अंधभक्त सा दास.....
आप करो इस बात का विश्वास,
कि डालता नहीं कोई भी मुझे घास...
यह....अच्छा है या बुरा....?
स्थिति जानने को....या फिर....
खुद की संतुष्टि को....
अक्सर ही....करता रहता हूँ...मैं
टॉस रोजगार भी जो तुमने
नवाजा....! उसमें भी अधिकार नहीं
है मेरे पास जिधर घुमाता हूँ
गरदन....! वहीं दिखता है ख़ुद का
मान–मर्दन... किसी न किसी
व्याकुल आत्मा का मुझे अक्सर
होता है भास.... आघात भी उसका
प्रबल है इतना कि तन में अब ना
हड्डी बची है, ना शेष है कोई मांस.....
कर्म कोई भी मेरे...अच्छे हों या बुरे..
नहीं आते किसी को रास....
सोचिए भगवन....आज के दौर में...
कितना झेल रहा हूँ मैं त्रास....?
एक तुम पर ही तो भरोसा था
भगवन एक तुम ही तो रहे हमेशा
मेंरे आस... रहना भी चाहा सदा ही
तुम्हारे पास.. पर...मन अब होता जा
रहा है उदास हर ओर दिखता
है...अँधेरा ही अँधेरा
कहीं नहीं दिखता मुझे...कोई प्रकाश
पर....शिकायत भी नहीं है तुमसे....
क्योंकि....जो भी लगाई मैंने,
कभी कोई भी अरदास....!
भगवन पूरी हुई मेरी....हर एक आस
पर दुनिया तो हरजाई है न....!
यहाँ आदत में शुमार है बकवास...
राह चलते....करते हैं कमेन्ट...
बोल जाते हैं अक्सर....भाई...!
किस्मत ऐसी होती अपनी भी काश..
उलाहना से इनके परेशान मैं.....
अक्सर देखने लगा हूँ मुक्त आकाश
और....इस अनन्त में ढूँढने लगा हूँ...
कि....मिल जाए कहीं मुझको...
कोई एक स्वच्छंद आवास....!
भगवन....यह भी है विश्वास...
पूरी होगी मेरी यह आस...और...
इसी बहाने....मैं...और मेरा मन...
सब कुछ होगा....तेरे और भी पास...
सब कुछ होगा....तेरे और भी पास...

# शीतलहर : योगी सरकार अलर्ट, गरीबों और निराश्रितों नही लगने देगी सर्दी

- सार्वजनिक स्थल पर अलाव के लिए 1.75 करोड़ रूपये आवंटित, बांटे 1.40 लाख से ज्यादा कम्बल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए योगी सरकार ने आमजन को राहत के लिए सुनियोजित व्यवस्थाएं की हैं। सभी जनपदों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था कर दिया गया है ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। शीतलहर के दौरान कोई जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को रैन बसेरों में साफ-सफाई गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के निर्देश हैं। शीतलहर से बचाव के लिए कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 3 वर्षों में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है।इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है। चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जनपदों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जनपदों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं। 75 जनपदों में 3,78,884 कंबलों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है। सभी जनपदों में 1,40,364 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को हो चुका है। शेष कंबलों को वितरण किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यापक व्यवस्था है। सभी जनपदों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार द्वारा तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है।राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा सचेत ऐप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 33.27 करोड़ अलर्ट एसएमएस जारी किए जा चुके हैं। ये संदेश प्रभावित जनपदों के अधिकारियों के साथ-साथ आमजनमानस को भेजे गए हैं। यूपीडा, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी द्वारा जिलाधिकारियों एवं जिला पुलिस को ई-मेल के माध्यम से कोहरे से संबंधित अलर्ट लगातार जारी किए जा रहे हैं।

# 'वीबीजीरामजी' के फायदे बताने के लिए गांव–गांव लगेगी चौपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में रोजगार को लेकर योगी सरकार की सोच जमीन पर उतरती दिख रही है। मुख्यमंत्री के विजन के तहत 'विकसित भारत जी राम जी यानि वीबीजीरामजी' योजना के जरिए गांव-गांव रोजगार, प्रशिक्षण, आजीविका के अवसर देने की ठोस पहल शुरू हो गई है। सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार तक काम की गारंटी पहुंचे और रोजगार की जानकारी गांव-गांव लोगों को चौपाल लगाकर दी जाए। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए तैयारियां पूरी कर ली जाएं।इस दिशा में प्रदेश भर में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों और ग्राम सभाओं में पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग के जरिए लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

# वीबी–जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर जागरूकता पैदा की जाय

- जागरूकता हेतु ग्राम पंचायतो मे आयोजित की गई विशेष ग्राम सभा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि विकसित भारत-गारण्टी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 के बारे मे लोगो मे अधिक से अधिक जागरूकता पैदा की जाय। प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग सौरभ बाबू द्वारा जिलाधिकारियों जिला कार्यक्रम समन्वयको को निर्देश भी जारी किए गए थे कि विकसित भारत-गारण्टी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 की जागरूकता हेतु विशेष ग्राम सभा 26 दिसम्बर को आयोजित की जाय। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्हीं निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा को आयोजित किया गया,इसमे ग्रामीणों, मजदूरों, महिलाओं, एससी एसटी परिवारों और कमजोर समूहो द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्देशो के क्रम मे बैनर, पोस्टर प्रदर्शित किए गए और अधिनियम से संबंधित जानकारी हेतु पंपलेट ग्रामीणों के बीच वितरित किए गए। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई विशेष ग्राम सभा में ग्रामीण नागरिक, श्रमिक, महिलाओं एवं नवयुवकों को वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया और समझाया गया।



# कुकरैल में ईको टूरिज्म सुविधाओं का विकास, मिलेगा प्रकृति का आनंद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के कुकरैल वन क्षेत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यटन गतिविधियों का विकास किया जा रहा है। कुकरैल वन क्षेत्र में एक ओर वन और पर्यटन विभाग कुकरैल नाइट सफारी का विकास कर रहा है, नाइट सफारी के आस-पास के क्षेत्र में यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास कर रहा है। यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क, प्ले स्टेशन के साथ बांस की गोल हट, नेचर वॉक ट्रेल, ओपिन जिम और कैफेटेरिया का विकास कर रहा है। पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग, शौचालय का निर्माण कर रहा है। लखनऊ में टूरिज्म की गतिविधियों के विकास के लिए कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण किया जा रहा है। यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड, कुकरैल वन क्षेत्र में मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुआ अभ्यारण्य की सैर करने आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास कर रहा है।

# शाहमऊ पुलिस चौकी का विधिवत शिलान्यास, जनता में भरोसे की नई शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद अंतर्गत शाहमऊ क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को पुलिस चौकी शाहमऊ का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कोतवाल मोहनगंज राकेश सिंह ने किया। जिनकी पहचान क्षेत्र में एक न्यायप्रिय, निष्पक्ष एवं संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोतवाल राकेश सिंह ने कहा कि नई पुलिस चौकी के निर्माण से शाहमऊ एवं आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। और आम नागरिकों को त्वरित न्याय व सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है,बल्कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना और उनकी समस्याओं का निष्पक्ष समाधान करना भी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्थानीय नागरिकों ने कोतवाल राकेश सिंह की कार्यशैली को लेकर कहा कि उनकी तैनाती के बाद फरियादियों की बात गंभीरता से सुनी जा रही है। और मामलों में निष्पक्ष व पारदर्शी कार्रवाई हो रही है। यही कारण है कि शाहमऊ पुलिस चौकी का शिलान्यास केवल एक भवन निर्माण नहीं,बल्कि क्षेत्र में न्याय, सुरक्षा और विश्वास की मजबूत नींव के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।शिलान्यास के साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की उम्मीद जताई जा रही है। जिससे शाहमऊ क्षेत्र को जल्द ही एक सशक्त, सक्रिय और भरोसेमंद पुलिस चौकी की सौगात मिल सकेगी।

# जन औषधि केंद्र पर महंगी दवा बेचने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला जन औषधि केंद्र पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर दवा बेचने से जुड़ा है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने इलाज के लिए जन औषधि केंद्र से दवा खरीदी, जिस पर जन औषधि अंकित था, लेकिन उससे बाजार मूल्य से अधिक कीमत वसूली गई। आरोप है कि जिस दवा की कीमत जन औषधि केंद्र पर कम होनी चाहिए थी, वहीं दवा महंगे दामों पर बेची गई। पीड़ित ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत जिला प्रशासन से की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि केंद्र संचालक ने न केवल अधिक मूल्य वसूला, बल्कि दवा वापस करने से भी इनकार कर दिया। इस प्रकरण ने जन औषधि योजना की पारदर्शिता और उद्देश्य पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया गया।

इस प्रकरण ने जन औषधि योजना की पारदर्शिता और उद्देश्य पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया गया तथा दवा की खरीद-बिक्री से जुड़े अभिलेखों की जांच की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि जन औषधि योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में इस तरह के आरोप सामने आना न केवल योजना की छवि को नुकसान पहुंचाता है,बल्कि आम जनता के भरोसे को भी कमजोर करता है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

# निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर में 55 मरीजों को दिया गया परामर्श

**जन एक्सप्रेस । उतरौला बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील उतरौला क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को जीवन ज्योति चिकित्सालय जुनेदपुर लालगंज में हिन्द हार्ट इंस्टिट्यूट द्वारा एक निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर को आयोजित हृदय जांच शिविर में शहर व आस-पास के क्षेत्रों से आए 55 मरीजों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में उपस्थित लोगों का ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी जांच के साथ-साथ हृदय रोग संबंधी परामर्श वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा निशुल्क दिया गया। हिंद हार्ट इंस्टीट्यूट से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सर्दियों में हेल्थ पर विशेष ध्यान दें। ठंड के मौसम में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। कई मामले जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। हाई बीपी कोलेस्ट्रॉल तनाव, गलत खान-पान और कम एक्टिव लाइफस्टाइल ये सभी हार्ट को कमजोर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में बदलती जीवनशैली, तनाव, असंतुलित खानपान और शारीरिक श्रम की कमी के कारण हार्ट अटैक और हृदय रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, परंतु यदि हम थोड़ी सी सावधानी और नियमित दिनचर्या अपनाएं तो इन बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान-मद्यपान से दूरी, तनाव मुक्त जीवन और नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद आवश्यक है। डा राहुल वर्मा ने बताया कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप के मरीजों को विशेष रूप से अपने हृदय स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि ये बीमारियां धीरे-धीरे हृदय को प्रभावित करती हैं। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप चंद्र गुप्ता ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। जीवन ज्योति चिकित्सालय के संस्थापक डॉ एस सी शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक किया जा सके और समाज में हृदय रोगों से बचाव का संदेश फैलाया जा सके। कैंप को सफल बनाने में डा दिनेश जायसवाल डॉ राजन श्रीवास्तव, बसंत मेहरा, गिरीश चंद्र मिश्रा, नूर मोहम्मद, कल्लू भारती, महेश जायसवाल, जेपी सुमित विराट बबीता अजय, टेक्नीशियन राघवेंद्र द्विवेदी, मो0 अली, हिन्द हॉस्पिटल हार्ट इंस्टीट्यूट के पीआरओ पंकज सिन्हा एवं संतोष गुप्ता का अहम योगदान रहा।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर विद्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शनिवार को गुरू गोविन्द सिंह की जयंती धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 27 दिसम्बर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''गुरू गोविन्द सिंह जयंती'' मनायी गयी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय व राघवेन्द्र त्रिपाठी नें गुरू गोबिंद सिंह के चित्र पर माल्यापर्ण करके द्वीप प्रज्जवलित किया। प्रबन्ध निदेशक ने गुरू गोविन्द सिंह के जीवन परिचय एवं उनके आर्दशों के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत कराया कि सिख्खों के दशम गुरू गुरू गोविन्द सिंह की जंयती को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। सिखों के गुरू गोबिंद सिंह ने साल 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह सिखों के इतिहास की सबसे अहम घटना मानी जाती है। गुरू गोबिंद सिंह ने ही गुरू परंपरा को समाप्त करते हुए गुरू ग्रंथ साहिब को सिखों का गुरू घोषित किया था। गुरू गोबिन्द साहिब ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा करते हुए सच्चाई की राह पर चलते हुए ही बिताया। गुरू गोबिंद सिंह ने गुरू प्रथा को समाप्त किया और गुरू ग्रंथ साहिब को सर्वोच्च बताया जिसके बाद से ही ग्रंथ साहिब की पूजा की जाने लगी और गुरू प्रथा खत्म हो गई । ये सिख समाज में काफी बड़ा पड़ाव माना जाता है। साथ ही गोविंद सिंह ने खालसा वाणी- ''वाहेगुरू का खालसा, वाहेगुरू की फतह'' का मंत्र भी दिया। खालसा पंथ की रक्षा के लिए गुरू गोबिंद सिंह जी मुगलों और उन सहयोगियों से कई बार संघर्ष किया। केवल 9 साल की उम्र में दुनिया के सबसे ताकतवर समुदायों में से एकता की कमान संभालने वाले गुरू गोबिंद सिंह केवल वीर ही नहीं थे, बल्कि वे भाषाओं के जानकार और अच्छे लेखक तथा कवि भी थे। उन्हें संस्कृत, फारसी, पंजाबी और अरबी भाषाओं का ज्ञान था। उन्होनें कई ग्रंथों की रचना की, जो सिंख समुदाय में आज भी चाव से पढ़े जाते है।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आराध्या पाण्डेय, श्रेयसी तिवारी, सुभिक्षा मिश्रा, श्रेया श्रीवास्तव, मरियम आबदीन एवं श्रृष्टि श्रीवास्तव नें प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय राघवेन्द्र त्रिपाठी, उर्वशी शुक्ला, अशोक कुमार शुक्ला, ए0के0 तिवारी, टी0एन0 शुक्ल, पूनम चैहान, राजमणि, लता श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, कपिल निषाद, विश्वनाथ तिवारी, राजीव श्रीवास्तव एवं मनोज शुक्ला आदि उपस्थित होकर ''गुरू गोविन्द सिंह जयंती'' को मनाया।

# सीएम डैशबोर्ड की डीएम ने की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । जिसमें डीएम द्वारा विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में डीएम द्वारा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विभागवार अद्यतन स्थिति, प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, राजस्व, कृषि, पंचायत राज, पेयजल, विद्युत, शहरी विकास सहित अन्य प्रमुख विभागों के सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित इंडिकेटर्स की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और जनहित से जुड़ी योजनाओं में शून्य सहनशीलता (Zero Tolerance) की नीति अपनाई जाए। बैठक में डीएम ने डैशबोर्ड पर फीड किए जा रहे आंकड़ों की शुद्धता, नियमित अपडेट एवं फील्ड स्तर की वास्तविक प्रगति से सामंजस्य बनाए रखने पर विशेष जोर दिया । जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें एवं भ्रामक या अपूर्ण डेटा की स्थिति न बने।

सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय मजबूत करने, फील्ड विजिट बढ़ाने तथा योजनाओं के वास्तविक लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं का दर्पण है, अतः इसकी रैंकिंग एवं प्रदर्शन में सुधार सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग ने वाहनों पर लगाए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में शनिवार को परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर गन्ना लेकर आने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों तथा ई-रिक्शा पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए । साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में फुलवरिया चौराहे पर चीनी मिल में गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों एवं मार्ग पर संचालित ई रिक्शा पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। साथ ही साथ कोहरे में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों एवं सड़क सुरक्षा के नियमों से ट्रैक्टर ट्राली एवं ई-रिक्शा के चालकों को जागरूक किया गया जागरूकता कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार के अतिरिक्त यातायात

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में क्रांतिकारी विचार मोर्चा ने किया पुतला दहन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शनिवार को क्रांतिकारी विचार मोर्चा के तमाम पदाधिकारी व सदस्यों ने नगर के चंद्रशेखर आजाद पार्क के पास बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार व हत्या को तत्काल रोक लगाते हुए अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग किया और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन का विरोध दर्ज कराया।

जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर को क्रांतिकारी विचार धारा मोर्चा के तत्वाधान में चन्द्र शेखर आजाद पार्क में क्रांतिकारी चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके बांग्ला देश में हो रहे हिन्दुओं पर बर्बर अत्याचार के विरुद्ध बांग्लादेश के कार्यकारी प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। आजाद पार्क में गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं के सुरक्षा हेतु बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर हिंदुओं को सुरक्षा दिलाने के लिए मांग किया गया। आजाद पार्क में मौजूद लोगों ने प्रधान मंत्री मो0 युनुस का पुतला दहन कर बांग्ला देश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक अध्यक्ष डॉ राकेश चंद्रा ने कहा कि जब से बांग्लादेश में युनुस की पाक परस्त कट्टरपंथी सरकार आई है वहां हिंदुओं के धर्मस्थल जलाए जा रहे है। मां बहनों की असमत लूटी जा रही है। दीपू चन्द्र दास को ज़िंदा जला दिया गया, सम्राट मंडल नामक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गई है। डॉ चंद्रा ने कहा कि अगर भारत बांग्लादेश को जन्म दे सकता तो चंद मिनटों में समाप्त भी कर सकता है। उन्होंने वहां के हिंदुओं की रक्षा के लिए भारत के प्रधानमंत्री से दखल देने की अपील की।

# पत्रकार के परिवार पर मनबढ़ दबंगों ने किया जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में जर्जर मकान पर कब्जेदारी को लेकर दबंगों ने पत्रकार के घर में घुसकर जमकर तांडव मचाया।

जानलेवा हमले में पत्रकार की मां को चोटें आई है। दबंगों ने घर में रखा सामान भी तोड़फोड़ दिया। पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की अनसुनी से पीड़ित पत्रकार ने मामले की शिकायत एसपी से की है। सम्मनपुर थाना के सीहमऊ मोलनापुर गांव के रहने वाले राम कुशल मौर्य पेसे से पत्रकार हैं। इनकी अपने पड़ोसी शुभम पुत्र राम बचन से जमीनी विवाद को लेकर रंजिश है। इनके पिता स्वर्गीय रामदास ने परिवार से अलग होने के बाद अपनी निजी कमाई से एक मकान बनाया था। पूर्व में इनका पूरा परिवार इसी में रहता था। जो अब जर्जर हो चुका है। उक्त मकान पर इनके पड़ोसी भी अपना हक जमाते हैं। गत दिनों जर्जर मकान की जगह पर नया निर्माण कराने के उद्देश्य से पत्रकार ने अपना घर गिराना शुरू किया। जिसका विपक्षी शुभम सत्य प्रकाश प्रेम प्रकाश सहित अन्य लोगो ने गाली गलौज करते हुए हुए विरोध किया।

और लाठी व डंडा लेकर एकजुट होकर पत्रकार के घर पर जानलेवा हमला बोल दिया। लाठी और डंडे से लैस होकर मनबढ दबंगों ने पत्रकार को जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिया। पत्रकार ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। दबंग किस्म के पटीदारों ने घर में घुसकर पत्रकार की मां को पीट दिया। जिससे उन्हें कई जगह चोटे आई है। दबंगों ने पत्रकार के दरवाजे पर लाठी व डंडे से पीट पीट कर जमकर तांडव मचाया। ताण्डव से पीड़ित पत्रकार का परिवार डरा सहमा है। पीड़ित पत्रकार व विपक्षियों के बीच दो बार थाने में समझौता भी हो चुका है। लेकिन दबंग मनबढ़ पड़ोसी अब समझौते को मानने को ही तैयार नहीं है। पत्रकार के पक्ष में उक्त जर्जर घर की घरौनी भी बन चुकी है। मामला थाने पर पहुंचा तो यहां पर पुलिस ने मामले को हल्का-फुल्का बताते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला, और न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने प्रभारी थाना अध्यक्ष को मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

## कोतवाली देहात एवं नगर में थाना समाधान दिवस में पहुँचकर डीएम ने सुनी फरियाद, निस्तारण के दिये निर्देश

**बलरामपुर।** शनिवार को कोतवाली देहात एवं कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे डीएम विपिन कुमार जैन ने पहुँचकर लोगो की फरियाद सुनी और निस्तारण के लिए संबंधितो को निर्देश दिए। समाधान दिवस में डीएम द्वारा एक-एक कर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं और शिकायतें गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनी गईं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस क्रम में उन्होंने भूमि विवाद, आपसी विवाद एवं राजस्व से संबंधित मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराने पर विशेष बल दिया गया। राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों की गहन जांच करने, तथ्यपरक रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अभा. वनवासी कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस पर संस्थापक को दी गई पुष्पांजलि

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शुक्रवार की शाम अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस अवसर पर महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में संस्थापक बालासाहब देशपांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, तथा वनवासी छात्रावास के संरक्षक डॉक्टर कौशल्या गुप्ता की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

स्थापना दिवस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास के अध्यक्ष एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने कहा कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम 1952 से भारत के सुदूर वनांचल में निवास कर रहे लगभग साढ़े बारह करोड़ जनजाति बंधुओं के लिये आसेतु हिमाचल उनकी संस्कृति, परंपरा एवं पहचान को अक्षुण्ण रखते हुए विविध प्रकल्पों, कार्यक्रमों तथा उपक्रमों के माध्यम से अहर्निश कार्यरत है। कल्याण आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय बालासाहब देश पांडे ने अपनी सफल वकालत छोड़ राष्ट्रीय आह्वान पर नागपुर से गहन अरण्य जशपुर में आ गये। उन्होंने सपरिवार 48 वर्षों तक अनथक परिश्रम करते हुए इस महान कार्य को स्थापित किया। 21 अप्रैल, 1995 में बालासाहब अपनी पार्थिव देह को छोड़ देश भर के हजारों-हजारों कार्यकताओं के दिलों में सेवा भाव स्थापित कर चले गये, जिसके परिणाम स्वरूप आज हम कह सकते हैं कि जनजाति के हितार्थ कार्य करने वाला अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सचिन जी ने कहा कि कल्याण आश्रम से जुड़े देशभर के कार्यकताओं के लिये जशपुर प्रेरणा स्वरूप गंगोत्री है। बालासाहब के जाने के बाद भी अभी तक उनका खार उसी घर में रह रहा था, किंतु अब कुछ न कुछ कारणों से सभी परिवार जन अन्यत्र चले गये। इसलिए उनके निवास स्थान को भी उनकी स्मृति में विकसित किया या जाये ताकि यह एक श्रद्धा एवं प्रेरणा का केन्द्र बना रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा सभी का निर्णय का हुआ कि यह स्मृति भवन पुरातन-नवीन सभी किताओं के सहयोग से ही बने। देशभर के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई है जिस संगठन को आपने जीवन पर्यंत तन-मन-धन से सींचा है, एक जीवन लक्ष्य का मंत्र अपने जीवन से चरितार्थ करने वाले संस्थापक वनयोगी साहब हमारे आदर्श हैं। उनके स्मारक हेतु हम वन, ग्राम, नगर के कार्यकर्ता अपने सामर्थ्य से बढ़कर समर्पण राशि अर्पित करें। गोष्ठी में महामंत्री इंदू भूषण जायसवाल, मंगल बाबू तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉक्टर कौशल्या गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्रावास संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार श्रीवास्तव उनकी धर्मपत्नी तथा छोटे भाई द्वारा छात्रावास के सभी छात्रों को कंबल वितरित किए गए।

# अटल स्मृति सम्मेलन में श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

■ अटल जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रासंगिक - जय प्रकाश कुशवाहा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर (पूरा मंडल) भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर बिल्हौर विधानसभा के पूरा मंडल अंतर्गत धान्या गेस्ट हाउस में भव्य अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान एवं विधायक राहुल बच्चा सोनकर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संवेदना और राष्ट्रभक्ति के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने राजनीति को सेवा, संवाद और समरसता से जोड़ा। अटल जी की वाणी में ओज भी था और करुणा भी। उन्होंने अंत्योदय, सामाजिक न्याय, सर्वधर्म समभाव और राष्ट्रीय एकता को अपने राजनीतिक जीवन का मूल मंत्र बनाया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।




विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई जी की विलक्षण वाकपटुता और संसदीय गरिमा अद्वितीय थी। वे ऐसे वक्ता थे जो विरोधियों का भी सम्मान करते थे। संसद में उनकी वाणी तर्कपूर्ण होने के साथ-साथ राष्ट्रहित से ओत-प्रोत रहती थी। अटल जी की कविताएँ, भाषण और विचार देश को दिशा देने वाले रहे हैं। उनका जीवन युवाओं के लिए राजनीति में शुचिता, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा का आदर्श प्रस्तुत करता है।जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान ने अटल बिहारी बाजपेई जी के राजनीतिक योगदान, संगठनात्मक क्षमता और राष्ट्रनिर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और सदैव राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सर्वोपरि रखा।अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह जी के धर्म की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को भी स्मरण किया और कहा कि उनका त्याग भारतीय संस्कृति और धर्म की रक्षा का अनुपम उदाहरण है। ऐसे महान बलिदानियों को स्मरण करना हम सभी का कर्तव्य है।कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रवि दीक्षित, कौशल अवस्थी, राजेंद्र कटियार, अनुराग शुक्ला, अंशुल बाजपेई, संतोष बाजपेई, गीता गुप्ता, कैलाश कटियार, राजू दुबे, अनिरुद्ध शुक्ला, अमरनाथ राजपूत, आकाश वर्मा, अजीत तिवारी, धर्मेंद्र पाल, नीलू पाल, नरेंद्र सिंह, शानू राठौर, जितेंद्र राजपूत, शुभ्रांशु कटियार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगाघाट के भ्रष्टाचार की लोकायुक्त शिकायत पर जाँच कमेटी ने किया स्थलीय निरिक्षण

जन एक्सप्रेस। उन्नाव


जांच करने पहुंची टीम


शिकायत कर्ता राजीव शुक्ला

नगर पालिका परिषद गंगाघाट में ब्याप्त भ्रष्टाचार की दो बिन्दुओ की शिकायत राजीव शुक्ला द्वारा 23 जून 2025 को लोकायुक्त महोदय के कार्यालय में की गई थी जिसमे एक बिन्दु नगर पालिका द्वारा खरीदी गई स्ट्रीट लाईट जिसमे वास्तविक बाजार खुदरा मूल्य और खरीदी गई स्ट्रीट लाईट 45 वाट 90 एंव 60 वाट 75 नग के मूल्य में भारी अन्तर है जिसमे राजीव शुक्ला की तरफ से साक्ष्य के रूप में आपूर्ती का बिल और चालान भी प्रस्तुत किया गया है जबकि अधिशाषी अधिकारी द्वारा उक्त चालान बिल पर खरीद से साफ इंकार किया जा रहा है जबकि ई वे बिल चालान पर पूर्व लेखा लिपिक का मोबाईल नम्बर भी अंकित है एंव राजीव शुक्ला द्वारा दूसरे बिन्दु की शिकायत पुराने गंगापुल के निकट गंगा तट बने 30 सीटर सामुदायिक शौचालय के ध्वस्तीकरण के आदेश को अनदेखा कर नगर पालिका गंगाघाट द्वारा 22 लाख रूपये की लागत से टायलीकरण और सुंदरीकरण करवा दिया गया इस सन्दर्भ में राजीव शुक्ला द्वारा गंगा में गिर रहे अपशिष्ट की शिकायत के क्रम में उक्त शुलभ के ध्वस्तीकरण का आदेश 18 जनवरी 2018 को तत्कालीन जिलाधिकारी उन्नाव अदिति सिंह द्वारा दिया गया था किन्तु जब उक्त सामुदायिक शौचालय में नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य को देखा तब राजीव शुक्ला ने 12 दिसम्बर 2024 को उन्नाव जिलाधिकारी गौरांग राठी से मिलकर लिखित शिकायत की गई जिसमे उन्नाव जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी को गंगा सफाई को दृष्टी गत रखते हुए गहन जाँच कर बी एन एस की धारा 152 के तहत कार्यवाही का आदेश दिया उसी क्रम में अधिशाषी अधिकारी गंगाघाट द्वारा जिलाधिकारी सदर को पत्र भेजकर सूचित किया गया की उपरोक्त स्थल पर टायलीकरण और सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है उसके पश्चात वादी राजीव शुक्ला लगभग 8 बार जिलाधिकारी उन्नाव को मिलकर लिखित शिकायत करते रहे जब कार्यवाही सिर्फ कोरम पूरा करने तक सीमित रही तो राजीव शुक्ला ने 23 जून को लोकायुक्त महोदय की शरण ली जिसमे जाँच पुनः जिलाधिकारी उन्नाव को सौपी गई जिसमे जिलाधिकारी उन्नाव द्वारा 1 अगस्त 2025 को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अनन्त कुमार नायक के साथ विधुत वितरण उपखण्ड द्वितीय मगरवारा की दो सदस्यो की टीम गठित कर जाँच की गई और वादी राजीव शुक्ला को 13 अक्टूबर 2025 को जाँच रिपोर्ट से अवगत करा लोकायुक्त ने प्रतिउत्तर दाखिल करने का आदेश दिया राजीव शुक्ला ने उक्त रिपोर्ट को भ्रामक करार देते हुए 6 नवम्बर 2025 को लोकायुक्त महोदय के कार्यालय में प्रतिउत्तर दाखिल किया और जाँच रिपोर्ट को शपथपत्र देते हुए चुनौती दी और जी पी एस लोकेशन की फोटो साक्ष्य के रूप में संलग्न किया तब दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को लोकायुक्त महोदय ने मण्डलायुक्त लखनऊ को पुनः जाँच के आदेश दिए मण्डलायुक्त लखनऊ ने तीन सदस्सीय जाँच कमेटी को जाँच सौंपी जिसमे मनोज कुमार चौरसिया उपायुक्त उद्योग लखनऊ के साथ एस एम यादव नोडल अधिकारी आर ई डी एंव नीलोत्तम चौबे बी पी डी जिला पंचायत लखनऊ ने आज पुराने गंगा पुल के निकट सामुदायिक शौचालय का निरिक्षण किया एंव जिन दो शौचालय की भ्रामक रिपोर्ट पहले प्रस्तुत की गई थी उनका भी स्थलीय निरिक्षण कर आवश्यक पत्रवलिया प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी गंगाघाट को एंव वादी राजीव शुक्ला को दिएवही वादी लोकायुक्त राजीव शुक्ला ने बताया और प्रश्न किये आर टी आई के जबाब में भी बताया गया उक्त शौचालय के ध्वस्तीकरण का पालिका से कोई लेना-देना नहीं है और 31 दिसम्बर 2024 को भी नेडा ने अपने जांच में लिखा पुराने गंगा पुल के बगल मे जैसे सभी पत्राचार की कापी हमें भेजी जाती थी तो जब 2018 मे डिमालिस करने के पूर्व हमको सूचित क्यों नहीं किया गया जब की तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय के स्पष्ट आदेश था की कृत कार्यवाही से शिकायत कर्ता को अवगत कराया जाय, तो तथाकथित भ्रामक शौचालय के ध्वस्तीकरण के पूर्व नगर पालिका परिषद गंगा घाट ने शिकायत कर्ता को सूचित क्यों नहीं किया तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी महोदय द्वारा नेडा को लिखे गये पत्र में साफ उल्लेख है कि बालूघाट और मिश्रा कालोनी के बीच में स्थित शौचालय एक महत्वपूर्ण बात ये भी है की शौचालय को तोडने का आदेश हुआ था ताकि की लोगों की भावनाएं आहत न हो। फिर उसे बनवाया क्यों गया जिसकी शिकायत है वह मां गंगा के तट पर है न की बस्ती के बीच मे मां गंगा से 300-400 मीटर की दूरी पर है।

## सीतापुर सुपरस्टार 28 दिसंबर को प्रतिभाओं के साथ देगा नई उड़ान

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

भरत पैलेस में प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला जिस संबंध में प्रेस वार्ता अश्विनी निषाद के द्वारा एक आयोजित की गई। प्रसवार्ता में रूबरू होने हुए उन्होंने बताया की भव्य मंच सीतापुर सेशन 2 एक बार फिर सुर्खियों में है। यह बहुप्रतीक्षित टैलेंट हंट इवेंट गायन, नृत्य और मॉडलिंग जैसी विधाओं में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।ै-2 उन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो गाँव-कस्बों और शहरों में रहते हुए भी मंच के अभाव में अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पाते। यह मंच न सिर्फ सीतापुर बल्कि पूरे प्रदेश और देश में पहचान दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस भव्य आयोजन में अनुभवी जज, प्रोफेशनल मेंटर्स और शानदार मंच व्यवस्था के साथ प्रतिभागियों को अपनी कला दिखाने का मौका मिलेगा। पिछले सीजन की सफलता के बाद, इस बार सेशन 2 को और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सपनों को साकार करने की एक प्रेरणादायक यात्रा है, जहाँ हर हुनर को सम्मान और पहचान मिलती है। उन्होंने सीतापुर के समस्त जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में आए और जो बच्चे प्रतिभा ग कर रहे हैं उनकी प्रतिभाएं देखें और उनका हौसला बढ़ाएं।

# मुख्यमंत्री युवा योजना से मिली उड़ान, प्रभनूर कौर बनीं आत्मनिर्भर उद्यमी

**मुख्यमंत्री योगी के विज़न से साकार हुआ महिला स्वरोजगार का सपना, ब्याज मुक्त ऋण से शुरू की बेकरी यूनिट, आज दे रही रोजगार**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना युवाओं के सपनों को नई दिशा दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विज़न के तहत शुरू की गई इस योजना ने कानपुर की प्रभनूर कौर को सफल महिला उद्यमी बना दिया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने सरकार की मदद से अपने हुनर और मेहनत के दम पर खुद का स्टार्टअप खड़ा किया।

### स्कूल से ही दिखने लगी थी कला में रुचि

प्रभनूर कौर ने अपनी शुरुआती शिक्षा डीपीएस कल्याणपुर, कानपुर से पूरी की। पढ़ाई के दौरान ही उन्हें बेकरी और केक आर्ट में विशेष रुचि हो गई थी। कॉलेज के समय कोविड के कारण पढ़ाई प्रभावित हुई, लेकिन उन्होंने इस समय का उपयोग अपने हुनर को निखारने में किया।

### राष्ट्रीय प्रदर्शनियों से मिली पहचान

साल 2023 में प्रभनूर कौर ने मुंबई में आयोजित केकॉलॉजी एग्जीबिशन में हिस्सा लिया, जहां उनके काम को सराहना मिली और उन्हें सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में देश-विदेश के विशेषज्ञ कलाकारों से विशेष प्रशिक्षण भी लिया। बॉम्बे एग्जीबिशन के बाद प्रभनूर कौर का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए हुआ। यहां उनके आर्टिस्टिक केक और बेकरी डिज़ाइन को पहचान मिली, जिससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा।

इसी दौरान प्रभनूर कौर को उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा योजना की जानकारी मिली। उन्होंने एमएसएमई कार्यालय जाकर योजना के तहत आवेदन किया। अप्रैल 2025 में उन्हें ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत हुआ, जिससे उनके सपने को पंख मिल गए।

### घर से शुरू की 'स्वीट स्क्रैप बाई कौर'

मुख्यमंत्री युवा योजना की मदद से प्रभनूर कौर ने अपने घर से ही स्वीट स्क्रैप बाई कौर नाम से बेकरी और आर्टिस्टिक केक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की शुरुआत की। ऋण की राशि से उन्होंने सभी जरूरी मशीनें और उपकरण खरीदे।

### रोजगार देने वाली बनीं महिला उद्यमी

आज प्रभनूर कौर की यूनिट से कई लोगों को रोजगार मिल रहा है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह योजना युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।

## यूपी टीम ने किया सिधौली सीएचसी का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

प्रदेश सरकार की ओर से गठित दो सदस्यीय निरीक्षण टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया।

बरेली से आई टीम में डॉ0 विजय यादव एवं डॉ0 शील गौतम ने लेबर रूम, ओपीडी, आईपीडी, ड्रग स्टोर सहित अन्य विभागों का बारीकी से अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मरीजों से सीधे संवाद कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता व चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। टीम ने साफ-सफाई, स्टाफ की कार्यप्रणाली और सेवाओं की गुणवत्ता की सराहना की।

इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह ने संस्थान में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, योजनाओं व व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी टीम को दी। टीम द्वारा जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

# अलाव में लकड़ी रखने को लेकर विवाद, सिक्योरिटी गार्ड की गोली मारकर हत्या

## साथी गार्ड ने लाइसेंसी बंदूक से सीने में मारी गोली, आरोपी फरार



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गदन पुर में शुक्रवार देर रात अलाव में लकड़ी रखने को लेकर हुआ मामूली विवाद जानलेवा बन गया। निर्माणाधीन महर्षि महेश योगी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड ने अपने ही साथी गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात बिल्हौर थाना क्षेत्र के गदनपुर आहार गांव की है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय निर्मल सिंह चंदेल उर्फ नीरज, निवासी औरंगपुर सांभी गांव के रूप में हुई है। वह खेती के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था।

### अलाव तापते समय शुरू हुआ विवाद

शुक्रवार रात करीब 2-30 बजे निर्मल अन्य सिक्योरिटी गार्डों के साथ अलाव ताप रहा था। इसी दौरान गांव निवासी दूसरा सिक्योरिटी गार्ड अनिरुद्ध द्विवेदी निर्मल द्वारा लाई गई लकड़ियों को अलाव में डालने लगा। इस पर निर्मल ने विरोध जताते हुए कहा कि जब लकड़ी खुद नहीं लाए तो उसकी लकड़ी क्यों जलाई। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।

### सीने में मारी गोली, मौके पर मचा हड़कंप

विवाद के दौरान अनिरुद्ध द्विवेदी ने अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक से निर्मल के सीने के बाईं ओर गोली मार दी। गोली लगते ही निर्मल जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा। मौके पर मौजूद अन्य गार्ड जब आरोपी को पकड़ने दौड़े तो वह गोली मारने की धमकी देते हुए जंगल की ओर फरार हो गया। घटना से परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

### अस्पताल में मृत घोषित

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल निर्मल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

निर्मल परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी पत्नी पुष्पा सिंह पिछले पांच वर्षों से कैंसर से पीड़ित हैं और पिछले छह माह से चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनकी 12 वर्षीय बेटी तनिष्का है। निर्मल ड्यूटी के बाद पत्नी की सेवा में जुटा रहता था। उसकी हत्या के बाद पत्नी बेसुध हैं और पूरा परिवार गहरे सदमे में है।

### हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपी की तलाश जारी

बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि मृतक के छोटे भाई रोहित सिंह की तहरीर पर आरोपी अनिरुद्ध द्विवेदी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

# श्री संकट मोचन धाम में भक्त प्रह्लाद की पावन लीला, सप्तम दिवस पर अधर्म पर धर्म की विजय का भावपूर्ण संदेश

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



ककवन श्री संकट मोचन धाम नहर पुल पर आयोजित नवदिवसीय रासलीला एवं श्री हनुमान यज्ञ महोत्सव के सप्तम दिवस पर दिन की लीला में भक्तमाला के अंतर्गत भक्त प्रह्लाद की पावन लीला का अत्यंत भावपूर्ण मंचन किया गया। लीला के माध्यम से यह प्रेरक संदेश दिया गया कि जब पिता अधर्म और आसुरी मार्ग पर चल पड़े, तब पुत्र का कर्तव्य है कि वह उसे सदमार्ग की ओर ले जाने का प्रयास करे। भक्त प्रह्लाद की अटूट विष्णु भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु के प्रकट होने तथा हिरण्यकश्यप के उद्धार का सजीव और प्रभावशाली मंचन किया गया। धर्म, सत्य और भक्ति की विजय को दर्शाती इस लीला ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वृंदावन से पधारे रसिक व रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा मंडलाधीश सतपाल जी महाराज के निर्देशन में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का नित्य मनोहारी मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। इसी क्रम में ककवन के विशिष्ट समाजसेवी अमितेश कुमार 'अंटू भैया' ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य दरबार में पूजन-अर्चन कर पुष्प अर्पित किए तथा व्यास पीठ का विधिवत पूजन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराई। कार्यक्रम में सुनील कुमार मिश्र, बिंदेश तिवारी, चंद्रपाल राठौड़, गोरेलाल सिसोदिया, पप्पू कुशवाहा, बबलू, देवेश, ललित कुशवाहा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत श्री संकट मोचन धाम सेवा समिति के महंत एवं प्रबंधक राम जी बाबा ने माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का कुशल एवं सराहनीय मंच संचालन गोविंद भूषण जी द्वारा किया गया।

# नवाबगंज अर्बन पीएचसी समेत नौ स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

■ तीन दिवसीय निरीक्षण के दूसरे दिन टीम ने केंद्रों की सुविधाओं का जायजा लिया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। शासन के निर्देश पर नवाबगंज पहुंची डिप्टी सीएमओ औरैया डॉ. राकेश सचान व बीपीएम चंद्रशेखर की दो सदस्यीय टीम ने तीन दिवसीय निरीक्षण के दूसरे दिन शनिवार को क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा किया। टीम ने नवाबगंज अर्बन पीएचसी, पीएचसी चमरौली व सराय जोगा, भीतरेपार, सेवरा, नानाटीकुर, सरोसा, जनसार, गौरी स्थित सात आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अर्बन पीएचसी नवाबगंज में फार्मासिस्ट प्राची देर से पहुंचीं। टीम ने समय से उपस्थिति के सख्त निर्देश दिए। सभी केंद्रों में ओपीडी, दवाओं की उपलब्धता व सफाई व्यवस्था की जांच की। कर्मचारियों को ड्रेस कोड व बेहतर व्यवहार अपनाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. पंकज वर्मा, बीपीएम मलखान सिंह, प्रशांत दीक्षित समेत केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

डॉ. राकेश सचान ने बताया कि निरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी केंद्रों की सुविधाओं का मूल्यांकन हो रहा है। समयबद्ध उपस्थिति व सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित किया जाएगा। शनिवार को कुल नौ केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

# क्यो नही करवाई जा रही नजूल घोटाले और विस्तारीकरण की न्यायिक समीक्षा?

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

नगर के नजूल घोटाले और विस्तारीकरण का दायरा इतना ज्यादा बढ़ चुका है कि अब यह घोटाला जनता के मूलभूत अधिकारों पर सीध अटैक कर रहा है। हालात हर कदम पर बिगड़ते जा रहे है। ऐसे में जायज तो यही है कि नगर के नजूल भूमि घोटाले, नालों नालियों पर निर्माण नजूल भूमि पर बने भवनों का विस्तारीकरणो की न्यायिक समीक्षा करना बहुत जरूरी हो गया हैं वैसे मामला प्रशासन और व्यापारियों से तालुक रखता था लेकिन अब यह मामला इतना बिगड़ चुका है कि यह घोटाला और जुगाड़ जनता की मूल भूत सुविधाओं पर सीधा निशाना साध रहे है। ऐसे में अब जिलाधिकारी या फिर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा हस्तक्षेप नही किया गया तो नगर की स्थित बदहाल जायेगी और वह जरूरी नियम भी चकनाचूर होगे जिनको मूलभूत अधिकार कहा गया है और संविधान में लिखा है कि जनता को प्रदान किये गये मूल भूत अधिकारों पर किसी भी कीमत पर अतिक्रमण नही किया जा सकता है। नजूल भूमि घोटाले में नजता के मूलभूत अधिकारों पर सीधा असर पड़ रहा है। नजूल घोटाले में असफर के साथ घोटालेबाजों का अहम रोल रहा है और यह सब कार्य बिना सियासत के तो हो सही सकते है। जब न्यायिक समीक्षा की जायेगी तो तय है है कि इस घोटाले में प्रशासन के वह अफसर भी फंसेगे जिनकी मिली भगत से नजूल भूमि घोटाला किया गया है और जब न्यायिक समीक्षा होगी तो अधिकारी, सियासत और प्रशासन के लोगो का ढका चेहरा भी बेनकाब होगा ऐसे हालातों में यह तिकड़ी ही नही चाहती है कि इस बड़े घोटाले की न्यायकि समीक्षा हो। अगर किसी भी तरह न्यायिक समीक्षा हो गई तो कई घोटाले बाजो का रास्ता जेल की सलाखे हो सकती है और वह घोटालेबाज अफसर भी कार्यवाही के दायरे में आ सकते है जो संभवतः अब सेवा निवृत्त भी हो चुके हो।

घोटाला सालों पुराना है इस कारण जिम्मेदार अधिकारी आज भी घोटालो पर घोटाला कर नजूल जमीन पर कब्जा करवाने के साथ ही विस्तारीकरण की छूट दी जा रही है। ऐसा क्यो किया जा रहा है यह पूछने पर जिम्मेदार अफसर अपनी बगले झांकने लगते है। नगर पालिका परिषद के सामने अवैध निर्माण और विस्तारीकरण हो रहा था क्या नगर पालिका के अफसरो को इसकी जानकारी नही थी सब जानकारी थी लेकिन जब मामला मीडिया में उछला तो निर्माण कार्य को बंद करवा दिया गया। अभी चंद महीनों पहले लालबाग से घण्टाघर तक करीब आध दर्जन दुकानों का विस्तारीकरण कर दिया गया। नगर पालिका परिषद के अफसर बहाने बाजी करते रहे कहा जाता रहा काली पन्नी डालकर पुताई कराई जा रही है पुताई के बाद जब काली पॉलथिन नजूल भूमि के भवन से हटी तो भवन का विस्तारीकरण हो चुका हैं अगर नगर पालिका या फिर ऐसी पुताई करवाने वालों के पास ऐसा कोई तिलस्मी जादू है तो उसको भी समीक्षा के पटल पर रखा जाना जरूरी है। यही हाल राजाकालेज के मैदान के सामने स्थित स्पर्श हास्टिपल जो नाले और नजूल की जमीन पर बना है हास्पिटल के पास नक्शा भी नही है इसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रकी है।

# ब्लाक कार्यालय में हुआ विकसित उत्तर प्रदेश प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मिश्रिख के परिसर में विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर आयोजित भव्य प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पांडे, सांसद मिश्रिख प्रतिनिधि राज कुमार सोनी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिश्रिख प्रतिनिधि अजय भार्गव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों ने फीता काटकर कर किया एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस प्रदर्शनी में उ0प्र0 के डिजिटल क्षेत्र में विकास को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार, अपराधों में पर अंकुश, सर्वाधिक मेट्रो रेल संचालित करने वाला प्रदेश, बेहतर चिकित्सा सेवाएं, किसानों को उपलब्ध सुविधाएं, रोबोट उत्पादन में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां, मोबाइल मैन्यूफेक्चरिंग हब के रूप में उत्तर प्रदेश अग्रणी, स्वदेशी, उत्पादों को प्रोत्साहन, धर्म संस्कृति विरासत का सतत विकास, महिलाओं का विकास, महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान आदि संबंधित योजनाओं के फोटोग्राफ एवं विवरण लोगों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र हैं। प्रदर्शनी दिनांक-29 दिसम्बर 2025 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मिश्रिख के परिसर में स्थापित रहेगी, जिसे आमजनमानस देखकर विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्रीएवं मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का सफलतापूर्वक

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# एनडीए को मिली सफलताओं ने भविष्य की राजनीति की दिशा तय कर दी है

**नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिलना भी इस विजय गाथा का अहम अध्याय है। यह बदलाव भाजपा की विचार आधारित राजनीति का उदाहरण है। माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष के साथ संगठन में नई ऊर्जा और नई रणनीति देखने को मिलेगी। नेतृत्व परिवर्तन को सहजता से स्वीकार करना भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है, जहां व्यक्ति से अधिक संगठन और विचारधारा को महत्व दिया जाता है। साथ ही बिहार में मंत्री रहे नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाना यह भी दर्शाता है कि भाजपा में कोई साधारण कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम के चलते राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने की भूमिका में आ सकता है।**

*साल 2025 भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक और निर्णायक वर्ष बनकर सामने आया। यह वर्ष केवल चुनावी आंकड़ों की कहानी नहीं बयां करके जा रहा है बल्कि उस गहरे जन विश्वास का साक्ष्य देकर जा रहा है जो भाजपा ने निरंतर अपने कार्य, नीति और संगठनात्मक अनुशासन से अर्जित किया है। साल की शुरुआत से लेकर अंत तक, चाहे दिल्ली विधानसभा चुनाव हों, विभिन्न राज्यों के नगर निकाय और पंचायत चुनाव हों या फिर बिहार विधानसभा का महासंग्राम, भाजपा ने हर मोर्चे पर यह साबित कर दिया कि वह आज भी जनता की पहली पसंद बनी हुई है। साल की शुरुआत दिल्ली विधानसभा चुनाव से हुई, जहां भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की राजधानी को स्थिर, सक्षम और दूरदर्शी शासन की आवश्यकता है। विकास, बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छ प्रशासन और राष्ट्रीय दृष्टि के मुद्दों को केंद्र में रखकर लड़ा गया यह चुनाव मुफ्त सौगातों की राजनीति करने वालों पर भारी पड़ा। दिल्ली के मतदाता ने यह महसूस किया कि भाजपा केवल वादे नहीं करती, बल्कि परिणाम देती है। इस जीत ने वर्ष 2025 के राजनीतिक स्वर को साल के शुरू में ही तय कर दिया था। दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र, गोवा, अरुणाचल प्रदेश, असम जैसे राज्यों में हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा की अपार सफलता ने यह साबित कर दिया कि पार्टी की पकड़ केवल विधानसभा और लोकसभा तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र के शहरी निकायों से लेकर असम और अरुणाचल के गांवों तक, भाजपा ने स्थानीय मुद्दों को समझते हुए विकास का भरोसा दिया। गोवा में स्थिर प्रशासन और पारदर्शिता की छवि ने मतदाताओं को प्रभावित किया, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और केंद्र सरकार की सक्रिय भागीदारी ने भाजपा को मजबूत आधार प्रदान किया। पंचायत और निकाय स्तर पर मिली ये जीतें इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा जमीनी राजनीति में भी अजेय होती जा रही है। भाजपा की इस निरंतर विजय का एक प्रमुख आधार है उसका मजबूत संगठन और बूथ स्तर तक फैला कार्यकर्ता नेटवर्क। पार्टी सभी चुनावों को एक मिशन के रूप में लड़ती है। हर बूथ पर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय होती है, मतदाता से सीधा संवाद स्थापित किया जाता है और स्थानीय समस्याओं को एजेंडे में शामिल किया जाता है। यही कारण है कि भाजपा अक्सर वहां भी चमत्कार कर दिखाती है, जहां मुकाबला कठिन माना जाता है। संगठन की यह तल्लीनता और अनुशासन भाजपा को अन्य दलों से अलग खड़ा करता है। इस पूरी विजय यात्रा के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। मोदी का नेतृत्व जनता को इसलिए भा रहा है क्योंकि उनमें निर्णय क्षमता, स्पष्ट दृष्टि और राष्ट्र प्रथम का भाव साफ दिखाई देता है। प्रधानमंत्री की कार्यशैली ने जनता के मन में यह भरोसा पैदा किया है कि देश सुरक्षित हाथों में है। चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल हो, आर्थिक सुधार हों या फिर गरीब और मध्यम वर्ग के कल्याण की योजनाएं, मोदी के नेतृत्व में लिए गए फैसलों ने भाजपा को एक विश्वसनीय राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित किया है। चुनावों में यह भरोसा मतों में बदलता हुआ साफ नजर आता है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**नागरिकों, पर्यावरणविदों, न्यायपालिका और नीति-निर्माताओं के बीच संवाद आवश्यक है। यह समय भावनात्मक नारों से आगे बढ़कर ठोस नीतिगत निर्णय लेने का है-खनन पर पूर्ण प्रतिबंध, पुनर्वनीकरण, जल संरक्षण परियोजनाएं और स्थानीय समुदायों की भागीदारी। बीज अगर आज प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्यार का बोए जाएंगे, तो कल स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित भविष्य का फल मिलेगा। अरावली बचेगी तो भारत खुशहाल रहेगा, यह केवल कविता की पंक्ति नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक सत्य है। धरती मां की रक्षा करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। यदि आज हमने लालच को प्राथमिकता दी, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।**


# अरावली की चिन्ता : नारे से आगे, अस्तित्व की लड़ाई



ललित गर्ग

**पर्वत केवल ऊंचाई से नहीं पहचाने जाते, बल्कि उनके भूगर्भीय ढांचे, जलधारण क्षमता और पारिस्थितिकी तंत्र से उनकी पहचान होती है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने ऊंचे पर्वत। यदि इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, तो धीरे-धीरे पूरी अरावली को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाप्त किया जा सकता है।**

अरावली पर्वत श्रृंखला की नई परिभाषा को लेकर उठा विवाद अब जन-आन्दोलन का रूप ले रहा है। इसी के अन्तर्गत अरावली बचाओ की चिन्ता-यह केवल भावनात्मक आह्वान नहीं, बल्कि भारत के पर्यावरणीय भविष्य की जीवनरेखा है। गुजरात से लेकर दिल्ली तक फैली अरावली पर्वतमाला पृथ्वी की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। यह पर्वत केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि जल, जंगल, जैव-विविधता, जलवायु संतुलन और मानव जीवन के लिए एक प्राकृतिक कवच है। आज जब खनन, शहरीकरण और विकास की आड़ में इस पर्वतमाला को टुकड़ों में बांटने की कोशिशें हो रही हैं, तब यह प्रश्न केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मनुष्य जाति के अस्तित्व का बन गया है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अरावली को लेकर सरकारों की चिन्ता व्यर्थ न जाये, कोई सकारात्मक रंग लाए। पहाड़ी इलाकों के खनन, उपेक्षा एवं लोभवृत्ति पर विचार करना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारों की उपेक्षा की वजह से अरावली के बड़े हिस्से का खनन ही नहीं हुआ, आमजन एवं प्रकृति-पर्यावरण रक्षा का यह कवच ध्वस्त भी हुआ है। अरावली की आयु भूगर्भीय दृष्टि से करोड़ों वर्षों में आंकी जाती है। यह हिमालय से भी पुरानी है। यही कारण है कि अरावली का स्वरूप अपेक्षाकृत निचला और क्षरित दिखाई देता है, किंतु इसका महत्व कहीं अधिक गहरा है। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के बड़े हिस्सों में वर्षा जल का संचयन, भूजल रिचार्ज और मरुस्थलीकरण पर नियंत्रण अरावली के कारण ही संभव है। थार मरुस्थल को पूर्व की ओर बढ़ने से रोकने में अरावली की भूमिका किसी अदृश्य दीवार की तरह है। आज के समय में पर्यावरणीय संकट बहुआयामी हो चुका है-जल संकट, वायु प्रदूषण, जैव-विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तन और अनियंत्रित शहरी विस्तार। इन सभी चुनौतियों का एक साझा समाधान अरावली जैसी प्राकृतिक संरचनाओं का संरक्षण है। दुर्भाग्यवश, खनन और निर्माण गतिविधियों ने इस पर्वतमाला को गहरे घाव दिए हैं। पत्थर, संगमरमर और अन्य खनिजों के लिए की जा रही अंधाधुंध खुदाई ने न केवल पहाड़ों को खोखला किया है, बल्कि आसपास के गांवों, नदियों और जंगलों को भी संकट में डाल दिया है। लगातार संकट से घिर रही अरावली को बचाने के लिये एक याचिका 1985 से न्यायालय में विचाराधीन है। हालांकि इस याचिका का ही नतीजा है कि अरावली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा संरक्षित श्रेणी में आता है। वैसे अब समय आ गया है कि अरावली को पूरी तरह से खनन-मुक्त रखने का फैसला किया जाये। अब भी खनन जारी रहा तो उससे होने वाले लाभ से कई गुणा ज्यादा कीमत हमें पर्यावरण के मोर्चे पर चुकानी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर अरावली के संरक्षण को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। न्यायालय का



**उस सोच का है जो विकास को विनाश से अलग देखती है। इतिहास उन्हीं समाजों को याद रखता है, जिन्होंने प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर प्रगति की। आइए, हम भी वही इतिहास लिखें, जहां हर आवाज़ शोर बने और अरावली के साथ जीवन भी भरपूर सुनिश्चित हो।**

दृष्टिकोण स्पष्ट रहा है कि पर्यावरणीय संतुलन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश को वैधता नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद, विभिन्न स्तरों पर नियमों की व्याख्या और पुनर्व्याख्या के जरिए खनन को अनुमति देने के प्रयास होते रहे हैं। विशेष रूप से '100 मीटर ऊंचाई' जैसे मानदंडों के आधार पर पर्वतों को परिभाषित करना और उससे नीचे की संरचनाओं को खनन योग्य मानना एक खतरनाक प्रवृत्ति है। यह तर्क न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से कमजोर है, बल्कि पर्यावरणीय समझ के भी विपरीत है। खनन की वजह से अरावली की छलनी हो चुकी है। पर्वत केवल ऊंचाई से नहीं पहचाने जाते, बल्कि उनके भूगर्भीय ढांचे, जलधारण क्षमता और पारिस्थितिकी तंत्र से उनकी पहचान होती है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने ऊंचे पर्वत। यदि इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, तो धीरे-धीरे पूरी अरावली को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाप्त किया जा सकता है। यह दृष्टिकोण अल्पकालिक आर्थिक लाभ को दीर्घकालिक पर्यावरणीय सुरक्षा से ऊपर रखता है। राजस्थान सरकार की कुछ पहलें संरक्षण की दिशा में सराहनीय कही जा सकती हैं, जैसे वन क्षेत्रों की अधिसूचना, अवैध खनन पर कार्रवाई और पर्यावरणीय स्वीकृतियों की सख्ती। किंतु इन प्रयासों के समानांतर ऐसी नीतिगत ढील भी दिखाई देती है, जो खनन और रियल एस्टेट गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर यह तर्क दिया जाता है कि नियंत्रित खनन से विकास संभव है। परंतु अनुभव बताता है कि 'नियंत्रित' शब्द व्यवहार में अक्सर अर्थहीन हो जाता है। भले ही वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव स्पष्टीकरण दे रहे हैं कि सिर्फ 277 वर्ग किमी में ही खनन की अनुमति है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि नई परिभाषा से खनन बढ़ेगा नहीं, बल्कि अवैध खनन रूकेगा। विकास और पर्यावरण को आमने-सामने खड़ा करना एक पुरानी भूल है। सच्चा विकास वही है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाकर हो। अरावली का संरक्षण विकास विरोधी कदम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की शर्त है। जिन क्षेत्रों में अरावली को नुकसान पहुंचा है, वहां जल स्तर गिरा है, तापमान बढ़ा है और जैव-विविधता घट गई है। दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा और जल संकट में अरावली के क्षरण की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अरावली में वन्यजीव लगभग खत्म होने को है। खनन के विकल्प पर विचार करना होगा। खनन मुख्यत पत्थर के लिये होता है और पत्थरों से सुन्दर घर बनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है, इस परम्परा पर नये सिरे से चिन्तन करने की अपेक्षा है। घर या इमारत बनाने के दूसरे संसाधन पर सोचना होगा। जिनसे मकान तो बहुत बन जायेंगे, पर कटने वाले पहाड़ फिर कभी खड़े नहीं होंगे। पर्यावरण एवं प्रकृति रक्षक ये पहाड़ कहां से लायेंगे? सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली के साथ-ही-साथ उत्तराखण्ड में भी जंगलों में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ चिन्ता का इजहार किया है। लेकिन अदालतों के साथ सरकारों को भी पर्यावरण, प्रकृति, पहाड़, पहाड़ी जंगलों एवं वन्यजीवों पर कड़ा रुख अपनाना होगा और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता में रखना होगा। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो विश्व के अनेक देशों ने अपनी प्राचीन पर्वतमालाओं और प्राकृतिक संरचनाओं को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में संरक्षित किया है। यूरोप में आल्प्स, अमेरिका में रॉकी पर्वत और चीन में पीली नदी के बेसिन क्षेत्र इसके उदाहरण हैं। इन क्षेत्रों में खनन और निर्माण पर कठोर नियंत्रण है, क्योंकि वहां यह समझ विकसित हो चुकी है कि प्रकृति की कीमत पर आर्थिक समृद्धि टिकाऊ नहीं होती। भारत में भी इस सोच को अपनाने की आवश्यकता है। अरावली केवल जल का स्रोत नहीं है; यह जैव-विविधता का आश्रय है। यहां पाए जाने वाले वनस्पति और जीव-जंतु पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जंगलों की कटाई और पहाड़ों की खुदाई से वन्यजीवों का आवास नष्ट होता है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता है। यह समस्या केवल पर्यावरणीय नहीं, सामाजिक भी है। आज देशभर में अरावली के संरक्षण को लेकर आंदोलन हो रहे हैं। ये आंदोलन इस बात का संकेत हैं कि समाज अब खामोश नहीं रहना चाहता।

---



### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 11:59 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराभाद्रपद 08:43 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | वारीयन, 10:13 तक |
| सूर्योदयः | 07:13 |
| सूर्यास्तः | 17:32 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 16:14-17:32 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### जंग ये हमारी !

*मान और सम्मान की ।*
*हो चली लड़ाई ।।*
*ठोकनी है ताल ।*
*करनी और कड़ाई ।।*
*अब जमकर ललकारेंगे ?।*
*जंग ये हमारी ।।*
*उसी दिशा में बढ़ रही ।*
*आगे की तैयारी ।।*
*है पड़ाव आखिरी ।*
*जोर है लगाना ।।*
*बज के रहेगा डंका ।*
*देखेगा जमाना ।।*
*छप गया है पर्चा ।*
*हम ही आने वाले ।।*
*भले कोई वर्तमान में ।*
*अपना नाम निकाले ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में बदन दर्द से राहत के लिए घर पर बनाएं आयुर्वेदिक तेल

**सर्दियों** के मौसम की शुरुआत के साथ अक्सर लोगों को जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द होने या ऐंठन होने जैसी कई समस्याएं होती हैं, जिसके कारण सर्दियों में अक्सर लोगों को कई तरह की परेशानियां होती हैं। ऐसे में जोड़ों के दर्द से राहत के लिए घर पर आयुर्वेदिक तेल को बनाकर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। औषधीय गुणों से भरपूर इस तेल का इस्तेमाल करने से जोड़ों से जुड़ी कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। आयुर्वेदिक डॉक्टर चंचल शर्मा के अनुसार, सर्दियों में बदन दर्द की समस्या से राहत के लिए सरसों के तेल, लहसुन और अजवाइन का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन तीनों की तासीर गर्म होती है। इसके अलावा, सरसों के तेल में अच्छी मात्रा में विटामिन-ई, ओमेगा-3 और ओमेगा-6 जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल के गुण होते हैं। वहीं, लहसुन में अच्छी मात्रा में एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं और वहीं, अजवाइन में अच्छी मात्रा में एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं,



जिनसे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। इससे कई फायदे मिलते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करेः** इस आयुर्वेदिक तेल की तासीर गर्म होती है। ऐसे में इससे मालिश करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे शरीर को गर्मी देने में मदद मिलती है। जिससे शरीर के दर्द को कम करने में मदद मिलती है।

**जोड़ों के दर्द को कम करनेः** आयुर्वेदिक तेल में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-माइक्रोबियल के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को कम करने और स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**मांसपेशियों को रिलैक्स करनेः** इस आयुर्वेदिक तेल में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से मांसपेशियों को रिलैक्स करने, ऐंठन और सूजन को कम करने में मदद मिलती है, जिससे सर्दियों में होने वाली बदन दर्द की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है।

**थकान और कमजोरी को दूर करेः** इस आयुर्वेदिक तेल में बहुत से औषधीय गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से शरीर की थकान और कमजोरी को दूर करने में मदद मिलती है, जिससे शरीर को रिलैक्स करने नींद की गुणवत्ता में सुधार करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**सूजन कम करेः** आयुर्वेदिक तेल में भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से शरीर की सूजन को कम करने और दर्द को कम करने में मदद मिलती है, जिससे कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

**निष्कर्षः** सर्दियों में अक्सर लोगों को मांसपेशियों में दर्द होने, ऐंठन होने और जोड़ों में दर्द होने जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इन समस्याओं से राहत के लिए औषधीय गुणों से भरपूर सरसों के तेल, अजवाइन और लहसुन से बने आयुर्वेदिक तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# आकाश-एनजी : आत्मनिर्भर भारत का अभेद्य और अजेय शस्त्र



प्रो. आरके जैन

**हजारों वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और भारतीय उद्योग की अथक साधना से जन्मा यह स्वदेशी शस्त्र अब देश की सेनाओं की निर्णायक शक्ति बनने जा रहा है। जब भी दुश्मन आकाश की ओर आंख उठाने का साहस करेगा।**

**चीन की पीएलएएएफ और पाकिस्तान की बढ़ती हवाई क्षमताओं के सामने यह लेयर्ड एयर डिफेंस का एक मजबूत और निर्णायक स्तंभ बनेगा। ड्रोन हमलों और नेटवर्क-केंद्रित युद्ध के इस दौर में, जहां पारंपरिक प्रणालियां सीमित साबित हो सकती हैं, वहीं आकाश-एनजी की उच्च गति, अचूक सटीकता और मल्टी-टारगेट एंगेजमेंट क्षमता दुश्मन की हर रणनीति को विफल करने का दम रखती है।**

23 दिसंबर 2025 का दिन भारतीय रक्षा इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया, जब डीआरडीओ ने नेक्स्ट जेनरेशन आकाश (आकाश-एनजी) मिसाइल सिस्टम के यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल्स को पूर्ण सफलता के साथ संपन्न किया। यह केवल एक तकनीकी परीक्षण नहीं था-यह भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता का अभूतपूर्व प्रदर्शन था। उच्च गति वाले, कम ऊंचाई वाले लक्ष्यों से लेकर दूरस्थ उच्च ऊंचाई वाले खतरों तक, आकाश-एनजी ने हर परिस्थिति में निर्भीकता और सटीकता से दुश्मन को नष्ट करने की क्षमता साबित की। जब पड़ोसी देश लगातार ड्रोन स्वार्म, क्रूज मिसाइल और स्टेल्थ फाइटर के जरिए भारत की सीमाओं को चुनौती दे रहे हैं, तब यह सिस्टम 'आत्मनिर्भर भारत' की सबसे मजबूत ढाल बनकर उभरा है-एक ऐसा हथियार जो आकाश को भारत का अभेद्य किला बना देगा। यूजर ट्रायल्स की यह ऐतिहासिक सफलता इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि आकाश-एनजी ने वास्तविक युद्ध परिस्थितियों की तरह कई चुनौतीपूर्ण सिनेरियो में अपनी क्षमता साबित की। निकट सीमा पर अत्यंत निम्न ऊंचाई (नीयर-बाउंड्री लो-अल्टीट्यूड) से लेकर लंबी दूरी की उच्च ऊंचाई (लॉन्ग-रेंज हाई-ऑल्टीट्यूड) तक के लक्ष्यों को सटीकता से इंटरसेप्ट किया गया। डीआरडीओ के अनुसार, सभी प्रारंभिक सेवा गुणवत्ता आवश्यकताएं (प्रिलिमिनरी सर्विस क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स) पूरी हुईं, जिनमें उच्च गति, चपलता और जटिल हवाई खतरों के खिलाफ उत्कृष्ट सटीकता शामिल थी। यह अत्याधुनिक सिस्टम वायु रक्षा को नई ऊंचाई देगा-और वास्तव में, यह अब केवल परीक्षण नहीं, बल्कि युद्ध की तैयारी का सबसे भरोसेमंद प्रमाण बन चुका है। आकाश-एनजी की असली ताकत इसकी 100% स्वदेशी तकनीक में छिपी है। इसमें स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) सीकर लगा है, जो लक्ष्य को मिलीसेकंड्स में लॉक कर देता है और उच्चतम सटीकता सुनिश्चित करता है। ड्यूल-पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर की दो-चरणीय शक्ति इसे मैक 2.5 की गति और अद्वितीय मैन्यूवरेबिलिटी देती है, जिससे यह किसी भी चुनौतीपूर्ण हवाई खतरे का सामना कर सकती है। मल्टी-फंक्शन रडार (एमएफआर), कमांड एंड कंट्रोल यूनिट, मिसाइल लॉन्च व्हीकल-सब कुछ डीआरडीओ की भारतीय लैबोरेटरीज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) जैसी अग्रणी घरेलू कंपनियों द्वारा तैयार किया गया है। यह मिसाइल प्रणाली निर्भरता-मुक्त रक्षा का जीवंत प्रतीक है, जहां विदेशी तकनीक की जगह भारतीय बुद्धिमत्ता और इंजीनियरिंग ने पूरी तरह से ले ली है। इस सिस्टम की मारक क्षमता और परिचालन ऊंचाई पुराने आकाश से कहीं अधिक उन्नत है-यह 70-80 किलोमीटर तक की प्रभावी रेंज और 18 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर दुश्मन के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। फाइटर जेट्स, हेलिकॉप्टर्स, यूएवी, क्रूज मिसाइल और एयर-टू-सर्फेस मिसाइल जैसे विविध खतरों के खिलाफ यह प्रणाली एक साथ कई टारगेट्स को एंगेज कर उन्हें नष्ट करने की क्षमता रखती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में इसकी तैनाती दुश्मन के हवाई हमलों के लिए 360-डिग्री अभेद्य कवच खड़ा कर देगी। विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख जैसे उच्च ऊंचाई वाले संवेदनशील इलाकों में, जहां आकाश प्राइम पहले ही अपनी प्रभावशीलता सिद्ध कर चुका है, वहीं अब आकाश-एनजी दुश्मन को सीमा के करीब आने का अवसर तक नहीं देगा। ट्रायल्स का यह चरण डीआरडीओ की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का शिखर प्रमाण बनकर उभरा है। इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर से लेकर विभिन्न फ्लाइट ट्रायल्स तक, हर स्तर पर सिस्टम ने अपनी विश्वसनीयता, स्थिरता और युद्ध-तत्परता को मजबूती से सिद्ध किया। ईओटीएस (इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम) जैसी अत्याधुनिक सुविधा के जरिए अब रडार-रहित गाइडेंस भी संभव हो गई है, जो स्टेल्थ और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग वाले खतरों के विरुद्ध अतिरिक्त सुरक्षा कवच प्रदान करती है।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**

# किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत के युवकों की घर वापसी, नौ लौटे सुरक्षित, तीन की वापसी जल्द





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

विदेश में नौकरी के सपने लेकर किर्गिस्तान गए पीलीभीत जिले के 12 युवकों के लिए बीते तीन महीने किसी बुरे सपने से कम नहीं रहे। वहां न केवल उनसे तय काम के बजाय दूसरी जगह जबरन काम कराया गया, बल्कि मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और वेतन न मिलने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए। युवकों ने वीडियो जारी कर भारत सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी। अब केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की पहल से नौ युवक सकुशल अपने घर लौट आए हैं, जबकि शेष तीन युवकों की वापसी 30 दिसंबर तक सुनिश्चित किए जाने की बात कही गई है।

### रिक्रूटिंग एजेंसी के झांसे में फंसे युवक

बरखेड़ा, पूरनपुर, दियोरिया, गजरौला थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांवों के ये 12 युवक करीब तीन माह पहले किर्गिस्तान भेजे गए थे। आरोप है कि शहर की एक कॉलोनी में संचालित रिक्रूटिंग एजेंसी के संचालक ने कंपनी में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रति युवक करीब ढाई से पांच लाख रुपये तक वसूले। युवकों का कहना है कि किर्गिस्तान पहुंचने के बाद उन्हें तय शर्तों के विपरीत दूसरी जगह काम कराया गया, वेतन नहीं दिया गया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई।

### वीडियो के जरिए मांगी थी मदद

उत्पीड़न से परेशान युवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की थी। इसके बाद परिजनों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात की। मामला केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद तक पहुंचा, जिन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया। किसान नेता देव स्वरूप पटेल की पहल पर 10 दिसंबर को पीड़ित परिजनों की व्यथा लिखित रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तक पहुंचाई गई।

इसके बाद 12 दिसंबर को पीड़ित परिवारों को दिल्ली बुलाकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में उनसे मुलाकात की गई। इसी दौरान भारतीय दूतावास और किर्गिस्तान के संबंधित अधिकारियों से सीधे वार्ता कर सभी युवकों की सकुशल वापसी के निर्देश दिए गए।

### तीन युवकों की वापसी 30 दिसंबर तक

देव स्वरूप पटेल ने बताया कि ग्राम जिरोनिया के मजरा सेमर गोटिया निवासी हरिशंकर, ग्राम भूड़ा पिपरिया निवासी रामासरे और ग्राम बैजूनगर निवासी श्यामचरन के टिकट अभी नहीं हो पाए हैं, हालांकि उनके वीजा उपलब्ध करा दिए गए हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने 26 दिसंबर को दोबारा किर्गिस्तान के अधिकारियों से बातचीत कर 30 दिसंबर तक इन तीनों को भारत भेजने का आश्वासन लिया है।

सभी 12 युवकों की सकुशल वापसी के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पीलीभीत में उनका सम्मान और स्वागत किया जाएगा। किर्गिस्तान से लौटे युवकों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए अन्य युवाओं से अपील की कि वे किसी भी निजी एजेंसी के झांसे में आकर विदेश न जाएं।

यदि विदेश जाना जरूरी हो तो विदेश मंत्रालय के नियमों के तहत सरकारी माध्यम से ही जाएं। युवकों ने अपने साथ हुई ठगी की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और लगभग एक करोड़ रुपये की ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग भी की है।

### नौ युवक लौटे, परिजनों में खुशी

किर्गिस्तान प्रशासन द्वारा 22 दिसंबर को सभी युवकों को वीजा उपलब्ध कराए गए। 24 दिसंबर को नौ युवकों के भारत आने के टिकट कराए गए, जो 26 दिसंबर की सुबह मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से ट्रेन के जरिए 27 दिसंबर की सुबह वे बरेली पहुंचे। बरेली पहुंचने पर किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने उनसे मुलाकात की। युवकों के घर लौटने से परिजनों के चेहरे खिल उठे।

### स्थानीय रोजगार पर जोर

किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि अब युवाओं को विदेश जाने की जरूरत नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत पीलीभीत क्षेत्र में ही लघु व बड़े उद्योगों के माध्यम से रोजगार सृजन के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को अपने जिले में ही सम्मानजनक रोजगार मिल सके। यह घटना न केवल विदेश में नौकरी के नाम पर होने वाली ठगी का गंभीर उदाहरण है, बल्कि यह भी दिखाती है कि समय पर प्रशासनिक और राजनीतिक हस्तक्षेप से पीड़ितों को राहत मिल सकती है।

युवकों का कहना है कि उन्होंने जमीन और घर गिरवी रखकर, कर्ज लेकर यह रकम दी थी।

# करैली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, जमीन विवाद में हुई सनसनीखेज हत्या का 24 घंटे में खुलासा

- भाई की हत्या कर घर में दफनाया शव, पति-पत्नी गिरफ्तार, लाठी-फावड़ा व मोबाइल बरामद



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत करैली थाना के ग्राम लिलहर में जमीन विवाद को लेकर हुई जघन्य हत्या का करैली पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सनसनीखेज खुलासा कर दिया। पुलिस की सख्ती, तकनीकी जांच और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आगे आरोपी पति-पत्नी टूट गए और अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, वहीं क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की सराहना हो रही है।

जमीन विवाद बना हत्या की वजह पुलिस के अनुसार ग्राम लिलहर निवासी नक्षत्रपाल सिंह का अपने छोटे भाई हंसराज से लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। नक्षत्रपाल के नाम करीब साढ़े आठ बीघा जमीन दर्ज थी, जिसमें हंसराज अपना हिस्सा मांग रहा था। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच आए दिन कहासुनी होती रहती थी।

### लाठी-फावड़े से हमला कर की हत्या

दिनांक 14 दिसंबर 2025 की सुबह करीब चार बजे नक्षत्रपाल अपने भाई हंसराज को गांव की मंडी से घर लेकर आया। घर पहुंचने पर दोनों के बीच फिर विवाद बढ़ गया।

इसी दौरान नक्षत्रपाल ने गुस्से में आकर हंसराज पर लाठी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। शोर सुनकर उसकी पत्नी राधा देवी मौके पर पहुंची और फावड़े से हमला कर दिया। दोनों के हमले में हंसराज की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से आरोपी घबरा गए। इसके बाद नक्षत्रपाल, उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर घर के भीतर बने एक अधूरे कमरे में फावड़े से गड्ढा खोदकर शव को जमीन में दफना दिया और फरार हो गए।

### वैज्ञानिक जांच से खुला राज

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई। फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए। मोबाइल सर्विलांस और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर शव व हथियार बरामद किए पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घर में खुदाई कर शव बरामद किया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त एक बांस की लाठी, एक फावड़ा और मृतक का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों नक्षत्रपाल सिंह उम्र करीब 45 वर्ष और उसकी पत्नी राधा देवी उम्र करीब 42 वर्ष के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी नक्षत्रपाल का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2016 में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज रहा है। पुलिस द्वारा उसके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी गहन जांच की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में थानाध्यक्ष विपिन शुक्ला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह, उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह, कांस्टेबल सन्नी, कांस्टेबल यशवीर सिंह एवं महिला कांस्टेबल नीशू धामा की अहम भूमिका रही। करैली पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से एक बार फिर यह संदेश साफ हुआ है कि अपराध चाहे जितना भी जघन्य क्यों न हो, कानून की पकड़ से बचना संभव नहीं है।

# कोहरे में मौत के मुंह से निकले चार युवक, शारदा नदी में गिरी कार

- कल्पवासी साधुओं और माझी की सूझबूझ ने बचाई चार परिवारों की खुशियाँ

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद की तहसील पूरनपुर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात घने कोहरे ने सड़क सुरक्षा की गंभीर हकीकत फिर से उजागर कर दी। खटीमा की ओर से आ रही कार चालक की नजरें अचानक रास्ते से हट गईं और देखते ही देखते कार शारदा नदी में फिसल गई। कार में सवार अर्जुन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आदित्य वर्मा और अनंत रघुवंशी सभी निवासी संपूर्णनगर, लखीमपुर खीरी कुछ ही पलों में मौत के मुंह में पहुँच गए। घटना के समय नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा था और अंधेरी रात में चारों युवक कार में फंसे रहे। पानी बढ़ने लगा तो चारों ने शीशा तोड़कर बाहर निकलने की हिम्मत दिखाई और डूबती कार की छत पर खड़े होकर मदद के लिए चीखने लगे। ठंडे पानी और सन्नाटे के बीच युवकों का जीवन और मौत के बीच संघर्ष लगभग आधे घंटे तक जारी रहा।

युवकों की मदद की आवाजें नदी किनारे दुकान चला रहे पप्पू निवासी चंदिया हजारा के कानों तक पहुँची। उन्होंने तुरंत कल्पवास कर रहे साधुओं को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे बाबा राघवदास ने स्थिति की गंभीरता समझते हुए घाट पर रहने वाले बबलू माझी को बुलाया। अंधेरे और ठंड के बावजूद, बबलू माझी और साधुओं ने लंबे बांसों की मदद से एक-एक कर चारों युवकों को नदी से बाहर निकाला। ठंडे पानी में भीग चुके युवक कांप रहे थे, लेकिन साधुओं ने तुरंत आग जलाई और उन्हें गर्माहट व मानसिक सहारा दिया। कुछ ही देर में युवकों की सांसें सामान्य हुई और उनके चेहरे पर जीवन लौट आया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुँची। हजारा थाना प्रभारी शरद यादव ने बताया कि सभी युवक सुरक्षित हैं और उन्हें उनके घर भेज दिया गया। हालांकि रात के अंधेरे और तेज बहाव के कारण कार को तुरंत बाहर नहीं निकाला जा सका। शनिवार सुबह बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे जमा हुए और पुलिस ने कार निकालने की प्रक्रिया शुरू की।

### संवेदनशीलता और इंसानियत की जीत

यह हादसा एक बार फिर दिखाता है कि घने कोहरे में थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। वहीं, जब इंसानियत जागती है तो मौत भी हार मान जाती है। कल्पवासी साधुओं और माझी की तत्परता ने चार परिवारों की खुशियाँ लौटाईं और यह घटना स्थानीय लोगों के बीच लंबे समय तक याद रखी जाएगी। चारों युवक संपूर्णनगर, लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं और उनके परिवारों ने साधुओं और माझी के साहस की सराहना की है। स्थानीय प्रशासन ने भी कहा कि सड़क पर सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाएगा ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# सड़कों पर छुट्टा जानवरों के सींगों पर लगाए जाएंगे रिफ्लेक्टर


## सड़क सुरक्षा माह में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के बेसिक, माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों सहित सभी विभागों में सड़क सुरक्षा से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी इंतजार ख़ान ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा थीम पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। साथ ही रोड सेफ्टी क्लब से जुड़े छात्र-छात्राएं जन जागरूकता अभियान चलाएंगे और रैली निकालकर आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सीट बेल्ट और हेलमेट के प्रयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। बेसिक, माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी हेलमेट और सीट बेल्ट के नियमित प्रयोग के लिए जागरूक किया जाएगा। रात्रि के समय सड़कों पर घूमने वाले छुट्टा जानवरों से होने वाली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनके सींगों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने की योजना बनाई गई है। इससे अंधेरे में जानवरों की पहचान आसानी से हो सकेगी और वाहन चालक समय रहते सतर्क हो सकेंगे। इस पहल से जानवरों और वाहन चालकों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

नोडल अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी से अनुरोध किया जाएगा कि सभी विभागों में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाए और बिना हेलमेट कार्यालय आने वाले कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। कोहरे के मौसम में बढ़ने वाली सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए गन्ने की ट्रॉलियों, ट्रैक्टरों और गन्ना ढोने वाले अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही छात्र-छात्राओं को भी साइकिलों में रिफ्लेक्टर लगाकर चलने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा माह के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर न केवल छात्र-छात्राओं बल्कि आमजन को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाकर सुरक्षित यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर कल्याणपुर में विटामिन ए कार्यक्रम का शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद के ब्लॉक मरोरी क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कल्याणपुर में शनिवार को विटामिन ए अनुपूरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने फीता काटकर किया। शुभारंभ अवसर पर दर्जनों बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह अभियान 9 माह से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत आगामी 24 जनवरी 2026 तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण से बचाव तथा आंखों की रोशनी से जुड़ी समस्याओं को रोकना है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सहस पाल सिंह, बीपीएम, डीसीपीएम, जिला समन्वयक (जेएसआई) सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा सीतापुर से एसआरएम की टीम के सदस्य उपेंद्र यादव और अपूर्व शुक्ला भी उपस्थित रहे।

शुभारंभ के बाद अधिकारियों द्वारा सिम शॉप क्षेत्र के मिल्क एवं मोहनपुर गांवों में संचालित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीकाकरण प्रक्रिया, अभिलेखों की स्थिति तथा लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रिफ्लेक्टर वहीन वाहन मुसाफिरों के लिए बन रहे घातक

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

बिना रिफ्लेक्टर के ओवरलोड वाहन मुसाफिरों के लिए घातक सिद्ध हो रहे हैं।

पुलिस प्रशासन ऐसे वाहनों पर नकेल कसने की बजाय मात्र दोपहिया वाहन चालकों के चालान कर खानापूर्ति करता है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही धुंध भी जलवा दिखाना शुरू कर दिया है।

धुंध के कारण ऐसे वाहन सड़कों पर यमदूत बन जाते हैं जिनके आगे-पीछे कोई रिफ्लेक्टर या स्टिकर नहीं लगा होता। ओवरलोडिड व बिना रिफ्लेक्टर व स्टिकर के ट्रैक्टर-ट्राली व थ्री-व्हीलर चल रहे हैं। इनके पीछे न तो स्टिकर लगे होते हैं और न रिफ्लेक्टर।

सर्दी के मौसम में धुंध के कारण यह सड़कों पर दिखाई तक नहीं देते जिससे अक्सर दुर्घटनाएं घटती रहती हैं।

पेराई सत्र चल रहा है। इसी के चलते सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का आवागमन शुरू है। पहले जहां एक ट्रैक्टर के साथ खाली ट्रॉली जुड़ी नजर आती थी, अब उसी ट्रैक्टर के साथ तीन-चार ट्रालियां ओवरलोडेड जुड़ी हुई देखी जा सकती है।

# राज्य सरकार की संवेदनशील पहल: सैनिक कृषकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश

- सैनिकों को गन्ना पर्चियों में विशेष प्राथमिकता, 1 जनवरी से लागू होगा सैनिक कोटा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



गन्ना आपूर्ति में सैनिकों, अर्द्धसैनिक बलों, पूर्व सैनिकों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को विशेष प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने नई गन्ना सट्टा नीति लागू की है। इस नीति के अंतर्गत सैनिक कृषक सदस्य अब अपनी गन्ना पर्चियां समय से पहले प्राप्त कर सकेंगे। यह निर्णय न केवल किसानों के हित में है, बल्कि राष्ट्र सेवा में लगे वर्ग के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक भी है। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि नई नीति के तहत सैनिक, अर्द्धसैनिक बलों के जवान, पूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनके विधिक उत्तराधिकारी कुल निर्धारित गन्ना पर्चियों में 20 प्रतिशत सैनिक कोटा के तहत पहले लाभान्वित होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान्य कृषक अपनी पर्चियां पूरे 12 पक्षों में प्राप्त करेंगे, जबकि सैनिक सदस्य अपनी पर्चियां 10वें पक्ष तक ही प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें शीघ्र गन्ना आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यदि किसी सैनिक या पूर्व सैनिक की भूमि नहीं है और उनके माता-पिता के नाम पर सट्टा दर्ज है, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर इस सुविधा का लाभ उन्हें दिया जाएगा। वहीं, कार्यरत सैनिकों के लिए एडजूटेंट और अर्द्धसैनिक बलों के लिए कमांडेंट/कंपनी कमांडर द्वारा प्रदत्त पहचान-पत्र मान्य होगा।

जिला गन्ना अधिकारी ने यह भी बताया कि वर्तमान पेराई सत्र में जनपद की सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों के कुल 405 सट्टों पर सैनिक कोटा की सुविधा प्रभावी की जाएगी। इसमें पीलीभीत, मझोला, पूरनपुर और बीसलपुर क्षेत्र के सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनके वारिस सम्मिलित होंगे।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस व्यवस्था से न केवल सैनिक कृषकों को शीघ्र लाभ मिलेगा, बल्कि राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को भी बल मिलेगा, जिसके तहत सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के आश्रितों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जाता है। गन्ना विभाग की यह पहल सैनिक सदस्यों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और कृतज्ञता का सशक्त संदेश है।

प्रभाव- यह सैनिक कोटा सुविधा 1 जनवरी 2026 से प्रभावी हो जाएगी और पीलीभीत जिले के गन्ना कृषक सदस्य इसे सीधे लाभ के रूप में अनुभव करेंगे।

# गौवंश संरक्षण के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता, शीतकालीन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



शीत ऋतु के आगमन के साथ ही गौवंश के संरक्षण और उनकी सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में आज भीखमपुर उर्फ़ प्रानपुर एवं कटकवारा स्थित गौवंश आश्रय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों ही आश्रय स्थलों पर गौवंश के शीतकालीन संरक्षण की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि सर्दी एवं शीतलहर से बचाव के लिए दोनों आश्रय स्थलों पर तिरपाल की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे गौवंश को ठंड से सुरक्षित वातावरण मिल सके। ठंड के मौसम में यह व्यवस्था गौवंश के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक मानी जाती है। इसके साथ ही दोनों ही स्थानों पर भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि पशुओं के पोषण को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरती जा रही है। नियमित चारा, स्वच्छ पानी और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था होने से गौवंश स्वस्थ एवं संरक्षित अवस्था में पाए गए। कटकवारा स्थित गौवंश आश्रय स्थल पर वर्तमान में कुल 60 गौवंश संरक्षित हैं, जबकि भीखमपुर उर्फ़ प्रानपुर गौवंश आश्रय स्थल पर 28 गौवंश सुरक्षित रूप से रखे गए हैं। निरीक्षण के दौरान सभी गौवंश स्वस्थ पाए गए तथा उनके रहने, खाने और पानी की व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों एवं देखभालकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शीत ऋतु के दौरान नियमित निगरानी बनाए रखें। समय-समय पर भूसा एवं चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और गौवंश के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी या परेशानी को समय रहते रोका जा सके। प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि गौवंश आश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। ठंड के मौसम में किसी भी प्रकार की असुविधा गौवंश को न हो, इसके लिए निरंतर निरीक्षण किया जाएगा और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्य भी किए जाते रहेंगे। कुल मिलाकर, यह निरीक्षण प्रशासन की उस संवेदनशील सोच को दर्शाता है, जिसमें गौवंश संरक्षण को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में लिया जा रहा है। यदि इसी प्रकार नियमित निरीक्षण और व्यवस्थाओं की समीक्षा होती रही, तो गौवंश आश्रय स्थल वास्तव में सुरक्षित एवं मानवीय संरक्षण का उदाहरण बन सकते हैं।

# जिले से दो लाख 86 हजार मतदाताओं के कटेंगे नाम



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

**पूरनपुर।** जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया शुक्रवार 26 दिसंबर की रात 12 बजे बंद हो गई। इस प्रक्रिया के तहत पुरानी मतदाता सूची से 2 लाख 86 हजार से अधिक मतदाताओं को बाहर किया जाएगा। इसके अलावा, 68 हजार से अधिक मतदाताओं को नोटिस भी जारी किए जाएंगे। एसआईआर की अंतिम तिथि को चार दिसंबर से बढ़ाकर 26 दिसंबर किया गया था। अंतिम दिन शुक्रवार को मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को व्यवस्थित कर मैप किया गया। बीएलओ ने फोन कॉल के माध्यम से आवश्यक जानकारी जुटाकर कमियों को पूरा किया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में मतदाताओं के फोन घनघनाते रहे, और कंट्रोल रूम में भी लोगों ने जिज्ञासावश सवाल पूछे तथा अपने फॉर्म जमा किए। उन मतदाताओं का डेटा भी जुटाया जा रहा है जिन्होंने कई बार कहने के बावजूद गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं।जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली रिपोर्ट के अनुसार, कुल 11.99 लाख मतदाताओं को मैप किया जा चुका है। इस पूरे अभियान में 1522 बीएलओ लगाए गए थे।

जिले में कुल 14.67 लाख मतदाता हैं, जिनमें से 2 लाख 86 हजार मतदाता पुरानी सूची से बाहर होने की प्रक्रिया में हैं।

### फर्जी शैक्षिक पेपर लगाकर नौकरी करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बिजली विभाग कम्पनी वैभू इंफ्रा टेक इंडिया पीवीटी एलटीडी का कर्मचारी राजकुमार राजू पुत्र मदनलाल निवासी सुखदासपुर नवदिया विजली विभाग में बिलिंग सुपरवाइजर पद पर अपने फर्जी शैक्षिक पेपर लगाकर बिजली विभाग कम्पनी में कार्य कर रहा है। जिसकी वास्तविकता योग्यता पांच वीं पास है।

# नदी की बहती धारा में हैवी पोकलैंड मशीनों से अंधाधुंध खनन, विभाग मौन

## चिरपुरा खंड संचालक ने नदी के तल को सपाट कर, किए बड़े-बड़े गड्ढे

**जन एक्सप्रेस । उरई**



योगी सरकार जा हंटर प्रत्येक विभाग में चल रहा है लेकिन मुख्यमंत्री के विभाग में जालौन में मौरंग माफिया अवैध खनन करने से वाज नहीं आ रह है, बात करते है कालपी तहसील के चिरपुरा मौरंग खंड संख्या 2 की जहां ठेकेदार ने कुछ किराए के ठेकेदारों को खंड चलाने की जिम्मेदारी सौंप दी है। वेतवा नदी बुंदेलखंड की जीवनदायिनी कही जाती है। भोपाल से झांसी तक इसके रूप बेहद सुहावना दिखता है लेकिन झांसी से हमीरपुर तक इसका स्वरूप परिवर्तित होने लगता है जालौन के कालपी तहसील के कदौरा क्षेत्र में पढ़ने वाले चिरपुरा मौरंग खंड संख्या 2 में नदी नाम की कोई चीज दिखती ही नहीं यहां नदी के तल को सपाट कर दिया गया है बड़े बड़े गड्ढे के साथ पूरे तल में कच्चे पुल का संजाल बिछा हुआ दिखाई दे रहा है। नदी के बहती धारा से हैवी पोकलैंड मशीनों से अंधाधुंध खनन करते माफियाओं की टोली दिखाई देती है। यहीं माफियाओं द्वारा विभाग के द्वारा जारी एमएम 11 जो ऑनलाइन जारी की जाती है इसमें भी चतुराई दिखाई जा रही है। एक एमएम 11 पर 18 घन मीटर मौरंग की लदान की जा सकती है, लेकिन माफियाओं द्वारा 40 से 45 घन मीटर मौरंग की लदान की जा रही है। इसी खंड से माफिया द्वारा लोकेशन का खेल भी खेला जा रहा है। इसने अपने गुर्गों को मैदान ने उतारकर कालपी तहसील के सभी खंडों से निकलने वाले ओवरलोड ट्रकों को जिले की सीमा से पास कराने का जिम्मा लिया है जो खनिज विभाग और एआरटीओ से सांठगांठ कर ट्रकों को निकालने का कार्य बेहद चालाकी से कर रहा है। आपको बता दूं यह कार्य काफी दबंगई से अवैध ठेकेदारों द्वारा हो रहा है। वेतवा नदी में अवैध खनन की सीबीआई जांच चल रही है जिसमें जिले के दो ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई थी बाद में क्या हुआ इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर की गई थी। सरकार की मंशा क्या है जिले स्तर से क्या रिपोर्ट शासन की भेजी जाती है यह समझ के परे है। हालांकि तीन दिन पूर्व जब खनिज अधिकारी शनि कौशल से इस संबंध मे बात की थी तो उन्होंने कहा था कि उक्त खंड की शिकायत प्राप्त हुई है जल्द कार्रवाई की जाएगी, लेकिन आज तक क्या हुआ किसी को इसकी जानकारी नहीं। जिला खनिज अधिकारी शनि कौशल से इस संबंध में बात करनी चाही तो उन्होंने अपने सीयूजी नम्बर को नहीं उठाया, इसलिए बात नहीं हो सकी।

### कोहरे के चलते बुंदेलखंड के सर्विस रोड पर पलटा कूलर लदा कंटेनर

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कूलर लेकर आ रहा कंटेनर घने कोहरे के बीच बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर सहाव गांव के पास पलट गया। हादसे में चालक बाल बाल बच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात सामान्य कराया। शनिवार की सुबह क्षेत्र में घना कोहरा था। घने कोहरे के बीच फरीदाबाद से एक कंटेनर कूलर लादकर कटनी की ओर जा रहा था। सुबह करीब साढ़े सात बजे गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम पड़कुला निवासी चालक योगेंद्र सिंह सेंगर छिरिया कट के समीप पहुंचा। यही से कुछ ही दूरी पर उसका गांव था। चालक ने सोचा कि कुछ देर गांव में रूककर वह बाद में निकल जाएगा। जिसके चलते उसने कंटेनर को छिरिया कट पर उतारकर गोहन की ओर चल दिया। जब वह सर्विस रोड पर सहाव गांव के नजदीक कंटेनर लेकर पहुंचा तो घने कोहरे के चलते वह आगे मोड़ को नहीं देख सका और कंटेनर सर्विस रोड से उतरकर खेत में जाकर पलट गया। हादसे में चालक योगेंद्र सिंह बाल बाल बच गया। हादसे की सूचना जब छिरिया चौकी प्रभारी अजीत शर्मा को मिली तो वह मौके पर पहुंचे और यातायात को सामान्य कराया। साथ ही वाहन स्वामी को सूचना दी।

# विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला महिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित टीकाकरण सत्र के अवसर पर 9 माह से 05 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारम्भ किया। यह अभियान जिले में 24 जनवरी तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि विटामिन-ए बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। विटामिन-ए की खुराक से रतौंधी व अंधापन से बचाव, कुपोषण से सुरक्षा तथा बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए प्राकृतिक रूप से फल, हरी सब्जियों, अंडा, दूध एवं दूध से बने उत्पादों में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही टीकाकरण से बच्चों को गंभीर संक्रमणों से सुरक्षित रखा जा सकता है। सीएमओ डा. देवेन्द्र भिटौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत 9 माह से 12 माह के बच्चों को 1 एमएल तथा 01 से 05 वर्ष के बच्चों को 2 एमएल विटामिन-ए की खुराक पिलाई जा रही है।

यह खुराक टीकाकरण दिवस के अवसर पर समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उपकेंद्रों एवं उनके क्षेत्र में स्थित सत्र स्थलों पर पिलाई जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अपने एवं आसपास के 9 माह से 05 वर्ष के सभी बच्चों को नजदीकी टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलवाएं तथा बच्चों का समय से पूर्ण टीकाकरण कराएं। बताया कि विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में जनपद के 9 माह से 05 वर्ष आयु वर्ग के 2,10,008 लक्षित बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर जिला पुरुष चिकित्सालय उरई के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आनन्द उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा से गिरकर घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कुठौंद स्टेंड से ई-रिक्शा पर बैठ कर बहन के घर जा रही महिला अचानक रिक्शा से गिरकर घायल हो गई।जिसे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मसगांव शंकरपुर निवासी वीरवती 35 वर्ष का पति कैलाश नारायण दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। जबकि महिला घर पर अपने पुत्र अमन व दो पुत्रियां आरुषि व अनव्या के साथ रहतीं हैं। बताया गया कि महिला शुक्रवार की शाम माधौगढ़ स्टैंड से ईरिक्शा पर बैठकर ग्राम कुरौली निवासी बहन गिरजा कुमारी के घर जा रही थी। इसी दौरान ग्राम बावली के पास अचानक झपकी आ जाने पर महिला ई- रिक्शा से सड़क पर गिर गई। इस दौरान चालक ने लोगों की मदद से महिला को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। खबर मिलते ही ही उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं सीएचसी में कुछ देर चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। मामले में थाना प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बल्कि घटना की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। फिलहाल घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गद्दा फर्नीचर गोदाम में लगी भीषण आग 15 लाख का माल जलकर तवाह

## वेल्डिंग करते समय निकली चिंगारी ने ढाया कहर, मौके पर जिले से पहुंची दमकल गाड़ियां

**जन एक्सप्रेस । कोंच**

नगर क्षेत्र में स्थित गद्दा व फर्नीचर गोदाम में शनिवार की दोपहर टीन शेड की मरम्मत के लिए बेल्डिंग का कार्य कराते समय चिंगारी गिरने से भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तो बेल्डिंग कर्मचारी मौके से भाग निकले। सूचना मिलते ही पहुंची दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक लाखों रुपए का माल जलकर तवाह हो गया। नगर के जवाहर नगर इलाके में मियागंज व स्टेशन मार्ग पर वीरेंद्र अग्रवाल की गद्दा, फर्नीचर व पीबीसी की दुकान अपने ही मकान की पहली मंजिल पर है। जबकि दूसरी मंजिल पर गोदाम व आवास बना है। बताया गया है कि तीसरी मंजिल पर लगे टीन शेड में गद्दे, के साथ फाम की फर्नीचर के लिए सीट बनाए जाते हैं। जिसका सामान भी टीनशेड के नीचे रखा रहता है। शनिवार को वह अपने टीनशेड की मरम्मत के लिए बेल्डिंग का काम करवा रहे थे। इसी दौरान शनिवार की दोपहर के बेल्डिंग से निकली चिंगारी वहां फैले लकड़ी और फाम, प्लास्टिक के ढेर पर गिर गई। इससे कुछ ही मिनट में चारों तरफ आग फैल गई। आग लगने के कारण टीन शेड की मरम्मत में लगे कर्मचारी वहां से भाग लिए। आग फैलते ही इलाके में रहने वाले लोग घरों से बाहर निकल आए और अपने अपने घरों की समर्सिबल चलाकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। आग दूसरी मंजिल पर बने गोदाम पर न फैल जाए इसके लिए इलाके के लोगों ने वहां रखे गद्दे नीचे सड़क पर फेंक दिए जिससे बाहर गद्दों का भारी ढेर लग गया। आग की सूचना पाकर एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर प्रसाद मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के लिए उरई, माधौगढ़, जालौन, कोंच से फायर ब्रिगेड की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकानदार वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि आग से करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# ईंट पत्थर से घायल करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



सांडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय मुल्लागंज में 24 दिसंबर को एक घर पर ईंट पत्थर चलाकर लोगों को घायल करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

प्राप्त विवरण में 25 दिसंबर को राधिका देवी पत्नी श्री रामप्रकाश निवासी मोहल्ला सरायमुल्लागंज द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गई कि घनश्याम पुत्र दिलाशाराम, रामरहीश पुत्र आशाराम निवासीगण मोहल्ला सरायमुल्लागंज थाना सांडी सहित 04 लोगों द्वारा उसके घर पर ईट व पत्थर फेंककर उसे और उसके परिजनों को घायल कर दिया। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना सांडी पर आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर आरोपियों की तलाश शुरू की।थाना सांडी के प्रभारी राकेश कुमार यादव और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी घनश्याम पुत्र दिलाशाराम और रामरहीश पुत्र आशाराम निवासीगण मोहल्ला सरायमुल्लागंज थाना सांडी जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# अटल जी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था: सांसद जयप्रकाश रावत

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी के अवसर पर शनिवार को शाहाबाद ब्लॉक सभागार में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें भारतीय राजनीति का युगपुरुष बताया।

इस मौके पर आयोजक त्रिपुरेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि सांसद जयप्रकाश रावत एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी का स्वागत किया। सम्मेलन की शुरुआत भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य पी.के. वर्मा के संबोधन से हुई। सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा उन्हें करीब 14 वर्षों तक अटल जी के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिला,जो उनके जीवन का गौरवपूर्ण अनुभव रहा। अटल जी लखनऊ से सांसद थे, लेकिन हरदोई से उनका विशेष लगाव था। वह हरदोई के पुराने कार्यकर्ताओं और परिचितों की नियमित रूप से जानकारी लेते रहते थे, तथा उनके कार्यालय में हरदोई के कई लोग कार्यरत रहे। सांसद ने कहा कि विदेश मंत्री रहते हुए अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण देकर न केवल हिंदी भाषा का गौरव बढ़ाया,बल्कि भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई।उच्चशिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में कहा अटल बिहारी वाजपेई एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ संवेदनशील कवि, साहित्यकार और निर्भीक पत्रकार भी थे। उन्होंने सदन में विपक्ष से कहा था आप भाजपा से लड़ सकते हैं, लेकिन भारत से नहीं, उनका यह कथन आज भी राष्ट्रहित की राजनीति का मूल मंत्र है। मंत्री ने अटल जी की पाकिस्तान यात्रा के दौरान एक महिला पत्रकार से हुई संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि अटल जी की वाक्पटुता, बुद्धिमत्ता और राष्ट्रभक्ति का कोई सानी नहीं था। राज्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की कविताएं आज भी देश को नई दिशा देती हैं। उनकी पंक्तियां **हम सबको कदम से कदम मिलाकर चलना होगा** देशवासियों को एकजुट होकर विकसित भारत के संकल्प की प्रेरणा देती हैं। अटल जी ने अपने पूरे जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। सम्मेलन में ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, संजीव वर्मा, शरद सिंह, प्रवीण सिंह, धीरेन्द्र सिंह, कश्मीर सिंह, पुतन्ने सिंह, कुंदन सिंह, नगर अध्यक्ष अनिल पाण्डेय पिन्टू सहित सैंकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### नए साल में करें नई शुरूआत: 2026 में ओरल हेल्थ पर दें खास ध्यान: डॉ सोनिया दत्ता

**आगरा।** डॉ सोनिया दत्ता, एमडीएस, पीएचडी; प्रोफेसर, पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री के अनुसार, क्या आप जानते हैं कि आपकी ओरल हेल्थ यानि मुंह के स्वास्थ्य का असर शरीर के पूरे स्वास्थ्य पर पड़ता है। उदाहरण के लिए अगर आपके मसूड़ों में सूजन है तो इसका असर पाचन पर, हृदय पर और पूरी सेहत पर भी पड़ सकता है। तो क्यों न नए साल की शुरूआत के साथ अपनी आदतों में कुछ बदलाव लाएं और मुंह की देखभाल पर विशेष ध्यान दें। अक्सर जब भी सेहत की बात आती है तो हम अपने खाने, व्यायाम, और नींद जैसे पहलुओं की बात करते हैं। क्योंकि हमें लगता है कि ये सभी पहलु हमारे स्वास्थ्य पर सीधा असर डालते हैं। लेकिन एक और महत्वपूर्ण पहलु है आपका मुंह, जिससे पूरे शरीर का स्वास्थ्य जुड़ा है। इसलिए अगर आप 2026 में अपनी सेहत की देखभाल का संकल्प लेने जा रहे हैं, तो सबसे पहले ओरल केयर पर ध्यान दें। आयुर्वेद को अपनाएं- आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां को सदियों से मुंह के स्वास्थ्य के लिए कारगर माना जाता रहा है। ऐसी ही कुछ जड़ी-बूटियां हैं- लौंग का तेल- यह मुंह में बैक्टीरिया को पनपने से रोकता हैं, और असहजता को दूर करता है।

# जल जीवन मिशन में तेजी, सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने व चेक डैम-तालाबों से जल संरक्षण पर जोर

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जलशक्ति विभाग, सिंचाई, लघु सिंचाई एवं जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नलकूप, जल जीवन मिशन, सिंचाई परियोजनाएं, जल संरक्षण, नदी पुनरुद्धार, चेक डैम एवं तालाबों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मंत्री ने योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान प्रगति धीमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों के पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि एजेंसियां तत्काल मेनपावर बढ़ाकर रोड रेस्टोरेशन, पाइपलाइन लीकेज मरम्मत तथा जल आपूर्ति से जुड़े समस्त लंबित कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लीकेज से संबंधित शिकायतों का निस्तारण 48 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए।

जीवीपीआर एजेंसी को 15 फरवरी तक तथा बीजीसीसी एजेंसियों को जून तक हर घर नल से जल पहुंचाने के निर्देश दिए गए। कार्यों में देरी होने पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। मंत्री ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यदायी एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का नियमित सत्यापन कराया जाए तथा हर हाल में जनपद के प्रत्येक गांव को **हर घर जल** योजना से संतृप्त किया जाए। कहा कि नहरों का संचालन इस प्रकार किया जाए कि टेल तक समय से पानी पहुंचे। हाल ही में हुई नहर ओवरफ्लो की घटनाओं पर विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि लगातार वर्षा के कारण कुछ नहरों की सिल्ट सफाई नहीं हो पाई थी, जिसके कारण कुछ स्थानों पर समस्या उत्पन्न हुई। मंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों की सिंचाई आवश्यकता समाप्त होते ही नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ नियमित रूप से जल चौपाल आयोजित की जाएं, जिसमें उन्हें यह जानकारी दी जाए कि नहरों में पानी कब आएगा और कब बंद रहेगा, जिससे किसानों को पूर्व तैयारी में सुविधा हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग तीन लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में वृद्धि हुई है तथा एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लघु सिंचाई का विस्तार हुआ है, जिससे किसानों की फसल उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मंत्री ने लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि यांत्रिक एवं विद्युत कारणों से खराब पड़े नलकूपों को निर्धारित समय सीमा में ठीक कराया जाए तथा जो नलकूप संचालित हैं, उनका रोस्टर के अनुसार किसानों की आवश्यकता के अनुरूप संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नलकूपों पर भी जल चौपाल आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने जल संरक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए कहा कि चेक डैम, तालाबों के जीर्णोद्धार, वर्षा जल संचयन एवं नदी पुनरुद्धार कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। चेक डैम एवं तालाबों के माध्यम से भूजल स्तर को सुदृढ़ कर किसानों और ग्रामीणों को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाया जा सकता है। जल शक्ति मंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल और किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिले। इसके लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जादूगर अखिलेश जैसवाल ने प्रेमानंद महाराज को दिखाई अपनी जादुई कला

**जन एक्सप्रेस । मथुरा/ वृंदावन**



मशहूर जादूगर अखिलेश एक बार फिर संत प्रेमानंद महाराज से मिले। इस बार उन्होंने महाराज को कुछ जादुई कला दिखाई। प्रख्यात जादूगर अखिलेश जैसवाल के जादू को देखकर संत श्री प्रेमानंद जी महाराज खूब खुश हुए एवं खूब हंसे। जादूगर इस बार अपने साथ एक अखबार लेकर आए और उसके जरिए अनेकता में एकता का संदेश दिया। कला देखने के बाद संत महाराज बड़े खुश दिखे और उनकी कला की तारीफ की। जादूगर अखिलेश संत प्रेमानंद महाराज से मिलने के लिए श्रीराधे हित केलिकुंज आश्रम पहुंचे। महाराज से मिलकर उन्होंने कहा कि वह अपनी कुछ कलाओं को आपको दिखाना चाहते हैं। उन्होंने पहले तिरंगे के रंगों के अलग-अलग कपड़ों को जोड़कर उस पर संत प्रेमानंद की तस्वीर दिखाई। ज्ञात रहे कि बीस दिन पहले भी जादूगर अखिलेश ने राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को लगातार एक घंटे तक जादू दिखाया था एक सवाल के जवाब में जादूगर अखिलेश ने बताया कि जादू कला एक अद्भुत कला है, इसमें सस्पेंस, कॉमेडी,और ग्लैमर,सभी कुछ है, जादू कोई भी सीख सकता है। जादूगर अखिलेश ने बताया कि इस कला के उत्थान के लिए एक अप्रैल 2026 को आगरा में भारत वर्ष से दो सौ से अधिक जादूगर आ रहे हैं, इस कार्यक्रम की तैयारी बहुत जोर शोर से चल रही है।

# 'पुलिस ने दबाव बनाकर शिकायतकर्ता से बयान बदलवाये'

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

■ महिला दरोगा सहित चार पुलिसकर्मियों पर लगाए थे आरोप

पाली थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगे गंभीर आरोपों के मामले में अब नया मोड़ आ गया है, दिव्यांग व्यापारी मुस्लिम खां द्वारा पुलिसकर्मियों पर जबरन उठाने, अवैध हिरासत और रिश्वत वसूली के आरोप लगाने के बाद कथित तौर पर पुलिस व कस्बाई लोगों ने उस पर बयान बदलने का दबाव बनाया।

शिकायतकर्ता मुस्लिम खां के घर शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे पाली थाना पुलिस व कुछ कस्बाई लोग पहुंचे और उसे डराया-धमकाया गया। आरोप है कि इसी दबाव के चलते वह पुलिस के माफिक बयान देने को मजबूर हो गया। इस दौरान मौके पर उसका वीडियो भी बनाया गया। बताया गया कि कुछ कस्बाई लोग शनिवार को दोपहर को मुस्लिम खां को अपने साथ लेकर सीओ कार्यालय शाहाबाद पहुंचे, जहां उसके बयान बदलवाए गए। हैरानी की बात यह है कि छुट्टी के दिन सीओ कार्यालय खोलकर शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। घूसखोरी के गंभीर आरोपों से घिरी महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले पाली के मोहल्ला काजी सराय निवासी दिव्यांग कपड़ा व्यापारी मुस्लिम खां ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि बीती 23 दिसंबर की शाम उसे चाय पीते समय बिना किसी कारण पुलिसकर्मियों द्वारा उसे जबरन थाने ले जाया गया, सट्टेबाजी का झूठा आरोप लगाकर गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजने की धमकी दी गई और रुपये वसूलने के बाद ही छोड़ा गया। मामले की जांच सहायक पुलिस अधीक्षक शाहाबाद को सौंपी गई थी। शुक्रवार शाम को शिकायतकर्ता और आरोपियों के सीओ कार्यालय में बयान दर्ज किए गए, जिसमें शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र के अनुरूप ही आरोप लगाते हुए बयान देकर कार्रवाई की मांग की। अब बयान बदलवाने के आरोप सामने आने के बाद पुलिस की निष्पक्षता पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि सीओ कार्यालय में जांच मोहर्रिर अमित कुमार शर्मा ने बयान बदलवाने की बात को निराधार बताया और कहा उक्त प्रकरण में जांच चल रही है।

# युवक की हत्या करने वाला आरोपी आला क़त्ल के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

कछौना थाना छेत्र के ग्राम कामी पुर निवासी एक युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को आलाक़त्ल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

प्राप्त विवरण में 26 दिसंबर को शकील पुत्र यासीन निवासी ग्राम कामीपुर द्वारा थाना कछौना पर तहरीर दी गयी कि 24 दिसंबर को उसके पुत्र रियाज को गांव निवासी तोसू उर्फ आयुष पुत्र अजीत सिंह उर्फ मटरू उसके घर से अपने साथ किसी काम से लेकर कहीं गया था, जो सुबह तक घर नही पहुंचा। मृतक रियाज के परिजनों द्वारा तोसू उर्फ आयुष के परिजनों से जानकारी की गई तो उनके द्वारा बताया कि तोसू उर्फ आयुष व रियाज घर पर नही आये हैं। 25 दिसंबर को शाम के समय रियाज का शव ईदगाह के निकट महुआ के पेड़ के पास मिलने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा फील्ड यूनिट टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही गई एवं शव के पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गयी। मृतक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गयी। एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।थाना कछौना के प्रभारी निरीक्छक निर्भय कुमार सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद तोसू उर्फ आयुष पुत्र अजीत प्रताप सिंह उर्फ मटरू को उसकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त मफलर आलाकत्ल सहित गिरफ्तार किया गया।

# तमंचा व कारतूस के साथ छिनैती के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की कंधई थाने की पुलिस ने बीते नवम्बर माह में महिला के साथ हुई छिनैती के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो तमंचा, दो कारतूस, छिनैती की एंड्रायड मोबाइल के साथ ही नकदी भी बरामद किया है। बता दें कि बीते नवम्बर माह में कंधई थाना इलाके के पारा गांव निवासी धर्मराज अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही थाना इलाके के मनैतापुर प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचे ही थे कि पीछे मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात युवक उनकी पत्नी का पर्स छीनकर तेज रफ्तार में भाग गये। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। उसी क्रम में एसआई दीपक कुमार व एसआई पवन कुमार यादव के साथ उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दिलीपपुर थाना इलाके के नौहर पुल के पास दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त अंश प्रताप दिलीपपुर थाना इलाके के जगदीशगढ गांव का निवासी है और शनि सिंह थाना कंधई के नेवादा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों को थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर मोड़ से बिजहरा नेवादा जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के कब्जे से दो तमंचा, दो कारतूस व छिनैती की एंड्रायड मोबाइल, नगद 810 रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 317(2) की बढोत्तरी की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे छिनैती की घटनाएं करते हैं और पकड़े जाने की स्थिति में तमंचे से फायर कर मौके से फरार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि वे आपस में रिश्तेदार हैं और अक्सर साथ रहते हैं। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि बीते 22 नवम्बर को रात्रि लगभग पौने ग्यारह बजे बेल्हा देवी मंदिर से लौटते समय रखहा बाजार क्षेत्र में मनैतापुर प्राथमिक विद्यालय के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार महिला के हाथ से पर्स झपट्टा मारकर छिनैती की घटना कारित की गई। लूटे गए पर्स में एक वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन, चार हजार नकद एवं एक आधार कार्ड था, जिसमें से नकद राशि आपस में बाँटकर खर्च कर दी गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

## जमीनी विवाद में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** बाघराय थाना इलाके में दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुई जमकर मारपीट।

थाने पर तैनात एसआई क्षेत्र में अपनी पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे तभी उन्हें थाना इलाके के धारुपुर गांव में मारपीट की सूचना मिली। पुलिस दोनों पक्ष पर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के बाघराय थाना इलाके के धारुपुर गांव में अनुज शुक्ला व सूर्य प्रताप सिंह के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसआई देवीदयाल के अनुसार जब पुलिस टीम के साथ धारुपुर गांव पहुंचे तो अनुज शुक्ला व सूर्यप्रताप सिंह के बीच मारपीट व गालीगलौज हो रही थी। साथ ही दोनों पक्ष एक दूसरे को जान से मारने व मरवा डालने की तरह-तरह की धमकियां दे रहे है। एसआई ने दोनो पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया और थाने आने को कहा। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया।

# घने कोहरे के कारण बस सड़क किनारे गढ्ढे में पलटी, बाल-बाल बचे यात्री



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र में घने कोहरे के कारण एक यात्री बस शुक्रवार देर रात सड़क किनारे पानी भरे खाई में पलट गई। गनीमत रही कि सभी यात्री बाल बाल बच गए। प्रयागराज से आ रही एक प्राइवेट रात करीब ग्यारह बजे जैसे ही थाना इलाके के रायगढ़ चैन का पुरवा के समीप पहुंची ही थी कि घना कोहरा होने के कारण ड्राइवर भ्रमित हो गया और संतुलन खो बैठा जिससे बस सड़क किनारे खाई में पलट गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मिलकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशगंज भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहां मौजूद लोगों ने महेशगंज थाने को भी मामले की सूचना दी। घायलों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से डिस्चार्ज कर दिया गया। एसओ महेशगंज राधेश्याम ने बताया कि घना कोहरा होने के कारण प्रयागराज से यात्रियों को लेकर आ रही प्राइवेट बस सड़क किनारे पानी भरे गढ्ढे में चली गई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। ड्राइवर व कंडक्टर को मामूली चोटें आई थी जिन्हें इलाज के बाद परिजन घर लेकर चले गए।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के नवाबगंज थाने की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति फेज- 5.0 के तहत थाना इलाके में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं बाजार क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान शासन द्वारा संचालित पुलिस आपातकालीन सेवा, वुमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया गया तथा किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, अपराधों की रोकथाम करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे निर्भय होकर अपने दैनिक जीवन का संचालन कर सकें।

# अटल स्मृति सम्मेलन: राजनीति के भीष्म पितामह को दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**





जिले में शनिवार को अटल पार्क बाबागंज में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 25 दिसंबर 1924 को जन्मे अटल जी चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे। दस बार लोकसभा और दो बार राज्य सभा में चुने गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर अपना जीवन प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी जी राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (राजग) सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर कांग्रेसी प्रधानमन्त्री पद के पांच वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्म पितामह भी कहा जाता है। उन्होंने 24 दलों के गठबन्धन से सरकार बनाई थी जिसमें 81 मन्त्री थे। मुख्य अतिथि डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि अटल जी भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वालों में से एक थे और सन् 1968 से 1973 तक वह उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। अटल जी ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पाँच भूमिगत परमाणु परीक्षण करके भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित कर दिया। इस कदम से उन्होंने भारत को निर्विवाद रूप से विश्व मानचित्र पर एक सुदृढ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। सर्वतोमुखी विकास के लिये किये गये योगदान तथा असाधारण कार्यों के लिये 2015 में अटल जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि अटल जी के समय में भारत भर के चारों कोनों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरुआत की गई। इसके अन्तर्गत दिल्ली, कलकत्ता, चेन्नई व मुम्बई को राजमार्गों से जोड़ा गया। ऐसा माना जाता है कि अटल जी के शासनकाल में भारत में जितनी सड़कों का निर्माण हुआ इतना केवल शेरशाह सूरी के समय में ही हुआ था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवानंद त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी, बृजेश पाण्डेय, विजय मिश्रा किसान मोर्चा, अंशुमान सिंह, रूचि केशरवानी, पिंकी दयाल, राघवेंद्र शुक्ला, देवेश त्रिपाठी, अरुण मौर्या, अभिषेक वैश्य, महावीर पाल, अलोक गर्ग, विद्या सागर समेत सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# निशुल्क नेत्र शिविर के नाम पर वसूली का आरोप, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय पनवाड़ी में लगाए गए तथाकथित निशुल्क नेत्र शिविर को लेकर क्षेत्र में विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीण अंचलों से पहुंचे गरीब बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं ने शिविर संचालकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सद्गुरु ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट धाम के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि शिविर स्थल पर न तो सद्गुरु ट्रस्ट का कोई अधिकृत बैनर या सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही शिविर की स्पष्ट जानकारी दी गई है। उल्टा महाविद्यालय परिसर में जो बैनर लगाया गया है उस पर तारीख 23 दिसंबर अंकित है जबकि मौके पर शिविर 27 दिसंबर को संचालित किया जा रहा था। बैनर और तिथि के इस विरोधाभास ने पूरे आयोजन को संदेह के घेरे में ला दिया है।

शिविर में आए ग्रामीणों ने बताया कि आंखों के चश्मा के लिए गरीब बुजुर्ग महिलाओं को 150 रुपये से लेकर 300 रुपये तक की वसूली की जा रही है। इसके साथ ही दवाइयों के नाम पर भी पैसे लिए जा रहे हैं, लेकिन किसी भी मरीज को न तो रसीद दी जा रही है और न ही यह बताया जा रहा है कि वसूली गई रकम वास्तव में किसी ट्रस्ट में जमा होगी या नहीं। इससे शिविर की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब इस संबंध में शिविर में परीक्षण कर रहे डॉक्टर से बात की गई तो उन्होंने स्वयं स्वीकार किया कि चश्मे के लिए 150 से 300 रुपये तक लिए जा रहे हैं।

वहीं शिविर में मौजूद बुजुर्ग महिलाओं का कहना है कि न तो दवाइयां मुफ्त दी जा रही हैं और न ही चश्मे। उनका यह भी आरोप है कि जिन मरीजों को आगे इलाज या ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा जाता है। वहां भी लेंस के नाम पर भारी रकम वसूली जाती है जो गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए संभव नहीं है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निशुल्क नेत्र शिविर के नाम पर चल रहे द्य इस कथित वसूली के खेल की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में गरीब जनता के साथ इस तरह का शोषण न हो।

## स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

**महोबा।** महिला कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया सखी वन स्टॉप सेंटर से काउंसलर पूर्णिमा और स्टाफ नर्स आशा द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रति जागरूक किया गया व बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है के बारे में बताया गया। विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1098,1090, 181,1076 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम, लैंगिक समानता, दहेज प्रतिषेध रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# युवक ने मंगेतर की अश्लील फोटो किया वायरल, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के संग्रामगढ़ थाना इलाके में एक युवक पर अपनी मंगेतर यानी होने वाली पत्नी की अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगा है। युवक की शर्मनाक हरकतों के बाद पीड़िता ने उसके खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार संग्रामगढ़ थाना इलाके के एक गांव की युवती ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि थाना इलाके के एक युवक के साथ उसकी शादी तय हुई थी। दोनों लगभग छः महीना एक दूसरे से फोन पर बात करते रहे। आरोप है कि युवक ने मोबाइल से युवती की अश्लील फोटो बनाली तथा पैसे की मांग करने लगा और पैसे न देने पर युवक ने उसकी अश्लील फोटो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वायरल कर दिया। जिसे देखने के बाद युवती ने पोस्ट का स्क्रीन शाट लिया और थाने पर युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रतापगढ़ के कोहड़ौर थाना प्रभारी ने जरूरतमन्दों को वितरित किया कम्बल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के कोहंडौर थाना प्रभारी धनंजय राय ने शनिवार शाम को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं के बीच थाना प्रभारी द्वारा थाना इलाके में गरीब असहाय व जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत पहुंचाने के मानवीय कार्य की लोगों ने सराहना की। कंबल वितरण कोहंडौर बाजार के कांधरपुर मोड़, कस्बा, स्टेशन रोड समेत विभिन्न स्थानों पर किया गया। थाना प्रभारी धनंजय राय को क्षेत्र में भ्रमण के दौरान रास्ते में जो भी सर्द मौसम में परेशान व जरूरतमन्द दिखा उन्होंने तुरन्त उसे कम्बल भेंट कर राहत देने का प्रयास किया। इस दौरान थाना प्रभारी धनंजय राय, सिपाही पुष्पेंद्र कुमार, सन्तोष यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। बता दें कि एसओ धनन्जय राय जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद आये दिन करते रहते हैं।

## खेत में बने मकान में किसान की हुई हत्या, घटना की जांच में जुटी पुलिस

**महोबा।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुढ़ा में 75 वर्षीय किसान की अज्ञात कारणों के चलते हत्या होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लाल दिमान पुत्र जोरावर लोधी की पत्नी की मौत पाँच वर्ष पूर्व हो गई थी तभी से वह अपने खेत पर बने मकान में रहता था। उसके दो बेटे हरनारायन और भागवली हैं दोनों मिलकर एक एक महीने अपने पिता को दिन में एक बार खाना देते थे इस महीने बड़े बेटे हरनारायन का नम्बर था। शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे जब वह खाना देने खेत पर बने मकान के पास पहुँचा तो उसने अपने पिता को आवाज दी। कोई जबाब न मिलने पर जब वह घर के अन्दर दाखिल हुआ तो वह वहाँ का मंजर देखकर सहम गया उसने देखा कि उसका पिता जमीन पर नीचे पड़ा हुआ है गले में तौलिया का फंदा बँधा है।

# समलैंगिक शादी के बाद आया नया मोड, दुल्हनिया की तलाश कर रही है पुलिस

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



चरखारी क्षेत्र में समलैंगिक शादी का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है द्य जहां हेमा उर्फ हेमंत की पत्नी बनी पूजा के विरूद्ध थाना चंदला जिला छतरपुर में गुमशुदगी का मामला दर्ज होने पर अब मामला पुलिस जांच में आ गया है। वहीं पूजा की मां ने हेमा की मां पर जानमाल की धमकी दिए जाने का आरोप भी लगाया है। चरखारी और चंदला की लड़कियों के बीच समलैंगिक विवाह के बाद परिवार में गीत संगीत के साथ चल रहे उत्साह के बीच व्यवधान उत्पन्न होता नजर आ रहा है द्य जहां अब समलैंगिक जोड़े को न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही साथ जीवन गुजारने के लिए मोहलत मिलेगी।

बताते चले कि कस्बा चरखारी के मुहल्ला छोटरमना निवासी हेमा पुत्री साहब सिंह ने लबराहा थाना चंदला की पूजा ने आपस में विवाह कर लिया और जब हेमा से हेमंत बनकर शादी करने के बाद जब चरखारी पहुंचे तो हेमा के परिवार में उत्साह दिखाई दिया और मुंह दिखाई के साथ देर रात तक संगीत का कार्यक्रम चलता रहा। जिसमें दोनों ही पक्षों ने आपसी रजामंदी से इस शादी को मान्यता दिए जाने की बात पत्रकारों को बताई लेकिन पड़ताल के दौरान जानकारी मिली है कि पूजा की मां विमला अहिरवार पत्नी नत्थू अहिरवार निवासी ग्राम लबराहा ने बताया कि उसकी पुत्री पूजा चंदला में पढ़ती है और 4 अक्टूबर को स्कूल पढ़ने गयी थी और वापस न आने पर तलाश की गयी लेकिन कहीं भी पता न चलने पर थाना चंदला में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है जिसकी विवचेना एसआई उदयवीर द्वारा की जा रही है। पूजा की मां ने इस समलैंगिक विवाह का विरोध किया है तथा कहा कि वह इस विवाह के विरूद्ध अदालत जाएंगी। उन्होंने बताया कि उनकी 4 बेटी व दो बेटे हैं जिसमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है जबकि तीसरी बेटी हेमा के चुंगल में आ गयी। पूजा की मां ने हेमा की मां फूलवती पर जानमाल की धमकी दिए जाने के आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने बताया कि मीडिया के माध्यम से उन्हें पुत्री के बारे में जानकारी मिली है और वह अदालत के माध्यम से अपनी पुत्री को वापस लाने का प्रयास कर रही हैं। ऐसी स्थिति में जबकि देश में समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं है जिसके कारण दोनों के बीच संबंध कितने दिन व किस तरह रहेंगे इसका फैसला अदालत ही करेगी।

# विराट हिंदू सम्मेलन में समाज के हर वर्ग से संगठित होने की अपील

## भारतीय संस्कृति बचाने के लिए एकजुट हो हिंदू समाज : अवधेश



कार्यक्रम को संबोधित करते डा. अवधेश


कार्यक्रम मे उपस्थित जनसमूह

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हरैया। हिन्दू समाज की बंधुता, परस्पर प्रेम, सहयोग तथा स्वाभिमान हेतु विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हरैया ब्लॉक के लघु माध्यमिक विद्यालय बरगदवा माफी के परिसर में शनिवार को किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रान्त के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अवधेश ने कहा कि भारतीय संस्कृति बचाने के लिए हिंदू समाज को एकजुटता जरूरी है। राष्ट्र को विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने के लिए हम सभी को जाति-पाति का भेद मिटाकर हिंदू संस्कृति पर चलना होगा। कहा कि हिन्दू समाज के संगठित होने से राष्ट्र मजबूत बनेगा और सांस्कृतिक मूल्यों व परंपराओं की रक्षा होगी। हिन्दू समाज की एकता से ही सामाजिक समरसता, विकास और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। धर्मांतरण को एक बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि समूचे समाज को एकजुट होकर इसका सामना करना होगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपनी मातृभाषा, स्वभूषा और परंपराओं पर स्वाभिमान रखने का आग्रह किया। कहा कि हमें मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों पर भी ध्यान देना जरूरी है। मैं और मेरे परिवार की सोच से ऊपर उठकर समाज के लिए ऐसा कार्य अवश्य करे जो समाज के कल्याण के लिए हो। कहा कि हम सनातन के उपासक हैं हम यहां के मूल हैं हमने इस देश को भारत माता माना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मथुरा प्रसाद ने कहा कि वर्मा ने कहा कि वर्तमान में हिंदू समाज को सशक्त एवं सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। हिंदू समाज धीरे-धीरे अल्पसंख्यक होता जा रहा है। इसलिए हिंदू समाज को एक होना होगा। इस अवसर पर राघवेन्द्र, संतोष, प्रमोद, बाबा रामपाल, लालदास, गो सेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, विधायक अजय सिंह, केके सिंह, श्रीश पाण्डेय, अर्जुन सिंह, दिनेश पटेल, गिरजेश सिंह, प्रेम शंकर ओझा, विवेक कान्त पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, पीयूष यादव, अखिलेश सिंह, मनोज मिश्र, रवीश मिश्र, शत्रुघ्न सिंह, राकेश सिंह, विनय कुमार पाठक, हरिशंकर वर्मा, हिमांशु पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, धर्मेंद्र सिंह, सर्वेश ओझा, अरुण पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, राज पाण्डेय, विनय सिंह, शिवा वर्मा, उग्रसेन वर्मा, दीपक सोनी, शंकर लाल गुप्ता, गिरजा शंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## मुक्तिधाम रोड का निर्माण डीएम ने किया निरीक्षण, एस्टीमेट बनाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा।** लखीमपुर खीरी। लगभग 20 सालो से ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात के अंदर से गुजरने वाली रोड की हालत काफी खराब है लोगो का चलना फिरना दुश्वार था जिसको लेकर जन एक्सप्रेस समाचार पत्र लगातार खबरे प्रमुखता से प्रकाशित करता आ रहा है। गौरतलब है शहरवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग जल्द पूरी होती नजर आ रही है। शहर से मुक्तिधाम को जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की दिशा में प्रशासन ने कदम बढ़ा दिए हैं। शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम के साथ स्वयं सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सड़क की वर्तमान स्थिति, अतिक्रमण और तकनीकी जरूरतों का जायजा लिया उन्होंने निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करते हुए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि यह मार्ग व्यापक जनहित से जुड़ा है, जो महेवागंज-मेलामैदान-इमली चौराहा वाले सड़क मार्ग के भारी ट्रैफिक लोड को कम करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा और इसका निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।डीएम ने एसडीएम सदर के नेतृत्व में संबंधित निर्माण इकाइयों को जर्जर हिस्सों की नाप कराकर शीघ्र एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि यह सड़क निघासन और पलिया मार्ग को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है।

## डीएम की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों संग मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा, प्रशासनिक प्रयासों की सराहना

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ईन्यूमरेशन का कार्य 27 दिसंबर 2025 तक सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। ईन्यूमरेशन अवधि समाप्त होने के उपरांत यह समीक्षा बैठक आयोजित की गई, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अवगत कराया जा सके।जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सभी राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए जा चुके हैं तथा प्रत्येक बूथ पर बीएलए और बीएलओ की संयुक्त बैठकें कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त एएसडी (स्व) सूची को निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसमें 83.49 प्रतिशत कलेक्टिबल तथा 16.51 प्रतिशत नॉन कलेक्टिबल प्रपत्र शामिल हैं। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने हेतु प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने भी निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में राजनीतिक दलों के सहयोग की प्रशंसा की। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, कांग्रेस से राकेश सिंह डब्बू, भाजपा से केके विश्वकर्मा एवं यादवेंद्र, बसपा से चंद्रेश भारती, अपना दल (एस) से जय प्रकाश पटेल, डॉ. मनीष कुमार, सीपीआईएम से के. एस. रघुवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह सहित समस्त ईआरओ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक और प्रसूता चढी अवैध क़त्लखाने की भेट

### हॉस्पिटल संचालक ताला डाल कर फरार!

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



गोला के लखीमपुर रोड न्यू बाईपास पर स्थित सारा हॉस्पिटल में आपरेशन के तुरंत बाद प्रसूता रिंकी देवी 23 वर्ष पत्नी शिवम कुमार निवासी नौगवा कोटवारा की हो गई मौत। गोला के काशीराम आवास के पड़ोस लक्ष्मी मैरिज लॉन के सामने स्थित था अवैध हॉस्पिटल। मृतका के पति शिवम का बड़ा आरोप उसने बताया की हम लोग पहले गोला सी एच सी लेकर गये थे जहाँ पर उसकी पत्नी की देखभाल सही नही की गई और उसे गोला से रेफर कर दिया थाजिसके बाद साथ में आशा बिट्टो देवी ने कहा की सारा हॉस्पिटल ले चलो वहा नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी आशा के कहने पर हम यहां लाये थे जहाँ लगभग 28000 रुपये में बात हुई थी जिसके बाद ऑपरेशन किया गया कई घंटे बाद जब बाहर निकाला तो वह बेहोश थी और किसी को भी बात नही करने दी, जबकी प्रसूता की हालात बहुत खराब थी और उसे लखीमपुर ले जाने को कहा आनन फानन में उसको लेकर लखीमपुर पहुँचे जहाँ उसकी मौत हो चुकी थी वापस जब गोला में हॉस्पिटल आकर पहुँचे तब तक हॉस्पिटल जे सारे मरीज कही और शिफ्ट करके हॉस्पिटल का बोर्ड हटाकर ताला डाल कर फरार हो गये। हॉस्पिटल संचालक पंकज व इमरान बताये जा रहें हैं जो ताला डाल कर फरार प्रसूता के परिजन बॉडी के साथ रात भर बैठे रहे हॉस्पिटल गेट पर परिजनों का कहना है की और भी मरीजों के हुए है आपरेशन उनको यहां से हटाकर कही और शिफ्ट किया गया है आनन फानन में शिफ्ट करने का मतलब उनकी जान को भी खतरा रात भर चला लाश की सौदे बाजी का खेल आखिर में लाखो में मामले को सुलटाने की खबर आ रही सामने परिजनों ने तहरीर देने से किया इंकार बड़ा सवाल ये है की सी एच सी से कुछ दूर ही संचालित था ये अवैध हॉस्पिटल फिर भी किसी अधिकारी को कानो कान खबर तक नही हुई रात को ही मौके पर पहुँचे सी एच सी अधीक्षक उसके बाद भी अभी तक हॉस्पिटल पर कोई कार्यवाही ना होना बना चर्चा का विषय स्थानीय लोगों का कहना है की यदि मामले को लाखों में मैनेज कर लिया गया है तो क्या हॉस्पिटल पर कोई कार्यवाही नही होगी।

## आपदा से निपटने का की कला सिखाता है स्काउट-गाइड: चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा'

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



हरैया के डुहवा मिश्र स्थित राम मनोरथ राम मनोहर इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। अपने संबोधन में श्री पाण्डेय ने कहा कि स्काउट-गाइड केवल अनुशासन और सेवा भाव ही नहीं सिखाता, बल्कि सीमित संसाधनों में विषम परिस्थितियों से जूझने का रणकौशल भी विकसित करता है। यह प्रशिक्षण छात्रों के चरित्र निर्माण और सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के साथ ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्र जीवन को मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रीती मौर्या सहित सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व विद्यालय के संस्थापक व प्रबंधक सुरेन्द्र मिश्र ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। समारोह में वरिष्ठ शिक्षक बलराम मौर्य, अंकुश चौहान, वरिष्ठ शिक्षिका बबिता पाण्डेय, गोविंद द्विवेदी, कन्हैया लाल तिवारी, दिलीप पाण्डेय, अम्ब्रीश मिश्र, राजीव पाण्डेय, श्रुति अग्रहरी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## ओंकार नाथ चौधरी बने जिला उपाध्यक्ष, संगठन में खुशी की लहर



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के त्रैमासिक अधिवेशन में सर्वसम्मति से श्री ओंकार नाथ चौधरी के जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर संगठन में उत्साह और उल्लास का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष अम्बिका पाण्डेय ने बस्ती पहुंचकर जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल, नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष ओंकार नाथ चौधरी एवं जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल का माल्यार्पण कर सम्मान किया। अम्बिका पाण्डेय ने संगठन के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए वे सदैव सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि ओंकार नाथ चौधरी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा शिक्षकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि ओंकार नाथ चौधरी के संगठन में आने से शिक्षकों के हितों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद दुबे ने कहा कि ओंकार चौधरी का संगठन के प्रति समर्पण सराहनीय रहा है। उनके निर्वाचित होने से कुदरहा ब्लॉक सहित पूरे जनपद में प्रसन्नता का माहौल है और संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है।

## एक रात में तीन दुकानों मे हजारों की चोरी व्यापारियों में भारी दहशत

**जन एक्सप्रेस। तिकुनिया खीरी**



कस्बे में मुख्य बाजार रोड पर चोरों ने कई तरीके अपनाकर दुकानों में घुसकर हजारों का माल व नगदी पार कर दिया। सुबह दुकान खोलने गए व्यापारियों को दुकान की ताला टूटा, सेध लगी तथा छत काटकर की गई चोरी देखकर लोग चोरी का तरीका देखकर सत्र रह गए। तिकुनिया बाजार में काफी दिनों के बाद कड़ाके की ठंड के बीच चोरों ने दुकानों में चोरी करके हाथ साफ किया है। पीड़ित दुकानदारों ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

चोरी होने से लोगों में दहशत बढ़ गई है।

प्रतिष्ठित व्यापारी केदारनाथ अग्रवाल के बेटे मनोज अग्रवाल ने बताया सुबह करीब आठ बजे जब वह दुकान पर पहुंचा तो देखा दरवाजे का ताला कुंडा टूटा मिला दुकान के अंदर घुसने पर गल्ले में रखे 40000 नगद, पंजाब बैंक की चेक बुक तथा अन्य कागजात गायब हैं। इसी लाइन में साहिल मोबाइल केयर दुकान है इसके मालिक अली हुसैन ने बताया जब सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा दुकान की छत काटकर चोर दुकान के अंदर घुस गए और गल्ले में रखे ?3000 की नगदी बुफर,टॉर्च, गाड़ी की लाइट कुल 10000 की चोरी कर ली। शानू प्रोविजन स्टोर के प्रोपराइटर शानू गुप्ता ने बताया कि जब वह दुकान पर 8=30 बजे गए तो दुकान के अंदर रखे हुए 5000 की नगदी और करीब 1000 का सामान गायब मिला। सभी व्यापारियों ने तहरीर पुलिस को दी गई।

एसआई आलोक राय ने बताया कि यह सभी घटनाएं घने कोहरे में सुबह 5 बजे के बाद हुई है। दुकानों में लगे कैमरे में फुटेज देखा जा रहा है, चेहरा कुहरा के कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है फिलहाल जल्दी ही कामयाबी मिलेगी।

## बिजली के खंभे पर निकले तार से दुर्घटना की आशंका



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल राजापुर के पास रहने वाले लोगों को बिजली खंभे के तार से हादसे की आशंका बनी हुई है। सुधीर वर्मा के मकान से गाँव के अंदर जाने वाले रास्ते पर हर्षवर्धन वर्मा, ऋषिकांत, लल्लन वर्मा, रूबी वर्मा, छोटट्न कुमार निराला के मकान के पास लगे बिजली पोल पर खंभे के तार ऋषिकांत के मकान में चिपके हुए हैं जिस कारण से बरसात में बिजली के तारों से करेंट फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग बिजली के तार की जगह केबल से बिजली आपूर्ति करे तो दुर्घटना से बचा जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि खंभे पर तारों को हटाकर केबल डाल दें जिससे बिजली चोरी भी रुक जाएगी और दुर्घटना भी नहीं होगी।

## मामूली विवाद में युवक पर बांके-ईंटों से जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

पसगवां थाना क्षेत्र के दरियाबाद करम हुसैन गांव में एक युवक पर धारदार हथियार बांके और ईंटों से हमला किया गया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, दरियाबाद निवासी प्रताप पुत्र रामभरोसे मंगलवार को गोमती नदी की ओर जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही जमील पुत्र हग्गू, मुहीद खान पुत्र जमील खान और सहीक खान पुत्र अकील ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने प्रताप की शारीरिक अक्षमता का मजाक उड़ाते हुए उन्हें बहिरा कहकर अपमानजनक टिप्पणी की। जब प्रताप ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने प्रताप पर बांके और ईंटों से वार किए, जिससे उनके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं। प्रताप लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल प्रताप को पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने चेहरे और सिर की गंभीर चोटों को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज और एक्स-रे के लिए जिला चिकित्सालय शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

## भारत सीमा सुरक्षा ने बैठक कर एपीएफ नेपाल को दी नववर्ष की बधाई



**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एवं आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 27 दिसंबर 2025 को 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में सी समवाय बनकटी एवं एपीएफ नेपाल (ब्क्ष्क्ष जुगेडा, कैलाली) के साथ संयुक्त गश्त एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

संयुक्त बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा व्यवस्था, सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी सहयोग, सूचना आदान-प्रदान,अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा सीमा अपराधों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियों ने आपसी तालमेल को और अधिक मजबूत करने तथा भविष्य में भी निरंतर समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।इस अवसर पर एपीएफ नेपाल की ओर से इंस्पेक्टर बिशेष सिंह कार्की, हे0 का0 खुम सुहार, हे0 का0 रेशिम खत्री, हे0 कांस्ट शान्ते राम, कांस्टेबल रमेश चौधरी, कांस्टेबल प्रकाश बी.के. एवं कांस्टेबल बुद्धि चौधरी उपस्थित रहे। वहीं सशस्त्र सीमा बल की ओर से इंस्पेक्टर विनोद खोजा, उप निरीक्षक कुलदीप, सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार एवं आरक्षी शिवा सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

संयुक्त कार्यक्रम के अंत में आगामी नववर्ष के अवसर पर एपीएफ नेपाल को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा मिठाई भेंट कर भारत-नेपाल के परंपरागत मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ किया गया।

## भाई को इलाज में लापरवाही के चलते युवती ने पिया शैंपू युवती अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

शनिवार को जिला अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया जब अस्पताल में एडमिट भाई को उचित इलाज ने मिलने पर युवती ने शैंपू पीकर जान देने की कोशिश की। लड़की ने इसका वीडियो भी बनाया। उसे गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।महेवा उदयपुर निवासी हर्षित पैर की गंभीर समस्या के कारण जिला अस्पताल में भर्ती था।डॉक्टरों ने उसके ऑपरेशन की सलाह दी थी। बहन सौम्या का आरोप है कि डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए उससे 4000 रुपए की मांग की। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण युवती यह राशि नहीं दे पाई। आरोप डॉक्टर ने उसके साथ अभद्रता की। परेशान होकर सौम्या ने शैंपू पी लिया। परिजनों ने मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए कथित दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वीणा ने बताया कि शैंपू पीने के बाद लाई गई बच्ची का इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपों की जांच की जा रही है।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल में आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी में आर्ट-क्राफ्ट,विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्नों ने अपनी कोमल कल्पनाओं के माध्यम से 'बुक रीडिंग का महत्व' विषय को प्रस्तुत किया। प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने 'क्राफ्ट क्रिएशन', 'फार्म टू प्लेट', 'पैरालंपिक्स' एवं 'ऑन द रोड' जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल्स तैयार किए। जूनियर वर्ग के बच्चों ने 'बॉलीवुड रेट्रो', 'वुडन वंडर' तथा 'ईको स्टिक क्रिएशंस' पर आधारित सृजनात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों को प्रभावित किया। सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आधारित रोचक एवं ज्ञानवर्धक चार्ट्स व मॉडल्स प्रस्तुत किए। इनमें ई.सी.जी. ग्राफिकल रिप्रेजेंटेशन, डीएनए मॉडल, स्ट्रक्चर ऑफ आई,रात्रिकालीन सौर ऊर्जा संयंत्र, अल्ट्रासोनिक सेंसर, असेंबल्ड ड्रोन, हाइड्रोपोनिक तकनीक, एनर्जी जेनरेशन, सोलर पावर प्लांट, डिस्टेंस मेजरमेंट प्रोजेक्टर आदि प्रमुख आकर्षण रहे।

## कृषक समाज इंटर कॉलेज का प्रादेशिक हाकी मैच के डाक्टर कौशल किशोर रहे मुख्य अतिथि

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

63 वा कृषक समाज प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के उद्घाटन के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ कौशल कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ रविंद्र नाथ वर्मा, डॉ रमेश वर्मा, सुमितनारायण दीक्षित, कॉलेज के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश, सरोज टूर्नामेंट के संयोजन मंत्री लखपत भारती ने टीम का परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया। शनिवार को खेला गया प्रथम मैच,बी. पी. एस. हॉकी क्लव गोरखपुर व पांडिला हॉकी एकेडमी प्रयागराज के मध्य प्रारंभ हुआ। जिसमें तीसरे मिनट में गोरखपुर के खिलाड़ी आयुष ठाकुर ने पेनाल्टी कॉर्नर से गोल किया। 42वें मिनट में गोरखपुर के खिलाड़ी खेम सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक के द्वारा गोल किया। 47वें मिनट में गोरखपुर के खिलाड़ी आयुष ठाकुर ने फील्ड गोल किया। 56वें मिनट में गोरखपुर के खिलाड़ी अभिनंदन ने फील्ड गोल किया। गोरखपुर टीम 4-0 से विजयी रही।द्वितीय मैच बाबू नीशचन्द्र हॉकी अकादमी हरदोई व मुरादाबाद हॉकी मुरादाबाद के मध्य प्रारंभ हुआ 25वें मिनट में मुरादाबाद के खिलाड़ी के खिलाड़ी सन्नी ने फील्ड गोल किया। 59वें मिनट में मुरादाबाद के खिलाड़ी दानिश ने पेनाल्टी स्ट्रोक के द्वारा गोल किया। मुरादाबाद टीम 2-0 से विजयी रही।तृतीय मैच प्रिंस हॉकी क्लब शाहजहांपुर व महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब बाराबंकी के मध्य प्रारंभ हुआ द्य 6वें मिनट में बाराबंकी के खिलाड़ी मोहम्मद हामिद ने पेनाल्टी कार्नर के द्वारा गोल किया 15 मिनट में बाराबंकी के खिलाड़ी आमिर ने फील्ड गोल किया 23 मिनट में बाराबंकी के खिलाड़ी मोहम्मद हामिद ने पेनल्टी का कॉर्नर के द्वारा गोल किया 25 वें मिनट में शाहजहांपुर के खिलाड़ी विवेक ने फील्ड गोल किया 32वें मिनट में शाहजहांपुर के खिलाड़ी राजन ने स्टॉक के द्वारा गोल किया 53मिनट में बाराबंकी के खिलाड़ी मोहम्मद हामिद ने फील्ड गोल किया बाराबंकी 4-2 से विजय रही।

## उप कृषि निदेशक ने प्रदर्शनों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

आत्मा योजना के अंतर्गत ग्राम बांछेपारा में श्री चिरौंजी लाल पुत्र श्री राम कुमार के खेत पर करवाए गए गेहूं के खंड प्रदर्शन का निरीक्षण किया गया। कृषक को राजकीय कृषि बीज भंडार बेहजम से निशुल्क 40 किग्रा बीज (पीबीडब्ल्यू 552 आधारीय) उपलब्ध कराया गया है। कृषक ने गन्ने की फसल की कटाई के बाद खेत को तैयार कर 3 दिसंबर को गेहूं बोया है। गेहूं की बुवाई सीड ड्रिल द्वारा लाइन सोइंग की गई है। मौके पर फसल का निरीक्षण करते हुए कृषक को जानकारी दी गई की गेहूं की फसल में पहला पानी 21 से 25 दिन पर अवश्य लगाया जाए। बांछेपारा में ही कृषक श्री सूरज नारायण त्रिवेदी पुत्र श्री बांकेलाल द्वारा केला के साथ आलू, बंदगोभी व टमाटर की सहफसली खेती की जा रही है। ग्राम बहादुरपुर में माखन मौर्या द्वारा टमाटर की खेती ग्रिड (जाल) बनाकर की जा रही है। माखन मौर्या द्वारा बताया गया कि एक पेड़ से 5 से 6 किलोग्राम टमाटर की उपज प्राप्त हो जाती है और एक बीघे से टमाटर, परवल तथा करेला की खेती से एक साल में लगभग 1 लाख की बचत हो जाती है। नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन के अंतर्गत अतीक अहमद पुत्र रफीक अहमद ग्राम पहाड़ा के खेत/खसरा संख्या 150

# बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की हत्या पर जान्हवी कपूर का फूटा गुस्सा, बोलीं- ये नरसंहार है



पिछले दिनों बांग्लादेश में दिल दहला देने वाली घटना हुई, जिसमें हिंदू शख्स दीपू चंद्र दास को जलाकर मार दिया गया. सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल होने लगा, जिस पर लोगों के अलग-अलग रिएक्शन सामने आए. फिल्मी सितारों ने भी इस घटना पर अपनी राय साझा करते हुए नाराजगी जताई और अब जान्हवी कपूर ने भी अपना गुस्सा जाहिर किया है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्होंने इस घटना को नरसंहार बताया है.18 दिसंबर, 2025 को हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया था. इस पर कई बॉलीवुड सितारों ने गुस्सा जाहिर किया था, जिसमें अब जान्हवी कपूर का भी नाम जुड़ गया है. उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा है, बांग्लादेश में जो हो रहा है, वो बर्बरता है. ये नरसंहार है और यह कोई अकेली घटना नहीं है, अगर आपको इस अमानवीय सार्वजनिक लिंचिंग के बारे में नहीं पता, तो इसके बारे में पढ़ें, वीडियो देखें, सवाल पूछें.



**एक्ट्रेस ने दिखाया गुस्सा**

आगे जान्हवी कपूर ने लिखा कि अगर इन सबके बावजूद आपको गुस्सा नहीं आता, तो यही पाखंड हमें तबाह कर देगा, इससे पहले कि हमें पता चले. हम दुनिया के दूसरे कोने में होने वाली चीजों पर रोते रहेंगे, जबकि हमारे अपने भाई-बहन जलाकर मार दिए जाएंगे. सांप्रदायिक भेदभाव और उग्रवाद, चाहे किसी भी रूप में हो, चाहे हम पीड़ित हों या अपराधी, इसे सामने लाना और इसकी निंदा करना जरूरी है, इससे पहले कि हम अपनी इंसानियत भूल जाएं. हम ऐसे मोहरे हैं जो मानते हैं कि हम एक अनदेखी लाइन के दोनों ओर रहते हैं, इस बात को समझें.

**रवीना ने भी किया था पोस्ट**

स्टोरी में एक्ट्रेस ने लिखा कि पहले खुद सच जानें और समझें, तभी आप उन बेगुनाह लोगों के लिए बोल पाएंगे जो सांप्रदायिक हिंसा में रोज अपनी जान और शांति खो रहे हैं. जान्हवी कपूर से पहले रवीना टंडन ने भी इस मामले पर अपनी बात सामने रखी थी. एक्ट्रेस ने बांग्लादेश के मामले पर टिप्पणी देते हुए कहा था कि किसी भी हाल में हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा सकता. एक्ट्रेस की पोस्ट को लोगों ने काफी शेयर भी किया था.

## आलिया भट्ट से भी ज्यादा है श्रद्धा कपूर की फीस, इस दिग्गज एक्टर ने किया खुलासा




श्रद्धा कपूर और आलिया भट्ट दोनों ही हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेसेस हैं. ये एक्ट्रेसेस फिल्मी घराने से संबंध रखती हैं. श्रद्धा कपूर जहां मशहूर एक्टर शक्ति कपूर की बेटी हैं, तो वहीं आलिया भट्ट दिग्गज डायरेक्टर महेश भट्ट की लाडली हैं. श्रद्धा कपूर ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत साल 2010 में की थी, जबकि आलिया भट्ट का डेब्यू हुआ था साल 2012 में. अब दोनों ही बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस हैं.अक्सर ही देखा जाता है कि आलिया भट्ट को अपनी सीनियर श्रद्धा कपूर से ज्यादा तवज्जो दी जाती है. आलिया फैन फॉलोइंग और सफलता के मामले में श्रद्धा से एक कदम आगे नजर आती हैं. हालांकि फीस की बात आती है तो इस रेस में आलिया, श्रद्धा से पिछड़ जाती हैं. क्योंकि श्रद्धा, आलिया से भी ज्यादा फीस वसूलती हैं. ये हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि ये दावा तो श्रद्धा कपूर के पिता शक्ति कपूर ने किया है.

**आलिया से ज्यादा है श्रद्धा की फीस**

शक्ति कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी बेटी श्रद्धा कपूर को लेकर बातचीत की और उनकी फीस को लेकर भी बड़ा खुलासा किया. बातचीत में उन्होंने अनन्या पांडे का जिक्र भी किया. दरअसल श्रद्धा को आलिया-अनन्या पांडे से कंपेयर करने को लेकर सवाल किया गया था.

शक्ति कपूर से पूछा गया था कि क्या श्रद्धा वाकई में कम फिल्में करती हैं या उन्हें ऑफर्स कम मिलते हैं? इसका शक्ति कपूर ने दिलचस्प जवाब दिया. अभिनेता ने कहा, मैं सच कहूं तो वो फिल्में ही कम करती है, जो सबसे अच्छी होती हैं, वही फिल्म वो करती है, पर पैसा ज्यादा लेती है. इन सबसे ज्यादा पैसा लेती है. वो साल में सिर्फ एक या दो ही फिल्में करती है. उन्होंने आगे अनन्या और आलिया का नाम लेते हुए कहा, वो इन एक्ट्रेसेस भी ज्यादा फीस लेती है.

**शक्ति को है बेटी श्रद्धा पर गर्व**

आगे शक्ति से पूछा गया कि श्रद्धा को उतना काम नहीं मिल रहा है? तो इस पर वो शक्ति ने कहा, क्या सच में उसे काम नहीं मिल रहा है? आपको एक बात बताऊं श्रद्धा बहुत जिद्दी है और वही करती है जो उसका दिल कहता है. वो कुछ नियमों को तय करती है और उन्हें ही फॉलो करती है. हमारा एक अच्छा बॉन्ड है, हम कभी लड़ते हैं तो कभी हम हॉलीडे प्लान करते हैं, कभी हम फिल्म को लेकर बातचीत करते हैं.

## अवतार-धुरंधर के कोहराम के बीच कार्तिक की 'तू मेरी मैं तेरा' की एंट्री, कैसा रहा ओपनिंग डे का हाल?




बॉलीवुड के रोमांटिक एक्टर्स में से एक कार्तिक आर्यन की नई फिल्म क्रिसमस के मौके पर रिलीज कर दी गई है. इस फिल्म का कलेक्शन शानदार जा रहा है. फिल्म ने रिलीज के ओपनिंग डे पर ठीक-ठाक कमाई कर ली है. वीकेंड पर भी फिल्म को अपना ये रिदम मेंटेन करना होगा. तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के नाम से आई इस फिल्म की कमाई के आंकड़े आ गए हैं. इस फिल्म में एक बार फिर से कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी नजर आएगी. फिल्म से फैंस को काफी उम्मीदें हैं. साल के जाते-जाते एक टाइपिकल बॉलीवुड रोमांटिक फिल्म फैंस के लिए आई है. ऐसी फिल्मों को फैंस ने हमेशा से प्यार दिया है.

तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी फिल्म की बात करें तो इसके कलेक्शन के बीच में कई ऐसी फिल्में हैं जो बाधा बनी हुई हैं. इसमें सबसे पहले रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर है. इस फिल्म को आए अभी 3 हफ्ते हो चुके हैं और इन तीन हफ्तों में इस फिल्म का कलेक्शन आसमान छू रहा है. फिल्म तेजी से 1000 करोड़ की कमाई की ओर बढ़ रही है. वहीं दुनियाभर में अरबों की कमाई करने वाली अवतार 3 फिल्म भी कार्तिक की मूवी की राह में रोड़ा बनी हुई है.

**भारत में कार्तिक आर्यन की फिल्म ने कितने रुपए कमाए?**

कार्तिक आर्यन की फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी ने सिनेमाघरों में क्रिसमस के फेस्टिव मौके पर दस्तक दी है. फिल्म को इसका बहुत ज्यादा फायदा तो नहीं मिला लेकिन फायदा जरूर मिला है. फिल्म की कमाई सैकनिल्क की रिपोर्ट्स के मुताबिक ओपनिंग डे पर 7.25 करोड़ रुपए की रही है. वहीं फिल्म के ओवरसीज कलेक्शन के आंकड़े अभी नहीं आए हैं. इस फिल्म की खास बात ये है कि कई सारी फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर मौजूद होने के बाद ये फिल्म आई है और ऑडियंस के बीच अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही है.

**किन फिल्मों से है तू मेरी मैं तेरा का सामना?**

इस फिल्म का मुकाबला रणवीर सिंह की धुरंधर फिल्म से हो रहा है. इस फिल्म को आए 21 दिन हुए हैं और इन 21 दिनों में फिल्म ने 1000 करोड़ के करीब कमा लिए हैं. वहीं दूसरी तरफ हॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर जेम्स कैमरून की फिल्म अवतार 3 भी इस दौरान ही रिलीज हुई है और जोरदार कमाई कर रही है. फिल्म ने भारत में 7 दिनों में 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है.

# तान्या मित्तल की मिमिक्री कर फंसी जॉनी लीवर की बेटी जेमी! सोशल मीडिया से लेना पड़ा ब्रेक



कॉमेडियन जेमी लीवर हमेशा ही हर किसी को हंसाने का काम करती हैं. वो अपने सोशल मीडिया पर कई रील्स अपलोड करती रहती हैं, जिसे देखकर सभी फैंस हमेशा खुश हो जाते हैं. जेमी स्टार्स की मिमिक्री करने में भी काफी माहिर है. लेकिन इसकी वजह से उन्हें इस बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. दरअसल कुछ दिनों पहले उन्होंने 'बिग बॉस 19' फेम तानिया मित्तल की मिमिक्री की थी, जिस पर




लोगों ने नाराजगी जताई.कुछ यूजर्स को लगा कि इस वीडियो में जेमी 'बिग बॉस 19' कंटेस्टेंट की बॉडी शेमिंग कर रही हैं. इसके बाद जेमी लीवर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा की वो कुछ समय के लिए ब्रेक ले रही हैं. उनका ये पोस्ट फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है. उन्होंने पोस्ट में लिखा ही वो रेस्ट और रीसेट करना चाहती हैं.

**पोस्ट में लिखी ये बात**

जेमी लीवर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि, जो लोग मुझे जानते हैं उन्हें पता है कि मैं अपना काम कितने प्यार और सच्चाई के साथ करती हूं. मैं शुक्रगुजार हूं भगवान कि उन्होंने मुझे ऐसा गिफ्ट दिया, जिससे में दूसरों को खुश कर पाती हूं. सालों से मिले प्यार के लिए भी मैं हमेशा आभारी हूं.

लेकिन मैंने इस सफर में सीखा है कि हर कोई आपके लिए खुश नहीं होगा या आपके साथ नहीं हंसेगा. हाल ही में जो हुआ उसके बाद लग रहा है कि मैंने खुद का एक छोटा सा पार्ट खो दिया है. यह रिफ्लेक्शन से आ रहा है न कि गुस्से से.

उन्होंने आगे लिखा, मैं जो करती हूं उससे प्यार करती हूं और हमेशा एंटरटेन करती रहूंगी. फिलहाल, मैं आराम करने और रीसेट होने के लिए कुछ समय ले रही हूं. अगले साल आपसे मुलाकात होगी. हमेशा प्यार, प्रार्थना और समर्थन के लिए धन्यवाद. इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन पर फैंस उनके काम की सराहना कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा हम आपसे प्यार करते हैं चाहे कुछ भी हो. वहीं दूसरे ने लिखा नफरत करने वालों को छोड़ेंज अच्छी चीजें रखें और आगे बढ़ें. यही तो जीवन है.

**तान्या मित्तल की मिमिक्री**

जेमी ने हाल ही में 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल की नकल करते हुए एक रील बनाई थी, जिसमें जेमी तान्या के एक्सप्रेशन की नकल कर रही थीं, जहां वह रोती हुई भी नजर आईं . जेमी ने कहा कि वह शो में नंबर 1 एंटरटेनर को मिस करेंगी. इस वीडियो पर कई यूजर ने कहा कि वह मिमिक्री में बहुत आगे बढ़ गई हैं, जहां वह तान्या और उनके लुक का मजाक उड़ा रही हैं.

# देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ अभियान' का एलान

## 5 जनवरी से सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस, खरगे-राहुल ने सरकार को घेरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ने का एलान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की कि पार्टी 5 जनवरी से पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू करेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस अभियान को समर्थन देते हुए इसे गरीबों, मजदूरों और राज्यों के अधिकारों की लड़ाई बताया।

### सीडब्ल्यूसी बैठक के बाद बड़ा फैसला

कांग्रेस कार्य समिति की अहम बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बैठक में मनरेगा को बचाने का सर्वसम्मत संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और जनता के बीच जाकर लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के फैसलों का विरोध करेगी। खरगे ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि संविधान के तहत दिया गया 'काम का अधिकार' है। इसे कमजोर करना या समाप्त करना गरीबों और श्रमिकों के मौलिक अधिकारों पर सीधा हमला है।



### 'मनरेगा खत्म करना गांधी का अपमान '

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा यूपीए सरकार का एक दूरदर्शी कानून था, जिसकी सराहना न सिर्फ देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हुई। इसी वजह से इस योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया। खरगे ने आरोप लगाया कि मनरेगा को खत्म या कमजोर करने का फैसला महात्मा गांधी के विचारों और मूल्यों का अपमान है। उन्होंने कहा कि बिना किसी अध्ययन, मूल्यांकन और राज्यों से परामर्श के ऐसा फैसला लेना तानाशाही सोच को दर्शाता है, जैसा पहले तीन कृषि कानूनों और नोटबंदी के दौरान देखा गया था।

### तीन कृषि कानूनों का दिया उदाहरण

खरगे ने कहा कि जिस तरह किसानों के कड़े विरोध के बाद केंद्र सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, उसी तरह मनरेगा के मामले में भी जनता की आवाज बुलंद होगी। उन्होंने कहा कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि मनरेगा को लेकर ठोस रणनीति बनाएं और देशव्यापी जन आंदोलन खड़ा करें।

### लोकतंत्र और संविधान पर खतरे का आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सीडब्ल्यूसी की यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब देश में लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने की एक 'सुनियोजित साजिश ' है। खरगे ने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत के कारण दलितों, आदिवासियों, अत्यंत पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।

### राहुल गांधी का हमला: संघीय ढांचे पर चोट

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार आधारित व्यवस्था और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों के साथ-साथ राज्यों के अधिकारों को भी कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास का मजबूत ढांचा था।

### 'नोटबंदी जैसी एकतरफा सोच '

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से कमजोर किया। उन्होंने इसकी तुलना नोटबंदी से करते हुए कहा कि इतने बड़े फैसले सोच-समझकर और व्यापक चर्चा के बाद लिए जाने चाहिए थे। उन्होंने भरोसा जताया कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट होकर सरकार के खिलाफ खड़ा होगा और कांग्रेस इस लड़ाई को सड़क से संसद तक ले जाएगी।

### सांप्रदायिक सौहार्द और अंतरराष्ट्रीय चिंता

खरगे ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए कहा कि पूरा देश इस स्थिति को लेकर चिंतित है। इसके साथ ही उन्होंने क्रिसमस डे पर कथित तौर पर भाजपा-आरएसएस से जुड़े संगठनों द्वारा किए गए हमलों पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंच रहा है।

### केंद्रीय मंत्री मांझी का पलटवार

कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पलटवार करते हुए कहा कि मनरेगा के ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि **100 दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है**, जो एक सकारात्मक कदम है। मांझी ने कहा कि मनरेगा पहले से अधिक प्रभावी तरीके से लागू की जा रही है।

### निष्कर्ष

मनरेगा को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। जहां कांग्रेस इसे गरीबों और संविधान पर हमला बता रही है, वहीं सरकार किसी भी तरह के बदलाव से इनकार कर रही है। आने वाले दिनों में 'मनरेगा बचाओ अभियान' देश की राजनीति में बड़ा मुद्दा बनता नजर आ रहा है।

# 'असम में 40 फीसदी बांग्लादेशी मुस्लिम'

## हिमंत बिस्वा सरमा बोले, 2027 की जनगणना से पता चल जाएगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि राज्य की कुल जनसंख्या में से 40 फीसदी बांग्लादेशी मुस्लिम हैं। उन्होंने कहा कि साल 2027 में होने वाली जनगणना से ये स्पष्ट भी हो जाएगा। गुवाहाटी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य की जनसांख्यिकी को लेकर चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा, '2027 की जनगणना से पता चल जाएगा कि असम में रहने वाली कुल आबादी में से 40 फीसदी जनसंख्या बांग्लादेशी मुसलमानों की है।' सीएम सरमा ने कहा, '2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में 34 प्रतिशत मुस्लिम आबादी थी, अगर हम कहें कि 3 फीसदी असमी मुस्लिम थे, तो बांग्लादेशी मूल के मुस्लिमों की जनसंख्या करीब 34 प्रतिशत थी। 2021 में कोई जनगणना नहीं हुई। 2027 में जब जनगणना होगी तो बांग्लादेशी मूल के मुस्लिमों की जनसंख्या 40 प्रतिशत के करीब होगी।'

### सीएम सरमा ने हालात को बताया चिंताजनक

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने हाल ही में एक मीडिया कार्यक्रम के दौरान भी यही बात कही थी और कहा कि असम एक बारूद के ढेर पर बैठा है, जहां बांग्लादेशी मूल के लोगों की आबादी 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सरमा ने कहा कि चिंताजनक बात ये है कि इन लोगों को भारत में अब वैधता मिल चुकी है। राज्य की मूल पहचान खतरे में है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ असम बल्कि पूरे देश की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

### अवैध अप्रवासियों के खिलाफ सरमा सरकार सख्त

असम के मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब उनकी सरकार ने राज्य में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ बिना किसी समझौते के सीधी कार्रवाई करने की नीति अपनाई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी डिप्टी कमिश्नर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वे अवैध अप्रवासियों और ट्रिब्यूनल द्वारा विदेशी घोषित किए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें और उन्हें निष्कासित करें।

# अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का सिद्धारमैया ने किया बचाव बोले

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई जरूरी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के फकीर कॉलोनी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान का बचाव करते हुए कहा है कि यह कार्रवाई सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए जरूरी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य किसी खास समुदाय को निशाना बनाना नहीं, बल्कि कानून के तहत सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना है। मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की टिप्पणी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने बेंगलुरु में कथित बुलडोजर कार्रवाई की आलोचना की थी।

### क्या है पूरा मामला?

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि जिस जमीन पर अतिक्रमण हटाया गया, वह करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल की सरकारी भूमि थी। यह जमीन ठोस कचरा प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) के लिए आरक्षित थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से इस जमीन पर अवैध रूप से लोग रह रहे थे, जबकि वहां किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था या कानूनी अनुमति नहीं थी। प्रशासन ने पहले अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने को कहा, लेकिन जब निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो उन्हें बेदखल करना पड़ा।

### 'कानून के अनुसार की गई कार्रवाई '

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह पूरी कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। उन्होंने कहा, 'सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को अनदेखा नहीं किया जा सकता। पहले नोटिस दिए गए, लोगों को समय दिया गया और उसके बाद ही कार्रवाई की गई। सिद्धारमैया ने यह भी कहा कि इस जमीन पर सुरक्षा का अभाव था, जिससे भविष्य में कई तरह की समस्याएं खड़ी हो सकती थीं। ऐसे में प्रशासन के पास अतिक्रमण हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

### मानवीय दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश

हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार इस पूरे मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाएगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के मुख्य आयुक्त और शहरी विकास विभाग के सचिव से बात की है। सिद्धारमैया ने कहा कि बेदखल किए गए लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। 'इनमें से अधिकतर लोग प्रवासी हैं, जो रोजगार की तलाश में अन्य जगहों से यहां आए हैं। मानवीय आधार पर हमें उन्हें रहने के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराना होगा,' मुख्यमंत्री ने कहा।

### पिनरई विजयन की टिप्पणी से बढ़ा विवाद

इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक विवाद तब बढ़ गया, जब केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने शुक्रवार को बेंगलुरु में हुई इस कार्रवाई की आलोचना की। विजयन ने कहा था कि कर्नाटक की राजधानी में अल्पसंख्यक आवासीय इलाकों में इमारतों को ध्वस्त किया जाना आश्चर्यजनक और दुखद है। उन्होंने इसे चिंता का विषय बताया और संकेत दिया कि ऐसी कार्रवाइयों से सामाजिक सौहार्द पर असर पड़ सकता है।


# मतदाता सूची में विशेष संशोधन के बाद असम में 10.56 लाख नाम कटे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव से पहले असम में मतदाता सूची को दुरुस्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। चुनाव आयोग ने विशेष पुनरीक्षण (स्पेशल रिवीजन) के बाद राज्य की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। इस प्रक्रिया में 10 लाख 56 हजार 291 नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि इसका मकसद त्रुटिरहित और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि आने वाले चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए जा सकें। चुनाव आयोग की ओर से जारी एकीकृत ड्राफ्ट सूची के अनुसार, असम में अब कुल 2 करोड़ 51 लाख 9 हजार 754 पंजीकृत मतदाता हैं। इस आंकड़े में 93 हजार 21 डी-वोटर शामिल नहीं हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन नामों को हटाया गया है, वे मृत्यु, स्थानांतरण या डुप्लीकेट प्रविष्टियों के कारण सूची में बने हुए थे। इन्हें हटाकर मतदाता सूची को साफ किया गया है।

### क्यों हटाए गए 10.56 लाख नाम?

विशेष पुनरीक्षण के दौरान कुल 10,56,291 नाम हटाए गए। इनमें से 4,78,992 नाम ऐसे थे, जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी थी। वहीं, 5,23,680 मतदाता अपने पंजीकृत पते से दूसरी जगह स्थानांतरित पाए गए। इसके अलावा 53,619 ऐसे नाम सामने आए, जिनमें जनसांख्यिकीय समानता पाई गई और उन्हें सुधार के लिए चिन्हित किया गया। आयोग के मुताबिक, यह पूरी प्रक्रिया घर-घर जाकर सत्यापन के जरिए की गई।



### डी-वोटर कौन होते हैं?

असम में डी-वोटर एक विशेष श्रेणी के मतदाता होते हैं, जिन्हें नागरिकता से जुड़े दस्तावेजों में कथित कमी के आधार पर वोट देने के अधिकार से वंचित किया गया है। ऐसे मतदाताओं की पहचान विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत गठित विशेष न्यायाधिकरण करते हैं। डी-वोटर को मतदाता पहचान पत्र जारी नहीं किया जाता। हालांकि, ड्राफ्ट सूची में डी-वोटर से जुड़ी सभी जानकारियां नाम, उम्र और फोटो पहले की तरह ही दर्ज रखी गई हैं।

### बड़ी प्रशासनिक कवायद

यह विशेष पुनरीक्षण अभियान 22 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच चलाया गया। इस दौरान पूरे असम में 61 लाख 3 हजार 103 घरों का सत्यापन किया गया। प्रक्रिया में 35 जिला निर्वाचन अधिकारी, 126 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, 1,260 सहायक अधिकारी, 29,656 बूथ लेवल अधिकारी और 2,578 पर्यवेक्षक शामिल रहे। इसके अलावा राजनीतिक दलों ने भी 61,533 बूथ लेवल एजेंट तैनात किए, ताकि पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा सके।

### आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तारीख

ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद मतदाताओं को दावा और आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया गया है। मतदाता 22 जनवरी तक अपने नाम, उम्र या पते से जुड़ी गलतियों को सुधारने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची 10 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। पुनर्गठन के बाद राज्य में अब कुल 31,486 मतदान केंद्र तय किए गए हैं।

### असम के लिए अलग से विशेष पुनरीक्षण क्यों?

हालांकि देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है, लेकिन असम के लिए अलग से विशेष पुनरीक्षण का आदेश दिया गया था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि असम में नागरिकता से जुड़े प्रावधान अलग हैं और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नागरिकता जांच की प्रक्रिया लगभग पूरी होने वाली है। अधिकारियों के मुताबिक, यह विशेष पुनरीक्षण वार्षिक संक्षिप्त संशोधन और विशेष गहन पुनरीक्षण के बीच की एक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है।

# समान अवसर मिलने पर महिलाएं पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं: राजनाथ सिंह

- वलसाड में महिला उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन, आत्मनिर्भरता और महिला नेतृत्व पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वलसाड



गुजरात। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि उन्हें समान अवसर दिए जाएं, तो वे पुरुषों के बराबर ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में उनसे बेहतर प्रदर्शन भी कर सकती हैं। उन्होंने यह बात गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में श्रीमद राजचंद्र सर्वमंगल महिला उत्कृष्टता केंद्र के उद्घाटन अवसर पर कही। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के कौशल विकास, आजीविका सृजन और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### ग्रामीण महिलाएं करेंगी संचालन

रक्षा मंत्री ने बताया कि यह उत्कृष्टता केंद्र लगभग 11 एकड़ भूमि में विकसित किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका संचालन पूरी तरह ग्रामीण महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इससे न केवल महिलाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें आध्यात्मिक चिंतन और आत्मविकास का अवसर भी प्रदान करेगा।

### पीएम मोदी ने 2022 में किया था शिलान्यास

राजनाथ सिंह ने जानकारी दी कि इस महिला उत्कृष्टता केंद्र का शिलान्यास वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल माध्यम से किया था। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि जब इस केंद्र में बने उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचेंगे, तो यह भारत की महिलाओं की प्रतिभा और सामर्थ्य को दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा।

### महिला उद्यमिता के प्रेरणादायक उदाहरण गिनाए

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने महिला उद्यमिता के कुछ प्रेरणादायक उदाहरणों का उल्लेख भी किया।

### श्रीमद राजचंद्रजी की विरासत सदियों तक रहेगी प्रासंगिक

राजनाथ सिंह ने जैन संत श्रीमद राजचंद्रजी के जीवन और विचारों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद राजचंद्रजी ने मात्र 34 वर्ष की आयु में देह त्याग दी थी, लेकिन इतने अल्प जीवन में भी उन्होंने ऐसी आध्यात्मिक और सामाजिक विरासत छोड़ी, जो आने वाली सदियों तक मानवता का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ श्रीमद राजचंद्रजी की शिक्षाओं की प्रासंगिकता कम नहीं हुई, बल्कि और अधिक बढ़ी है।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम

अंत में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह उत्कृष्टता केंद्र महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और आत्मिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल देशभर में महिला उद्यमिता को नई दिशा देगी और भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करेगी।

# संबलपुर हत्या के बाद बंगाली भाषियों का उत्पीड़न, जीरो एफआईआर दर्ज: ममता बनर्जी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। संबलपुर

ओडिशा के संबलपुर जिले में पश्चिम बंगाल के एक 30 वर्षीय प्रवासी मजदूर की कथित हत्या के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि मामले में 'जीरो स्न्रढ्ढक्र' दर्ज की जा चुकी है और जांच के लिए राज्य पुलिस की एक टीम ओडिशा भेजी गई है।

### ममता ने भाजपा सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप

मुख्यमंत्री ने बीजेपी-शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ जबरन उत्पीड़न और हिंसा की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के जांगीपुर क्षेत्र (मुर्शिदाबाद) से गए प्रवासी मजदूरों को संबलपुर में गंभीर अत्याचारों का सामना करना पड़ा है। ममता बनर्जी के मुताबिक, बुधवार 24 दिसंबर को बीड़ी को लेकर हुए कथित विवाद के बाद युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने सूती थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जांच के लिए राज्य पुलिस की एक टीम ओडिशा भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मैं बीजेपी-शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ हो रहे अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा करती हूं। हम उन प्रवासी बंगाली परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं जिन्हें डराया-धमकाया गया और पीड़ित किया गया।



### प्रवासी मजदूर भय के माहौल में वापस लौट रहे हैं

उन्होंने दावा किया कि मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद से गए प्रवासी मजदूर भय के माहौल में वापस लौट रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि बंगाली भाषा बोलना कभी अपराध नहीं हो सकता।

# तमिलनाडु में द्रविड़ मॉडल की गूंज, स्टालिन बोले, हमें वोट न देने वाले भी कर रहे काम की तारीफ

- तमिलनाडु में सरकार हर जिले और हर परिवार के विकास के लिए काम कर रही है: स्टालिन
- 'नान मुदलवन' जैसी कौशल विकास योजना और मुख्यमंत्री नाश्ता योजना को सोशल मीडिया पर भी सराहा जा रहा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार के कामकाज और जनकल्याणकारी योजनाओं ने राज्य में मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने दावा किया कि डीएमके को वोट न देने वाले लोग भी द्रविड़ मॉडल शासन की सराहना कर रहे हैं। तिरुवन्नामलाई जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य की विपक्षी पार्टियों पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में उनकी सरकार हर जिले और हर परिवार के विकास के लिए काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में राज्य ने कई चुनौतियों को पार करते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार के कामकाज की आलोचना उसके अपने समर्थक भी कर रहे हैं, जबकि तमिलनाडु सरकार को व्यापक समर्थन और सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्हें धोखेबाज और गुलाम बताया। उनका इशारा मुख्य विपक्षी एआईएडीएमके और उसकी सहयोगी भाजपा की ओर माना जा रहा है। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु की प्रगति से कई लोगों को पेट में दर्द हो रहा है और नफरत फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है।



### राज्य के अधिकार और राज्यपाल का मुद्दा

स्टालिन ने आरोप लगाया कि जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों का कर पर अधिकार कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के बकाया फंड जारी नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राज्यपाल को केंद्र ने चुनी हुई सरकार को परेशान करने के लिए नियुक्त किया है। इन सभी बाधाओं के बावजूद राज्य ने आर्थिक और सामाजिक विकास में बेहतर प्रदर्शन किया है।

### कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा

स्टालिन ने कहा कि 'नान मुदलवन' जैसी कौशल विकास योजना और मुख्यमंत्री नाश्ता योजना को सोशल मीडिया पर भी सराहा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं ने छात्रों और युवाओं की जिंदगी बदली है और ऐसी योजनाएं भाजपा शासित राज्यों में नहीं दिखतीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर भारत के कई यूट्यूबर तमिलनाडु के विकास और योजनाओं की तारीफ करते हुए वीडियो बना रहे हैं।

### द्रविड़ मॉडल 2.0 पर बोले

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने गांवों में गरीबी कम की और लोगों की आमदनी बढ़ाई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इस योजना को कमजोर किया और 100 दिन के रोजगार के अधिकार को खत्म कर दिया। ई. पलानीस्वामी पर निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा कि किसान परिवार से होने का दावा करने वाले विपक्षी नेता भी इस मुद्दे पर चुप हैं। अंत में उन्होंने भरोसा जताया कि 2026 विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मॉडल 2.0 की सरकार फिर बनेगी।